रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 2 मार्च 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 191 मूल्य 3.00 ₹

# HEIGHT

# ऊंचाईयों पर ले जाने वाला बजट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' के मूल मंत्र में समाहित भावनाओं को आगे बढ़ाते हुये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन के समक्ष अपनी सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत किया। बजट में अंग्रेजी के HEIGHT शब्द के हर अक्षर से विकास की अवधारणा विभिन्न आयामों को परिभाषित किया गया है।




H-Holistic Development(समग्र विकास ), E-Education (शिक्षा-सब के लिए समान अवसर, ) I-Infrastructure (अधोसंरचना-विकास के पोषक), G-Governance (प्रशासन-संवेदनशील एवं प्रभावी), H-Health (स्वास्थ्य- स्वस्थ तन सबसे बड़ा धन), T-Transformation (बदलाव-शासन जनता के लिए) को केन्द्रीत करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने बजट प्रस्तुत किया।

■ बजट भाषण पढ़ते मुख्यमंत्री ने कहा देश-दुनिया समेत छत्तीसगढ़ की सरकार के लिये भी पिछला वर्ष बहुत ही चुनौतीपूर्ण रहा है। कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लागू लॉकडाउन के कारण राज्य में आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित रहीं, जिसके कारण राजस्व प्राप्तियों में कमी आयी। महामारी काल में आजीविका के साधनों की कमी के कारण आम जनता को राहत पहुंचाने हेतु कल्याणकारी योजनाओं में अधिक संसाधनों की आवश्यकता पड़ी।

■ मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार ने इस दो-तरफा दबाव का दृढ़ता से सामना करते हुए जनता के हित में लगातार कार्य किया और मुझे यह कहते हुये संतोष है कि शासन-प्रशासन की सजगता एवं जनता के प्रयासों से राज्य पर इस आपदा का दुष्प्रभाव कम हुआ। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि संकट के दौर में भी हमारी सरकार के संवेदनशील और सुसंगत प्रयासों के कारण महात्मा गांधी नरेगा योजना में रोजगार देने तथा मजदूरी भुगतान करने का कीर्तिमान बना। वनोपज खरीदी का राष्ट्रीय कीर्तिमान बना। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पोषण के लिए किए गए नवाचारों तथा प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी एवं पुनर्वास के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली।

■ हमने संक्रमण की रोकथाम तथा उपचार के लिये त्वरित निर्णय लिये। स्वास्थ्य विभाग के लिये 670 करोड़ के अतिरिक्त बजट की तत्काल व्यवस्था की गई। कोरोना संक्रमण की जांच हेतु 6 RT-PCR लैब और 18 TrueNAT लैब की तत्काल स्थापना की गई। मार्च 2020 में शासकीय अस्पतालों में आईसीयू बिस्तर क्षमता केवल 53 थी, जिसकी संख्या बढ़कर 406 बिस्तर हो चुकी है। कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार हेतु 30 कोविड समर्पित अस्पताल तथा 178 कोविड केयर सेन्टर स्थापित किये जाने से मरीजों के उपचार में तेजी आयी व प्रदेश की जनता का मनोबल बड़ा।



■ सुराजी ग्राम योजना के तहत स्थानीय संसाधनों के संरक्षण व पुनर्जीवन का हमारा अभियान कोरोना संकटकाल के दौरान बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रारंभ की गई इस योजना के तहत कृषि, पंचायत एवं वन विभाग में उपलब्ध राशि के अभिसरण से स्वीकृत लाखों विकास कार्यों के कारण संकट के दौर में भी छत्तीसगढ़ में ग्रामीण रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई।

■ मुख्यमंत्री ने कहा गोबर को गोधन बनाने की दिशा में सुविचारित कदम उठाते हुये गोधन न्याय योजना लागू की, जिसमें पशु पालकों से गोबर क्रय करके गोठानों में वर्मी कंपोस्ट एवं अन्य उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन से जैविक खेती एवं गौ-पालन को बढ़ावा, पशु पालकों को आर्थिक लाभ तथा रोजगार के नये अवसरों का सृजन हो रहा है। हमारी इस पहल को भारत सरकार एवं अन्य राज्यों द्वारा भी सराहा गया है।

■ हमारे प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट सृजनात्मक कलाओं की बहुलता है, जिसे रोजगार के अवसर में ढालने के लिये शहरी क्षेत्रों में पौनी-पसारी योजना शुरू की गई थी, इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की जायेगी

➢शेष पेज 9 पर

## पत्रकारों को सहायता

■ पत्रकारों की दुर्घटनाजन्य आकस्मिक मृत्यु के प्रकरणों में दी जाने वाली सहायता राशि को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया जायेगा।

## महिलाओं और बच्चों को पोषण और सुरक्षा

■ मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत विगत 1 वर्ष में 99 हजार बच्चे कुपोषण से मुक्त किये जा चुके हैं। वजन त्यौहार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 में कुपोषण का स्तर 26.33 प्रतिशत था जो घटकर वर्ष 2019 में 23.37 प्रतिशत हो चुका है।

■ लॉकडाउन के दौरान कुपोषित महिलाओं, शिशुवती महिलाओं एवं शाला त्यागी किशोरियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के लगभग 24 लाख 38 हजार हितग्राहियों को भी घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट फूड वितरित किया गया।

■ महिलाओं के पोषण में सुधार के लिए द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर राज्य द्वारा 5 हजार रूपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जायेगी। इसके लिये नवीन कौशल्या मातृत्व योजना प्रारंभ की जायेगी।

■ बच्चों की देखरेख सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी कार्यों के लिये एकीकृत बाल संरक्षण योजना हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 47 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ विशेष पोषण आहार योजना में 732 करोड़, आंगनबाड़ियों का सुधार एवं निर्माण योजना में 39 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को सहायता

■ निराश्रितों एवं बुजुर्गों को मासिक पेंशन हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 343 करोड़, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 190 करोड़ एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना में 170 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 70 करोड़ एवं सुखद सहारा पेंशन योजना में 98 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना में 12 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ दिव्यांगजनों हेतु माना स्थित विभिन्न संस्थाओं के जर्जर भवनों के स्थान पर सर्वसुविधा युक्त एकीकृत नवीन भवन के निर्माण हेतु नवीन मद में 2 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्प लाइन की स्थापना एवं उनके भरण-पोषण हेतु नवीन मद में 75 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ सभी पांच संभागीय मुख्यालयों पर आदर्श पुनर्वास केन्द्र की स्थापना हेतु नवीन मद में 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ मानसिक रोग से उपचारित व्यक्ति यों के पुनर्वास एवं प्रशिक्षण के लिए रायपुर एवं दुर्ग में 'हॉफ वे होम' की स्थापना हेतु 3 करोड़ 13 लाख का प्रावधान किया गया है।

■ तृतीय लिंग के व्यक्ति यों के पुनर्वास हेतु आश्रम सह पुनर्वास केन्द्र स्थापित किया जायेगा। इसके लिये बजट में 76 लाख का प्रावधान रखा गया है। यह देश में अपनी तरह का पहला केन्द्र होगा।

## बजट के मुख्य प्रावधान

■ बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर टाइगर्स नाम से विशेष पुलिस बल का गठन
■ छत्तीसगढ़ी कला, शिल्प, वनोपज, कृषि एवं अन्य सभी प्रकार के उत्पादों तथा व्यंजनों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के लिए ''सी-मार्ट'' स्टोर की स्थापना
■ शहरों में पौनी पसारी योजना के समान ग्रामीण क्षेत्रों में रूरल इण्डस्ट्रियल पार्क की स्थापना
■ मत्स्य पालन को कृषि के समान दर्जा दिया जायेगा
■ परंपरागत ग्रामीण व्यवसायिक कौशल को पुनर्जीवित करने 4 नये विकास बोर्डो का गठन - तेलघानी, चर्म शिल्पकार, लौह शिल्पकार एवं रजककार विकास बोर्ड
■ ग्रामीण कृषि भूमिहीन श्रमिकों के लिए नवीन न्याय योजना प्रारंभ की जायेगी।
■ तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए ''शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना''
■ पत्रकारों को दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को 5 लाख की सहायता
■ द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर कौशल्या मातृत्व योजना अंतर्गत महिलाओं को 5,000 की एकमुश्त सहायता
■ किसानों को खेतो तक आवागमन सुविधा हेतु मुख्यमंत्री धरसा विकास योजना
■ नवा रायपुर में भारत भवन, भोपाल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक परिक्षेत्र की स्थापना
■ श्री राम वनगमन पर्यटन परिसर के लिए 30 करोड़ का प्रावधान
■ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना के अंतर्गत 119 नये अंग्रेजी स्कूल
■ नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर के बोर्डिंग स्कूल की स्थापना
■ पढ़ना लिखना अभियान योजना के लिए 5 करोड. 85 लाख का प्रावधान
■ 7 नवीन महाविद्यालय तथा 3 कन्या महाविद्यालय की स्थापना
■ 14 महाविद्यालयों में स्नातक तथा 15 महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ
■ 9 बालक एवं 9 नवीन कन्या छात्रावास की स्थापना
■ 6 नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण
■ 2 नवीन आईटीआई की स्थापना
■ 12 नये रेल्वे ओवर ब्रीज, 151 नवीन पुल, 585 सड़कों के निर्माण के लिए कुल 504 करोड़ का नवीन मद प्रावधान
■ नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में 104 सड़क एवं 116 पुल निर्माण के लिए 12 करोड़ का प्रावधान
■ नवीन सिंचाई योजनाओं हेतु नवीन मद में 300 करोड़ का प्रावधान
■ नगरीय क्षेत्रों में नई जल प्रदाय योजनाओं के लिए 45 करोड़ का प्रावधान
■ पंडरी रायपुर में 350 करोड़ की लागत से जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क की स्थापना
■ नदियों के किनारे खेतों को सिंचाई की सुविधा के लिए विद्युत लाईन के विस्तार के लिए प्रावधान
■ ग्राम गोड़ी, जिला बेमेतरा में बायो इथेनाल प्रदर्शनी स्थल संयंत्र की स्थापना
■ 11 नई तहसीले एवं 5 नये अनुविभागों की स्थापना
■ कन्या छात्रावास एवं आश्रमों में महिला होमगार्ड के 2200 नवीन पदों का सृजन
■ चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज दुर्ग का शासकीयकरण
■ राजीव गांधी किसान न्याय योजना हेतु 5,703 करोड़ का प्रावधान
■ कृषक जीवन ज्योति योजना अंतर्गत 2,500 करोड़ का प्रावधान
■ कृषि पंपों के ऊर्जीकरण हेतु 150 करोड़, सौर सुजला अंतर्गत 530 करोड़ का प्रावधान
■ किसानों को बिना ब्याज का 5,900 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य
■ गोधन न्याय योजना हेतु 175 करोड़ का प्रावधान
■ असंगठित श्रमिकों के लिए राज्य स्तरीय हेल्पडेस्क सेंटर की स्थापना
■ छत्तीसगढ़ सड़क एवं अधोसंरचना विकास निगम को 5,225 करोड़ लागत की 3,900 कि.मी. लंबी सड़कों एवं पुलों के निर्माण हेतु 150 करोड़ का प्रावधान
■ मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
■ एडीबी फेस-3 परियोजना में 825 कि.मी. लंबाई की 24 सड़कों के लिए 940 करोड़ का प्रावधान
■ सिंचाई की 4 वृहद परियोजनाओं अरपा भैसाझार, केलो, राजीव समोदा व्यपवर्तन एवं सोंढूर हेतु 152 करोड़ का प्रावधान
■ पटवारियों के मासिक स्टेशनरी भत्ता में 250 रूपये की वृद्धि
■ स्वच्छता दीदियों के मानदेय को 5,000 से बढ़ाकर 6,000 किया जायेगा
■ नवीन चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर, कोरबा एवं महासमुंद के भवन निर्माण हेतु 300 करोड़ का प्रावधान
■ सन्ना, जशपुर, शिवरीनारायण-जांजगीर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रिसाली-भिलाई में 30 बिस्तर अस्पताल की स्थापना
■ मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनीक योजना हेतु 13 करोड़ का प्रावधान

## किसानों को न्याय

■ राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान एवं अन्य फसलों को शामिल करके बोये गये रकबे के आधार पर किसानों को प्रोत्साहन राशि देकर हमनें कास्त लागत को कम करने का प्रयास किया है। इससे कृषि क्षेत्र में निवेश एवं फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। इस वर्ष 20 लाख 53 हजार किसानों से 92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, जो छत्तीसगढ़ के इतिहास में सर्वाधिक है। इस वर्ष वन अधिकार मान्यताधारी 32 हजार 23 कृषकों से भी 10 लाख 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 5 हजार 703 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ बस्तर संभाग के 7 आदिवासी बहुल जिले एवं मुंगेली जिले से चयनित कुल 14 विकासखण्डों में पोषण सुरक्षा तथा किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु चिराग योजना के लिए 2021-22 के बजट में 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ कृषक जीवन ज्योति योजना अंतर्गत कृषि पम्पों को निःशुल्क विद्युत प्रदाय हेतु 2 हजार 500 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। योजना में लगभग साढ़े 5 लाख किसानों को लाभान्वित किया जायेगा।

■ कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण के लिये डेढ़ सौ करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है।

■ मुख्यमंत्री ने कहा सौर सुजला योजना अंतर्गत हमारी सरकार के गठन के पश्चात अब तक 31 हजार 712 सोलर पंपों की स्थापना की जा चुकी है। वर्ष 2021-22 में इस योजना के लिये 530 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ किसानों को शून्य ब्याज दर पर 5 हजार 900 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। ब्याज अनुदान के भुगतान हेतु वर्ष 2021-22 में 275 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ फसल बीमा योजना में 606 करोड़, कृषक समग्र विकास योजना में 81 करोड़, कृषि यंत्र सेवा केन्द्र की स्थापना एवं कृषि यंत्रों पर अनुदान एवं निः शुल्क वितरण हेतु 95 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं शाकम्बरी योजना में 123 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ नगद आमदनी के कारण फल-फूल एवं सब्जियों की खेती के प्रति कृषकों की रूचि बढ़ रही है। इस वर्ष 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बहुवर्षीय फलोद्यान, 4 हजार 500 हेक्टेयर में सब्जी उत्पादन तथा 13 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती हेतु अनुदान देने का लक्ष्य रखा गया है। कुल उद्यानिकी फसलों के लिए 2021-22 में 495 करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है।

## पशुपालकों को न्याय

■ गोठानों को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए गोधन न्याय योजना प्रारंभ की गई है। गोठान समितियों द्वारा पशुपालकों से 2 रू. किलो की दर से गोबर क्रय हेतु 80 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

■ स्व सहायता समूहों द्वारा गोबर से वर्मी कंपोस्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार किया जा रहा है। अब तक 71 हजार 300 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा चुका है।

■ वर्तमान में 7 हजार 841 स्व-सहायता समूह गोठान की गतिविधि संचालित कर रहे हैं। इन समूहों के लगभग 60 हजार सदस्यों को वर्मी खाद उत्पादन, सामुदायिक बाड़ी, गोबर दिया निर्माण इत्यादि विभिन्न गतिविधियों से 942 लाख की आय प्राप्त हो चुकी है। गोठान योजना के लिये वर्ष 2021-22 के बजट में 175 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## मछुआरों को न्याय

■ मत्स्य पालन हेतु उपलब्ध जल क्षेत्रों में से 95 प्रतिशत क्षेत्र को विकसित करके 2 लाख से अधिक मछुआरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

■ स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन की योजना राज्य में काफी लोकप्रिय है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, नील क्रांति योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत निजी तालाबों का निर्माण करवाया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में 79 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु इसे कृषि के समान दर्जा दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी। वर्ष 2021-22 के बजट में मत्स्य पालन की गतिविधियों के लिये 171 करोड़ 20 लाख का प्रावधान किया गया है।

## समग्र विकास

HEIGHT का पहला एच, होलिस्टिक डेवलपमेंट यानि समग्र विकास का सूचक है। इस समग्र विकास का लाभ हमारे किसानों को, श्रमिकों को, वनवासी भाईयों को, माताओं और बच्चों को समान रूप से प्राप्त होता है। विकास की इस अवधारणा में बड़े नगरों का आधुनिकीकरण के साथ-साथ सूदूर दुर्गम क्षेत्र के गांवों में भी बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। विकास की इस प्रक्रिया में सुशासन की स्थापना के लिये आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं, साथ ही अपनी संस्कृति और परम्पराओं का संरक्षण कर उन्हें चिरंजीवी रखने के लिये भी पूर्ण प्रयास करते हैं।

## आर्थिक स्थिति

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के विगत वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थिर दर पर वर्ष 2019-20 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 5.32 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान किया गया था, किन्तु अद्यतन प्रस्तुत त्वरित अनुमान के अनुसार 5.12 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है। राष्ट्रीय स्तर पर 4.2 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में राज्य की वृद्धि दर 1 प्रतिशत अधिक है।

■ वर्ष 2020-21 में स्थिर भाव पर राज्य में कृषि क्षेत्र में 4.61 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में (-)5.28 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है। इस प्रकार कृषि, औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्रों में राज्य की अनुमानित वृद्धि दर, राष्ट्रीय स्तर पर इन क्षेत्रों में अनुमानित वृद्धि दर क्रमशः 3.4 प्रतिशत, (-)9.6 प्रतिशत एवं (-)8.8 प्रतिशत की तुलना में काफी संतोषजनक है।

■ प्रचलित भाव पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2019-20 में 3 लाख 44 हजार 955 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 3 लाख 50 हजार 270 करोड़ होना अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.54 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर (-)7.7 प्रतिशत की कमी की तुलना में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में यह वृद्धि राज्य के आर्थिक विकास का सुखद संकेत है।

■ वर्ष 2019-20 में अनुमानित प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 05 हजार 59 रूपये की तुलना में वर्ष 2020-21 में 1 लाख 04 हजार 943 रूपये का अनुमान है, जो कि गत वर्ष की तुलना में मात्र 0.14 प्रतिशत कम है। इसी अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों में 5.41 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई है।

■ वर्ष 2021-22 के केन्द्रीय बजट में राज्य के लिये केन्द्रीय करों में हिस्से की राशि चालू वर्ष की तुलना में 4 हजार 128 करोड़ की कमी के साथ 22 हजार 675 करोड़ प्रावधानित की गयी है। चालू वर्ष के प्रारंभ की तुलना में अंतिम त्रैमास में राज्य की राजस्व प्राप्तियों में सुधार को देखते हुये, हमने राज्य के स्वयं के राजस्व को आगामी वर्ष के लिए इस वर्ष के स्तर पर अनुमानित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी मंशा प्रदेश को हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने की है। अंग्रेजी के इस शब्द के हर अक्षर में विकास की अवधारणा के भिन्न-भिन्न आयाम समाहित हैं।

## श्रमिकों को सहायता

■ असंगठित श्रमिक सुरक्षा एवं कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक से संबंधित आंकड़ों के ऑनलाईन संधारण तथा विभिन्न योजनाओं का त्वरित लाभ पहुंचाने की दृष्टि से विभिन्न एप्प निर्माण एवं राज्य स्तरीय हेल्प डेस्क सेन्टर की स्थापना हेतु नवीन मद में प्रावधान रखा गया है।

■ असंगठित श्रमिकों, ठेका मजदूरों, सफाई कामगारों एवं घरेलू कामकाजी महिलाओं के कल्याण की योजना में 61 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ राज्य बीमा अस्पताल योजना में 56 करोड़ तथा कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालयों हेतु 48 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ राजीव किसान न्याय योजना का दायरा भूमिधारी कृषकों से आगे बढ़ाने के लिये ग्रामीण कृषि भूमिहीन श्रमिकों को सहायता हेतु नवीन न्याय योजना प्रारंभ की जायेगी।

## परम्परागत कर्मकारों को न्याय

■ परम्परागत ग्रामीण व्यवसायिक कौशलों के पुनरूद्धार एवं कर्मकारों को सहयोग प्रदान करने के लिए तेलघानी विकास बोर्ड, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड एवं रजककार विकास बोर्ड की स्थापना की जायेगी।

■ कोसा उत्पादन एवं कोसा वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान है। वर्तमान में कोसा उत्पादन एवं वस्त्र निर्माण के कार्यों में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ा गया है। हाथकरघा वस्त्र बुनाई के माध्यम से 60 हजार परिवारों को रोजगार मिल रहा है।

■ लाख पालन के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए ब्याज रहित ऋण की सुविधा प्राप्त करने के लिये लाख पालन को भी कृषि के समकक्ष दर्जा प्रदान किया गया है।

# विधानसभा में सूखा राशन की खरीदी और वितरण के मुद्दे पर हंगामा

## भाजपा सदस्यों ने सोयाबीन बड़ी की खरीदी में भारी भ्रष्टाचार का लगाया आरोप, मंत्री ने कहा-पूरी प्रक्रिया का पालन कर खरीदी की गई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन सदन में भाजपा सदस्यों ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यान भोजन में सूखा राशन की खरीदी और वितरण का मामला ज़ोरशोर से उठाया। भाजपा सदस्यों ने सोयाबीन बड़ी की खरीदी में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते है इस मामले में सदन की समिति से जांच कराए जाने की मांग की। विभागीय मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आरोप से इंकार करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया के तहत खरीदी गई है।

प्रश्नकाल में आज नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौसिक ने यह मामला उठाते हुए मंत्री से पूछा कि एन सी सी एफ केंद्रीय भंडार व एनएसीओएफ से जो सूखा राशन खरीदा गया वह बिना टेंडर के खरीदा गया है क्यों? इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में केंद्र के जारी गाईड लाईन के अनुसार ही खरीदी हुई है।



नेताप्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि 34 करोड़ की सोयाबीन बड़ी एक निजी संथान से सिर्फ एक व्यक्ति को लाफ़ पहुचाने के अधिक कीमत पर खरीदी गई है। उन्होंने कहा मंत्री ने जवाब में कहा है कि सोयाबीन प्रति किलो 105 रुपये में खरीदी गई है जबकि बाजार में सबसे उच्च क्वालिटी की सोयाबीन प्रति 60 रुपये किलो में उपलब्ध है। उन्होंने इस मामले में सदन की समिति से जांच कराए जाने की मांग आसंदी से की। भाजपा के अन्य सदस्यों ने भी इस मामले की जांच की मांग की।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ टेकाम ने कहा कि इसमें कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है । उन्होंने कहा कि सोयाबीन जिस दर पर हमने खरीदा है वो दर



बाजार में मिलने वालों अन्य सोयाबीनो की तुलना में कम है ।इसलिये कही कोई गड़बड़ी इसमे नही हुई है तो जांच का प्रश्न ही नही उठता।

मंत्री के उत्तर के बाद इस मामले में विपक्ष ने वॉक आउट की तैयारी कर ली थी, लेकिन इससे पहले कि वॉक आउट कर पाते, आसंदी से प्रश्नकाल समाप्त होने की घोषणा कर दी गई, साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने 12.30 बजे तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया।

## कांकेर जिले के आश्रम शाला में कम्प्यूटर प्रिंटर एवं फोटो कापी खरीदी में बरती गई अनियमितता का मामला सदन में उठा

### कांग्रेस विधायक संतराम नेताम द्वारा उठाये मामले में भाजपा सदस्यों ने स्कूल शिक्षा मंत्री को घेरा

विधानसभा में आदिवासी विकास विभाग द्वारा कांकेर जिला के आश्रम शाला में कंप्यूटर प्रिंटर फोटो कॉपी मशीन की खरीदी में अनियमितता का मुद्दा जोर-शोर से उठा। कांग्रेस विधायक संतराम नेताम द्वारा उठाए गए मुद्दे पर अपना समर्थन देते हुए भाजपा सदस्यों ने इस मामले में कमिश्नर द्वारा दो बार पत्र जारी करने को विवादित बताते हुए सदन की कमेटी से जांच कराने की मांग की जिसके बाद संबंधित मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय ने इस मामले में सचिव स्तरीय जांच कराने की घोषणा सदन में की। प्रश्नकाल में त्ता पक्ष कांग्रेस विधायक संतराम नेताम ने यह मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा कि आदिवासी विभाग द्वारा कांकेर जिले के आश्रम शाला में कंप्यूटर प्रिंटर फोटो कॉपी मशीन सहित सामग्रियों की खरीदी में भारी तौर पर अनियमितता हुई है । उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार के मामले में समाचार पत्रों में आई खबर के बाद संबंधित कमिश्नर ने पत्र जारी कर जांच के निर्देश अधिकारियों को दिए थे लेकिन 3 माह बाद कमिश्नर द्वारा पुनः एक पत्र जारी कर इसमें भ्रष्टाचार नहीं होना बताया जाता है। कांग्रेसी विधायक संतराम नेताम ने कहा कहा कि इस इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं यह मुझे नहीं पता लेकिन कमिश्नर द्वारा इस तरह दो बार पत्र जारी करना अपने आप में संदेहजनक की परिस्थितियां पैदा करता है । उन्होंने मंत्री से कमिश्नर के खिलाफ कार्यवाही



की मांग की। इस मामले में कांग्रेसी सदस्य का समर्थन करते हुए भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहां की इस मामले में कमिश्नर ने किसे आधार बनाकर दो बार पत्र जारी किया । अगर वे पत्र जारी करते है इसका मतलब वो शासकीय आदेश है । उन्होंने कहा कि पहला पत्र जारी करने के बाद 3 माह बाद दूसरा पत्र जारी करते है फिर इन 3 माह में ऐसा क्या हुआ कि कमिश्नर को इसमें भ्रष्टाचार नहीं हुआ है कहना पड़ा।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भी इस मामले में कहा कि कमिश्नर द्वारा जब पहला पत्र जारी किया जाता है उसकी जांच होनी चाहिए थी अगर जांच नहीं हुई तो पत्र का महत्व क्या रह जाता है। उन्होंने इस मामले में सदन की समिति से जांच कराने की मांग की।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहां की एक रुपए का भी कहीं भुगतान नहीं हुआ है तो भ्रष्टाचार का तो प्रश्न ही नहीं उठता है उन्होंने इस मामले जांच से इंकार किया। इसके बाद भी कांग्रेस विधायक संतराम नेताम और भाजपा के विधायकों ने जांच कराने की मांग पर अड़े रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने इस मामले में मंत्री से कहा कि या वे स्वयं इसकी जांच कर ले या फिर सचिव स्तर पर इसकी जांच करवा लें , इसके बाद मंत्री ने इस मामले की सचिव स्तर पर जांच करवाने की घोषणा सदन में की।

## अजय चंद्राकर ने सदन में मंत्री से प्रश्न पूछने से किया इंकार

विधानसभा में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम से प्रश्न पूछे बिना सदन से बाहर चले गये। प्रश्नकाल के दौरान आज विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने प्रश्न करने के लिए भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर का नाम पुकारा। इसके बाद अजय चंद्राकर खड़े हुए और प्रश्न पूछने के बजाय अध्यक्ष से यह कहते हुए सदन से बाहर चले गये कि वे किसी कारण वश स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रश्न नहीं पुछेंगे और कारण की जानकारी वे अध्यक्ष के कक्ष में आकर देंगे। हालांकि अजय चंद्राकर के प्रश्न नहीं पूछने पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस मामले को आसंदी को संज्ञान में लेकर व्यवस्था देनी चाहिए ताकि आने वाले समय में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर गुंडप्पा विश्वनाथ ने की मुलाकात

### मुख्यमंत्री को पहला टिकट भेंटकर रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरिज क्रिकेट लीग के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए किया आमंत्रित



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर गुंडप्पा विश्वनाथ ने सौजन्य मुलाकात कर 5 मार्च से शुरू हो रहे रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरिज क्रिकेट लीग के लिए आमंत्रित किया । ज्ञातव्य है कि सड़क सुरक्षा के महत्व के विषय में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 5 मार्च से 21 मार्च तक रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरिज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कुल 15 मैच होंगे, जिसमें विभिन्न देशों के दिग्गज खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं ।

विश्वनाथ ने लीग की ओपनिंग सेरेमनी के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी को आमंत्रित करने के साथ ही मैच का पहला टिकट भी भेंट किया । विश्वनाथ ने स्मृति चिन्ह के रूप में मुख्यमंत्री श्री बघेल को क्रिकेट बैट भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ खेल पत्रकार देवाशीष दत्ता भी उपस्थित थे।

## बिजली की तार खींचने के दौरान मजदूर की मौत,जांच के बाद अपराध दर्ज

**रायपुर ।** विद्युत वायर खींचने व लपटने के कार्य के दौरान बिना सुरक्षा उपकरण मुहैय्या कराये बिना काम कराने के दौरान मजदूर की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मिली जानकारी के अनुसार जोगीसर गौरेला निवासी बबलू उईके 20 वर्ष पिता कैलाश उईके ने धरसींवा थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 25 दिंसबर 2019 को एसकेएस रोड अविनाश लाजिस्ट पार्क के पास धरसींवा में बगैर सुरक्षा व्यवस्था बिजली का तार लपेटने व खींचने के दौरान संतराम मार्को 19 वर्ष पिता गंभीर मार्को निवासी मरवाही की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार नीरज शर्मा के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## अंकॉमन सीनियर राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता आयोजित

- रायपुर के राजू दूसरे स्थान पर तीसरा स्थान मो ज़फर रायपुर रहें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्थानीय गॉस मेमोरियल सेंटर में 27 फरवरी से 28 फरवरी तक छत्तीसगढ़ प्रदेश कैरम संघ द्वारा दो दिवसीय राज्य रेकिंग कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम क्वाटर फायनल मुकाबला फारुख (रायपुर )एवं जिया अंसारी दुर्ग के मध्य खेला गया जिसे जिया अंसारी ने 2-1से जीतकर सेमीफइनल जगह बनाई,दूसरे क्वाटर फाइनल मुकाबला एकतरफा रहा जिसमें लाखन सोनी रायपुर को तारिक रायपुर ने 2-0 कि करारी सिकस्त दी और सेमीफाइनल पहुँच गए। अंतिम चार में जगह बनाने के लिए तीसरा क्वाटर फाइनल रायपुर के मो. जाफर एवं दुर्ग के मिश्री लाल के मध्य खेला गया जिसे मोहम्मद जाफ़र ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 2-1 से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल तक सफर पूरा किया, अंतिम क्वाटर फाइनल में रायपुर राजेश नवानी एवं रायपुर के सम्राट सोनी के मध्य खेला गया जिसे राजेश ने सीधे 2-0 से जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कि, प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला काफ़ी संघर्ष पूर्ण जो जिया अंसारी दुर्ग एवं तारिक रायपुर के मध्य खेला गया जिसे जिया ने 2-1 जीतकर ख़िताब कि ओर अंतिम कदम बढ़ाया, दूसरा सेमीफाइनल रायपुर के राजेश नवानी एवं रायपुर के ही मो. जफर के मध्य खेला गया जिसे राजेश ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर 2-0 से जीत फायनल में जगह बनाया। फाइनल मुकाबला रायपुर के राजेश नवानी एवं दुर्ग के जिया अंसारी के मध्य खेला गया फाइनल मुकाबला में रोमांच होगा ऐसा समझा जा रहा था , लेकिन दुर्ग के जिया अंसारी ने अपने शानदार खेल से सब को चौका दिया और राजू नवानी को सीधे सेटो में 2-0 से ख़िताब अपने नाम कर लिया, विजेता 5000, राशि के साथ प्रशनस्ती पत्र, द्वितीय स्थान प्राप्त राजू नवानी को 3000 राशि एवं प्रमाण पत्र, तीसरा स्थान रायपुर के मो. जफर को 2000 एवं प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर विजय कुमार (महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कैरम संघ ), बलदाऊ मिश्रा, माखन ताम्रकार, भूमेश पाण्डेय, आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश का मौसम हुआ गर्म, ठंड हुई गायब

**रायपुर ।** माघ पूर्णिमा के बीतने के साथ ही फागुन माह शुरू होते ही राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में ठंड की बिदाई की शुरूआत हो गई है। तापमान में वृद्धि के साथ ही मौसम में गर्मी का माहौल बन रहा है। ज्ञातव्य है कि होली इस माह के अंतिम सप्ताह में है। गत वर्ष जिस हिसाब से वर्षा ऋतु में पानी गिरा था उस हिसाब से इस बार ठंड का अहसास राजधानीवासियों को नहीं हुआ। कई वर्षों बाद यह देखने में आया कि इस शीत ऋतु में शीत लहर का वातावरण भी राजधानी में नहीं बना। अलबत्ता आसपास के जिलों में पारा गिरकर 38-9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। मौसम वैज्ञानिकों के लिए इस वर्ष धरती जमकर तपने वाली है। वहीं एक अंतरराष्ट्रीय मौसम एजेंसी के अनुसार 2021 में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण जहां बर्फीले क्षेत्रों में विश्व में बर्फ ग्लेशियर पिघलेंगे वहीं समुद्र में पानी बढ़ने के कारण वाष्पीकरण की मात्रा में वृद्धि होने के साथ ही एशियाई देशों सहित भारत के मैदानी इलाकों में जमकर गर्मी पड़ेगी। राजधानी रायपुर में अभी से मौसम का तेवर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। आमतौर पर होली के बाद ही मौसम में चैत्र माह में पारे में वृद्धि होती है किंतु इस बार अभी से तापमान 35 डिग्री ऐल्सियस से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। मार्च की शुरूआत से पहले ही प्रदेश का मौसम गर्म हो गया है। तापमान में आई वृद्धि के कारण दिन में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं रात में 20 डिग्री सेल्सियस के तापमान के कारण ठंड का अता-पता नहीं है। तापमान बढ़ने के साथ ही नमी घटकर 22 से 23 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

## राज्यपाल से नवयुग दिव्यांग उत्थान संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में नवयुग दिव्यांग उत्थान संस्था रायपुर के अध्यक्ष गिरजा जलक्षत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सुरेखा सोनकर, सीमा भतरीया एवं राजनंदनी साहू उपस्थित थे।



### राज्यपाल से काव्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में काव्यकुब्ज ब्राम्हण समाज रायपुर के अध्यक्ष अरूण शुक्ल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कार्य म प्रभारी प्रशांत दुबे, राघवेन्द्र मिश्र, रज्जन अग्निहोत्री एवं संतोष दुबे उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ 4 गिरफ्तार, 88 पौव्वा देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अवैध शराब बेचने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की चार लोगों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर उनके पास से 88 पौव्वा देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर डीडीनगर में रोहणीपुरम तालाब गार्डन के पास एक व्यक्ति को घेराबंदी कर सोमवार को सुबह 10 बजे के आस पास एक प्लास्टिक की बोरी में रखे अवैध 31 पौव्वा देशी प्लेन शराब बरामद होने पर जब्त कर लिया है। आरोपी से पुछताछ करने पर उसने अपना नाम शुभम वर्मा 21 वर्ष पिता रामेश्वर वर्मा निवासी श्रीराम नगर न्यू चंगोराभाठा रायपुर निवासी बताया है। इसी तरह आमानाका क्षेत्र में ग्राम तेन्दुआ के पास अवैध शराब बेचने की सूचना पर 28 फरवरी को शाम 4 बजे के आसपास निर्भय सिंह 24 वर्ष पिता शंभू सिंह के पास से 18 पौव्वा अंग्रेजी शराब एवं राहुल कुमार शाह 22 वर्ष पिता मनोज शाह के पास से 20 पौव्वा देशी मशाला शराब जब्त की गई है।

### स्वदेशी को बढ़ावा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण की दिशा में बोर्ड

## ग्रामोद्योग से मिला पांच लाख से अधिक परिवारों को रोजगार : गुरु रुद्रकुमार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार पण्डरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट बाजार में लगी छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में ग्रामीणों को रोजगार दिलाना और स्वरोजगार से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कोरोना संक्रमण काल की विषम परिस्थितियों में भी ग्रामोद्योग विभाग के सभी घटक द्वारा पांच लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक माल से भी अधिक भीड़ होना, प्रदर्शनी के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ना ऐसे आयोजनों के सफलता का प्रमाण है।

स्वदेशी को बढ़ावा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में बोर्ड द्वारा रोजगार सृजन संबंधी की जो गतिविधियां संचालित की जा रही है, वह सराहनीय है इसके लिए खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी और प्रबंध संचालक राजेश सिंह राणा सहित उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने भी अपने-




अपने संबोधन में राज्य में संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजना की सराहना करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति तीज-त्योहारों, और परम्परा को संजोकर रखने का जो कार्य किया है। इस अवसर पर ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से जुड़ी स्व सहायता समूह महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च तक चलने वाली इस 15 दिवसीय प्रदर्शनी में खादी वस्त्रों की खरीदी पर 30 प्रतिशत की छूट और ग्रामोद्योग निर्मित सामग्रियों की खरीदी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक राजेश सिंह राणा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रतिदिन संध्याकाल में संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 38 लाख से अधिक की आमदनी शिल्पकारों को हुई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय मॉडलों ने खादी के पारंपरिक वस्त्रों का रैंप में चलकर प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम के दौरान लक्की ड्रॉ के दस विजेताओं को जंगल सफारी की दो टिकट प्रदान किया गया। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग के सलाहकार एस.एस. त्रिभुवन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के महाप्रबंधक शंकर लाल धुर्वे, खादी बोर्ड के अनुप प्रताप एक्का, जे.एस. मरकाम सहित विभागीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने खुलेंगे सी-मार्ट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में बजट 2021-22 का बजट प्रस्तुत करने के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार अब सी-मार्ट खोलने जा रही है, जिसकी शुरूआत प्रदेश के प्रमुख जिलों से होगी और बढ़ते हुए दिल्ली तक जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान पहले नक्सवाल प्रभावित राज्य के रूप में होती थी, लेकिन पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ के ने अपनी मूल पहचान हासिल की है। अपने उत्तम गुणवत्ता के स्थानीय उत्पादों से प्रदेश को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए हमारी सरकार अब सी-मार्ट खोलने जा रही है। उन्होंने बताया कि सी-मार्ट में कृषि उत्पादों जैसे ढेकी का कूटा चावल, घानी से निकला खाद्य तेल, कोदो, कुटकी, मक्का से लेकर सभी तरह की दलहन फसलें, विविध वनोपज, जैसे इमली, महुआ, हर्रा, बेहरा, आवला, शहद एवं उनसे निर्मित उत्पाद, फूल झाड़ू, टेरापोटा, बेल मेटल, बांस शिल्प, चर्मशिल्प, लौह शिल्प, कोसा सिल्क तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसी सभी सामग्रियों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जायेगा।

# जिला पंचायत के अधिकारी है खास, इसलिए कर रहे है कुरंदी पंचायत में भ्रष्टाचार

## लाखों की राशि का सरपंच पति, पंचायत सचिव कर रहे बंदरबाट


पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीणों को प्रदत्त योजनाओं का क्रियान्वयन ना कर,सरपंच पति एवं सचिव द्वारा स्वहित में शासकीय राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। कुरंदी पंचायत में महिला सरपंच विमला कश्यप के पद सँभालने के बाद से ही ग्राम पंचायत की बैठक आहुत ना करने तथा अपने पति रामप्रसाद एवं पंचायत सचिव बलिराम नाग के माध्यम से ग्राम पंचायत की राशि का दुरुपयोग कर फर्जी बिल प्रस्तुत कर पैसो का बंदरबाट करते हुए शासन की योजनाओं को बट्टा लगा रहे है। पंचों व ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत में सरपंच तथा सचिव ने विकास कार्यों के नाम पर भार्रसाही मचा रखा है जिसकी शिकायत हमने जिला कलेक्टर बस्तर से लेकर मुख्यमंत्री तक की है। ग्राम पंचायत कुरंदी में 7 पारा में 20 पंच मौजूद है जिनमे 13 पंचो ने कहा की 2 महीने बीत गये परन्तु अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई। आगे ग्रामीणों ने बताया की चुनाव हुये लगभग 1 साल से अधिक समय बीत चुका है और वर्तमान सरपंच श्रीमती विमला कश्यप पति रामप्रसाद कश्यप के द्वारा गोपनीय रूप से पूर्व सरपंच से पदभार ग्रहण कर ग्राम पंचायत के विकास के लिये शासकीय राशि का सरपंच व् सचिव के द्वारा दुरूपयोग कर धनराशि आहरित किया जा रहा है वेंडर के माध्यम से ।

शासन द्वारा स्वीकृत 14 वे वित योजना के अन्तर्गत 20,00,000 / - ( बीस लाख ) का उपयोग सरपंच पति तथा सचिव के द्वारा फर्जी बील लगाते हुये शासन द्वारा स्वीकृत उपरोक्त राशि का उपयोग अपने हित में किया जा रहा है जिससे ग्राम पंचायत में आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया है तथा उपरोक्त राशि सरपंच पति तथा सचिव के भ्रष्टाचार की भेट चढ रही है इस संबंध में सरपंच या सचिव से पूछने पर उनके द्वारा स्पष्ट रूप से कहा जाता है आप पुछने वाले कौन हो सरपंच को किसी भी सबंध में जानकारी देना आवश्यक नहीं है । शासकीय राशि का दुरूपयोग सरपंच तथा सचिव बलिराम नाग के द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ में किया जा रहा है जिस वजह से ग्राम पंचायत का विकास बाधित हो रहा है जिसकी जांच कर तत्काल सरपंच एवं सचिव को पद से हटाने का निवेदन ग्राम पंचायत के 13 पांचो ने जिला कलेक्टर बस्तर रजत बंसल से किया है।

ग्राम पंचायत की सरपंच विमला कश्यप है किन्तु सारे कार्य उनका पति राम प्रसाद करवाता है साथ ही पंच तथा ग्रामीणों के साथ अभद्रता में उतर आता है। पंचों ने बताया की ग्रामीण सरपंच के पति या सरपंच से कुछ पुछने पर सरपंच पति रामप्रसाद आक्रोशित हो जाता है तथा धमकी देकर कहता है की जिला पंचायत अधिकारी उसके खास है मेरे मन में जो आवेगा वो करूंगा मुझे उपर से आदेश है कि जैसा मन में आवे वैसा काम करों क्यों कि स्वीकृत राशि के निकालने में उपर का भी कमीशन तय है और ग्रामवासीयों के द्वारा कोई शिकायत किया भी जाता है तो उसका कोई कुछ नहीं बिगाड सकता है। इस प्रकार से गांव के सड़कों में भी भारी भ्रष्टाचार सरपंच , सचिव तथा सरपंच पति के द्वारा किया गया है जिसकी जांच की मांग ग्राम पंचायत के 13 पंचो ने जिला कलेक्टर रजत बंसल से की है

ग्रामीणों ने बताया की पंचायत में नाली निर्माण हेतु सरपंच पति तथा सचिव के द्वारा जे.सी.बी. से गडढा खुदवाया गया ( जबकि इसमें ग्रामीण रोजगार अंतर्गत मजदूरी कार्य दिया जा सकता था) दी जाने वाली राशि का सरपंच , सरपंच पति तथा सचिव ने कुटरचना कर फर्जी बिल प्रस्तुत कर राशि आहरित किया है। शासन की योजना के अनुसार ग्राम में स्वच्छ जल के लिये नल जल योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्रामवासीयों को पीने के लिये स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना है किन्तु सरपंच इस योजना का लाभ भी अपने खास लोगों तक ही पंहुचा रहा है तथा अन्य ग्रामीण पूर्व के भांति दूषित पानी पीने को मजबूर है ।


1- श्रीमान जिला पंचायत अधिकारी, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.
2- श्रीमान आयुक्त बस्तर संभाग, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.
3- श्रीमान मुख्य मंत्री, छ.ग.शासन मुख्य मंत्री कार्यालय, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
4- श्रीमान राज्यपाल, छ.ग.शासन राज्यपाल कार्यालय, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
5- श्रीमान विधायक, जगदलपुर विधान सभा, जिला बस्तर छ.ग.
6- श्रीमान सांसद बस्तर, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.

### वृद्धा पेंशन का भुगतान भी रोक दिया गया

शासन की योजना प्रत्येक वृद्ध जो कि निसहाय है या आर्थीक रूप से कमजोर है उन्हे सरकारी योजना अन्तर्गत वृद्धा पेशन दिया जाता है जिसका भुक्त ान ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जाता है किन्तु सरपंच तथा सरपंच पति के द्वारा जब से पदभार ग्रहण किया गया है तब से वृद्धा पेशन का भुक्त ान नहीं किया जा रहा है । वर्तमान समय में देश में करोना (कोविड 19) जैसे महामारी का संकट है इस समय देश के प्रति व्यक्ति यों को आर्थीक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तब ऐसी के किसी भी वृद्ध पेंशनधारी जो इस योजना का लाभ प्राप्त करते है उन्हें इस सर्कार की योजना से वंचित रखा जा रहा है पेंशन ना देने के सवाल पर सरपंच सचिव का हवाला देती है और सचिव सरपंच पति के आदेश पर वृद्धा पेंशन रोकने की बात कहते है वही एक महिला अंजलि जेकब ने बताया की मेरे पति स्व बेंजामिन जेकब का देहांत 2003 में हो गया है तभी मैंने विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया था परन्तु 17 वर्ष गुजरने को है अबी तक पेशन नही मिला साथ ही उन्होंने कहा की अब उनका सरकार के उपर से विश्वास उठ चूका है साथ ही आज भी वो मजदूरी कर अपने 3 बच्चो का भरण पोषण कर रही है ।

### सचिव बलिराम नाग पर पूर्व के अपराधिक मामले लंबित

सचिव बलीराम नाग जो कि इस पंचायत से पूर्व अन्य पंचायत में सचिव का कार्य कर चुका है जिसके ऊपर पूर्व में आपराधिक मामला भी लंबीत रहा है अथवा वर्तमान में विचाराधिन है और ऐसे व्यक्ति को 2 पंचायतो में सचिव का प्रभार नियुक्त किया जाना संदेहास्पद प्रतीत होता है ।ग्राम पंचायत में सरपंच के द्वारा ग्रामीणों की उपेक्षा करने तथा वार्ड के 13 पंचों से समस्या पुछे बिना ही मनमाना कार्य करने तथा भ्रष्टाचार करने में सहायक हो रहा है इस पुरे मामले पर सचिव से 15 बार सम्पर्क किया गया परन्तु उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

### स्कूल,फर्नीचर,होर्डिंग के नाम पर डकारे 1,50,000

ग्राम पंचायत कुरंदी में सरपंच पति के साथ मिलकर सचिव ने प्राथमिक शाला के स्लेप में वाटर प्रुफिग के कार्य के नाम पर बिना कार्य कराये 70 हजार की राशि का बंदरबाट कर लिया।प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक ने बताया कि जानकारी मिली थी कि वाटर प्रूफ का काम आया था पर अब तक कार्य नही किया गया और फर्जी बिल पास हो गया। साथ ही पंचायत में फर्नीचर का फर्जी बिलिंग अमाउंट लगाकर 64 हजार की राशि आहरित कर ली वही पंचायत के 13 पंचो ने बताया की सरपंच व् सचिव ने पंचायत में होर्डिंग के नाम पर 45 हजार की राशि निकाल भी है अब छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ में पंचायत से आये दिन हो रहे भर्रसाही से ग्रामीण त्रस्त और सरपंच,सचिव मस्त।

# सीपीआई कोण्डागांव ने महंगाई का पुतला दहन कर, बढ़ती महंगाई का किया विरोध



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

देश में निरंकुश और निरन्तर बढ़ती महंगाई का सीपीआई कोण्डागांव के जिला सचिव तिलक पाण्डे एवं राज्य परिशद् सदस्य शैलेष शुक्ला के नेतृत्व में बिसम्बर मरकाम, दिनेश मरकाम, बिरज नाग, सरादू सोरी, मुकेश मंडावी, नरेंद्र सोरी, महाजन मरकाम, सुखचरण बघेल, राम कुमार नेताम, नवलू नेताम, लखुराम नेताम, नारायण मरकाम, सुखराम नेताम एवं संतलाल बघेल आदि सहित अन्य कम्युनिश्टों की उपस्थिति में 1 मार्च को महंगाई का पुतला दहन कर विरोध प्रकट करते महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधान मंत्री के नाम लेख किए गए ज्ञापन को जिला कार्यालय कोण्डागांव में दिया गया। ज्ञापन में लेख किया गया है कि वर्तमान में पुरा देश कोरोना नामक महामारी के संकमण से गुजर रहा है। देश की आर्थिक व्यवस्था पूर्ण रुप से चरमरा गई है, ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार जनविरोघी निर्णय लेते हुए पेट्रोल व डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि कर रही है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। एक ओर जहाँ कोरोना संकमण की वजह से लोगों की क्रय शक्ति घट गई है वहीं केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमत में वृद्धि से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से आम जनता का जीना मुहाल होता जा रहा है। जब अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य को आधार बनाकर डीजल व अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में बार-बार वृद्धि की गई है तो अब उसमें उतनी ही कमी क्यों नहीं की जानी चाहिए ? पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में वृद्धि का सीधा असर परिवहन व्यवसाय में पड़ रहा है, जिसके परिणामस्वरुप खाने पीने व दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं, गृह निर्माण सामाग्री, यात्री किराया में वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी केन्द्र शासन से मांग करती है कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में आयी कमी के आधार पर ही देश में पेट्रोलियम उत्पादों का मूल्य निर्धारित करे व आवश्यक वस्तुओं के मुल्यों की समीक्षा कर उसके मूल्यों को नियन्त्रित करे ताकि आम लोगों को कोरोना संकमणकाल में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो एवं आमजन राहत की सांस ले सकें।

# 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का टीकारण प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



सोमवार को कोरोना वायरस से बचाव के लिए दूसरे चरण का टीकाकरण अभियान प्रारंभ हो गया। बस्तर जिले में 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए चिहांकित जगदलपुर शहर के कुम्हारपारा स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में सुबह 9 बजे से टीकाकरण प्रारंभ किया गया पहला टीका पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड निवासी कृष्णकांत द्विवेदी को लगाया गया। कृष्णकांत को टीकाकरण से पूर्व पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई और टीकाकरण उपरांत उन्हें आब्जर्वेशन में भी रखा गया। अस्पताल में उपस्थित 60 वर्ष से अधिक उम्र के गायत्री दुबे, रामकुमार सिंहा, खेमलाल बाघमार, सेहलता बाघमार, प्रेमचन्द्र जैन, गौतम आचार्य ने भी टीका लगवाया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) एवं डिप्टी कलेक्टर गीता रायस्त, सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

टीकाकरण अन्तर्गत 45 से 59 आयु वर्ग के कोमार्बीड (पहले से किसी बीमारी से ग्रसित) एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले नागरिकों का टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त टीकाकरण कार्य को संपादित करने हेतु स्व. बलिराम स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, शासकीय नर्सिंग कालेज और एमपीएम हॉस्पिटल जगदलपुर में भी टीकाकरण हेतु चिहांकित किया गया है। शासकीय संस्थानों में कोविड-19 का टीकाकरण आम नागरिकों के लिए निशुल्क रहेगा एवं निजी चिकित्सा संस्थान एमपीएम अस्पताल में कोविड-19 का टीकाकरण शुल्क 250 रुपए प्रति डोस की दर से लेने का प्रावधान किया गया है। टीकाकरण हेतु टीकाकरण केन्द्र में ही पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों के अन्तर्गत कोई भी फोटो आई कार्ड जिसमें आधार कार्ड, एपिक कार्ड, पासबुक, ड्राईविंग लायसेंस एवं शासकीय अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा 45 से 59 आयु वर्ग के पहले से किसी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को सक्षम चिकित्सा अधिकारी से कोमार्बीड प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है। इसके अलावा पंजीयन हेतु हितग्राहियों को अपना मोबाईल नम्बर भी दर्ज करना है।

# संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता, फाइनल देखने पहुंचे पीसीसी चीफ

## संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में की 40 टीमों ने दिखाया जौहर

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिला बैडमिंटन संघ कोण्डागांव के तत्वधान में स्व. मोहनलाल गोलछा एवं स्व. श्याम राव मडामें की स्मृति में संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2021 का आयोजन 26 फरवरी से 28 फरवरी तक न्यू इंडोर स्टेडियम बड़ेकनेरा रोड में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मोहन मरकाम, अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी सह विधायक कोण्डागांव, मनीष श्रीवास्तव महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, विशिष्ट अतिथि झुमुकलाल दीवान जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, तरुण गोलछा नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, सूरज सिदार मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सुरेश पाटले जिला महामंत्री, शकूर खान, तरुण देवांगन, सुब्रत राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जिला बैडमिंटन संघ अध्यक्ष हरीश गोलछा ने बताया कि संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग डबल्स में 32 टीम एवं 40 प्लस डबल्स में 8 कुल 40 टीमों ने भाग लिया, जिसमें जगदलपुर, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव के फरसगांव बड़ेडोंगर माकड़ी बेनूर के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। ओपन प्रतियोगिता डबल्स में विजेता आयुष मूर्ति एवं सलमान रजा जगदलपुर एवं उपविजेता दीपक मिनोचा एवं सन्नी रवानी कोण्डागांव एवं 40 प्लस डबल्स मुकाबले में कोंडागांव के निर्मल साहू एवं आशीष लालवानी विजेता बने, वहीं नारायणपुर से के.पी. मिश्रा व मनीष राजपूत ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। बता दे ओपन पुरुष वर्ग में 7001 रुपये प्रथम एवं द्वितीय 5001रुपये , 40 प्लस विजेता खिलाड़ी को 5001रुपये प्रथम एवं 3001 रुपये द्वितीय को दिया गया, दीपक स्पोर्ट्स की ओर से बेस्ट प्लेयर के रूप 40 प्लस डबल्स में विपिन मिश्रा और ओपन पुरुष वर्ग डबल्स में राज प्रधान जगदलपुर को तथा निर्णायक के रूप में तामेश्वर यादव एवं बी.जान को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

### खेल का मैदान हो या राजनीति दोनों में बहुत करनी पड़ती है मेहनत : मरकाम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा मुख्यमंत्री ने कोण्डागांव को हमेशा स्नेह प्यार दिया है, और हमेशा हमने खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। खेल का मैदान हो या राजनीति का मैदान दोनों में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर जितने व हारने वालों को बधाई दिए, साथ ही फाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमों को मरकाम जी ने नगद एक-एक हजार की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

### जिले वासियों के साथ जिले का विकास कर अत्याधुनिक बनाना : श्रीवास्तव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई दी, और कहा कि हमारे लोकप्रिय विधायक व पीसीसी चीफ मरकाम जी हमेशा से ही जिले वासियों के साथ जिले का विकास कर अत्याधुनिक बनाना चाहते है, खास कर खेलों के क्षेत्र में ताकि सभी बच्चे अपनी स्वेच्छानुसार खेलो में पारंगत हो सके।

### आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष हरीश गोलछा, उपाध्यक्ष आशीष लालवानी, सन्नी रवानी, जिला सचिव निर्मल साहू, सदस्य देवेश राठी, सौरभ मडामें, बसंत पारख, नवीन जैन, ललित किशोर कोर्राम, हेमंत भगत, विपिन मिश्रा, विकास मडामें, नितिन ठाकुर, दीपक मिनोचा, चंदन मिनोचा, कौशल नेताम, तामेश्वर यादव, हितेश शर्मा, व्यायाम शिक्षक बी.जान, एवं ऋषिदेव सिंह का सहयोग रहा।

## 4 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से भोपालपटनम नगर में होगा पाइप लाइन का विस्तार, सभी वार्डों में होगी शुद्ध पेयजल आपूर्ति, मंत्री कवासी लखमा ने किया भूमि पूजन

# आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने भोपालपटनम नगर को दी 6 करोड़ 23 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात

■ विकास कार्यों की सौगात देते मंत्री कवासी लखमा ने कहा गांव-गरीब, किसान सहित हर वर्ग के विकास हेतु सरकार कटिबद्ध

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश की भूपेश सरकार में गांव, गरीब किसान सहित हर वर्ग का विकास हो रहा है, यही वजह है कि प्रदेश की भूपेश सरकार इन सभी के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ गाँव, गरीब, किसान सहित हर वर्ग के लोग ले रहे है और ग्रामीण ईलाकों के विकास के साथ ही साथ अब गरीब परिवार सक्षम हो रहे है। प्रदेश की भूपेश सरकार किसानों को खेती-किसानी हेतु हरसम्भव मदद के साथ ही उनके उपज की खरीदी की गारंटी सहित किसानों की आत्मनिर्भरता के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश हर एक क्षेत्र में नया आयाम स्थापित कर रहा है। उक्त बातें प्रदेश के आबकारी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बीजापुर जिले के नगर पंचायत भोपालपटनम को 6 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उक्त राशि में से 4 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से भोपालपटनम नगर के सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए खर्च किए जाएँगे शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु हर वार्ड में नए पाइप लाइन के विस्तार की माँग पिछले कई वर्षो से भोपालपटनम नगर के लोग कर रहे थे जिसे आज प्रदेश के आबकारी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा व बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक ने पूरा कर भोपालपटनम नगर को एक बड़ी सौग़ात दी। इसी तरह भोपालपटनम में ही 45 लाख 50 हजार रूपए की लागत से इंडोर स्टेडियम निर्माण, कुनबी समाज के लिए सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 13 व 14 में सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 12 में मोहर्रम के लिए सामुदायिक भवन, कलार समाज के लिए सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 2 रालापल्ली में कलामंच भवन निर्माण, भोपालपटनम के क़ब्रिस्तान में बाउंड्रीवाल व सीसी सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, कला मंच और सभागार के मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया गया जिस पर भी राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 3 व 4 गफ़ार के घर नाला से प्राथमिक शाला के सामने तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 8 व 12 मेनरोड नाला से हायरसेकेंडरी स्कूल तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 6 सदर घर से देवेंद्र घर तक आरसीसी नाली निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 13 हाट बाज़ार के पास आरसीसी नाली निर्माण कार्य और तिमेड में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट स्थापना आदि कार्यों का प्रदेश के आबकारी, वाणिज्य और उद्योग मंत्री कवासी लखमा और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने भूमि पूजन कर भोपालपटनम नगर के लिए सौग़ातें दीं।

इस अवसर पर बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, संचार, पेयजल, बिजली इत्यादि सभी सुविधाओं की उपलब्धता हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ भूपेश सरकार पहल कर रही है। इसी दिशा में आज भोपालपटनम नगर के लिए 4 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत से विभिन्न वार्डों में शुद्ध पेय जलापूर्ति का भूमि पूजन किया जाना शुद्ध पेयजल आपूर्ति की दिशा में एक बड़ी कदम है।

### हाट-बाजारों में लगाया जाएगा छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

**कांकेर।** जनसंपर्क संचालनालय रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार तथा कलेक्टर चन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के ग्रामीण अंचलों के हाट-बाजार में 02 मार्च से छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले में कांकेर विकासखण्ड के पीड़ापाल, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कोड़ेकुर्से, बरहेली एवं सिलपट, नरहरपुर विकासखण्ड के कुम्हानखार एवं जामगांव, चारामा विकासखण्ड के कोटतरा, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बड़गांव, अंतागढ़ विकासखण्ड के आमाबेड़ा और भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के तरांदुल हाट-बाजार में छायाचित्र प्रदर्शन सह सूचना शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका जनमन, संबल, किसान गाइड, हम लाए किसानों को बचाने का कानून, युवा जोश और हुनर की झंकार, ब्रोशर, पुस्तक, पाम्पलेट इत्यादि का वितरण भी किया जाएगा।

# भूमि पर अवैध कब्जाधरियों के खिलाफ तहसीलदार सिन्हा ने की कार्यवाही

## 11 परिवारों का कब्जा हटाया, प्रत्येक परिवार को ढाई डिसमिल जमीन देने का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा तहसील के ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी में गोठान के लिए स्वीकृत भूमि पर कुछ ग्रामवासियो के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लगभग 11 परिवार द्वारा मकान बनाया जा रहा था जिसकी सूचना तहसीलदार नन्द किशोर सिन्हा को मिली जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन के साथ ग्राम खुड़मुड़ी पहुंचे मौके पर पहुंचने पर पता चला की जिन लोगो ने गोठान में कब्जा किया है उनके पास रहने के लिए घर नहीं जिस वजह से वे घर बना रहे है और यह भी पता चला की ग्राम में बहुत से परिवारों के द्वारा अवैध रूप से पक्का मकान बनाया गया है तथा वे लोग बहुत अधिक मात्रा में जमीन पर कब्जा करके बाउंड्री वाल बना के रखे है जिस सूझबूझ के साथ कार्यवाही करते हुए तहसीलदार नन्द किशोर सिन्हा ने अवैध रूप से बनाये गए बाउंड्री वाल को तोड़ दिया तथा गोठान पर कब्जा करने वाले





भूमिहीन प्रत्येक परिवारों को ढाई डिसमिल जमीन देने का आश्वासन दिया उनके इस फैसले से ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए तहसीलदार नन्द किशोर सिन्हा के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया तहसीलदार नन्द किशोर सिन्हा कहा की अतिक्रमण कर्ताओ ने गोठान की भूमि पर कब्जा जमा लिया था जिस वजह से गोठान निर्माण में दिक्कत आ रही थी ग्राम पंचायत के सहयोग से अतिक्रमण को हटा दिया गया तथा अतिक्रमणकर्ता बेघर थे जिनकी जिम्मेदारी प्रशासन व्यवस्था बनाये जिसके तहत अतिक्रमणकर्ताओं को आबादी भूमि दिया गया है । सरपंच नोहर वर्मा ने तहसीलदार नन्द किशोर सिन्हा के लिए गए निर्णय की तारीफ करते हुए कहा की अतिक्रमणकर्ताओ की शांति पूर्वक हटाकर उन्हें जमीन आबंटित कर जो सूझ बुझ का परिचय दिया है इसकी जितनी भी तारीफ की जाये वह कम है अतिक्रमणकर्ताओ ने कहा की तहसीलदार साहब के हम बहुत ही आभारी है जिन्होंने हमें रहने के लिए जमीन दे रहे है परन्तु हमारी मांग है की हमें किसी दूसरे के अतिक्रमण को तोडा गया जमीन नहीं चाहिए बाद में वाद विवाद और लड़ाई झगड़ा की सम्भावना बनी रहेगी हमे गांव में और भी कहि पर आबादी जमीन दे दिया जाये।

# राजेंद्र नायक की अगुवाई में मरार पटेल समाज के शाकंभरी महोत्सव एवं भवन का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छ.ग.कोसरिया मरार पटेल समाज फुलझर राज एवं जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नायक की अध्यक्षता में भव्य शाकंभरी महोत्सव एवं सराईपाली में निर्मित शाकंभरी भवन का लोकार्पण सराईपाली विधायक एवं अनु.जाति.विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष किस्मतलाल नंद एवं बसना विधायक एवं अध्यक्ष वन विकास निगम छ.ग.शासन देवंद्र बहादुर सिंह एवं अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बाजे गाजे के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा व बाईक रैली निकालकर की गयी व समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात मां शाकंभरी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ तथा सब्जियों की टोकरी,साल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रहे सराईपाली विधायक किस्मतलाल नंद एवं अतिथियों के द्वारा शाकंभरी भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया वहीं सराईपाली विधायक नंद जी एवं बसना विधायक बहादुर सिंह जी को पटेल समाज ने सब्जियों से तौलकर समाज की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, बुजुर्ग समाज सेवियों,उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नायक जी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जी से सराईपाली में पटेल समाज छात्रावास भवन निर्माण के लिए सहायता राशि मांग की जिस पर विधायक जी ने उद्बोधन कर समाज को मेहनतकश समाज बताते हुए कार्यक्रम की तारीफ कर विधायक निधी से सराईपाली छात्रावास भवन निर्माण के लिए 5 लाख रू.की राशि सहर्ष घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पुर्व विधायक ‍‍‍‍‍‍‍‍मलाल चौहान , अमृतलाल पटेल नगरपालिका अध्यक्ष सरायपाली , सुनील पटेल कार्यकारी अध्यक्ष मरार समाज महासंग , पवन पटेल जिलाध्यक्ष मरार समाज महासमुंद , देवचरण पटेल अध्यक्ष मरार समाज महासंघ , विजय पाटिल महासचिव मरार समाज महासंघ , चन्द्र कुमार पटेल पार्षद एवं पुर्व अध्यक्ष सीता सतपथी पार्षद नगरपालिका सराईपाली,युवा प्रकोष्ट प्रदेश अध्यक्ष दुलेश्वर पटेल, महिला प्रकोष्ट अंजुबाला पटेल,जिलाध्यक्ष महिला प्कोष्ट मोनिका पटेल, कार्य.अध्यक्ष रमेश पटेल, महासचिव मालिक राम पटेल, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, संयोजक शोभाराम पटेल, घासीराम पटेल, मोहन पटेल, संतराम पटेल, शिवकुमार पटेल, नांदगांव राज अध्यक्ष त्रिपुरारी पटेल, खल्लारी राज अध्यक्ष मनहरण पटेल, नर्रा राज अध्यक्ष सेतराम पटेल,सारंगढ़ राज त्रिनाथ पटेल, फुलझर राज प्रहलाद पटेल, बारापाली राज ललित पटेल, कौड़िया राज घनश्याम पटेल, कुसमी राज विजयशंकर पटेल, युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष पप्पु पटेल, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, फुलझर राज पदाधिकारी के अलावा भारी संख्या में सामाजिक बंधु मौजूद रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के युवक,युवती,महिला,बुजुर्गों की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

# श्यामा चरण शुक्ला की जयंती कृषक दिवस के रूप में मनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा जिला कार्यालय गांधी मैदान रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्यामाचरण शुक्ला की जयंती कृषक दिवस के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर किसानों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री उधोराम वर्मा ने स्वर्गीय श्यामाचरण शुक्ला जी को याद करते हुए उसके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए किसानों का मसीहा बताया वर्मा ने बताया कि सिंचाई के क्षेत्र में उनके द्वारा किया गया कार्य अविस्मरणीय है वह किसानों के सच्चे हितैषी थे जिसके सपनों को आज भूपेश बघेल सरकार ने बखूबी तरीके से पूरा करने में लगे हुए हैं।

नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा के पूर्व अध्यछ महेश अग्रवाल ने कहा कि पंडित शुक्ल अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए निरंतर कृषि, कृषक और मजदूरों को ध्यान में रखकर अनेक योजनाओं को लागू कर प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर किया। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, सुनील सोनी चूड़ामणि साहू, रहमत खान, निर्मल प्रजापति, सुनील सोनी, प्यारे लाल साहू, मनहरण साहू,संजय नामपल्लीवार, अशरफ़ी, कन्हैया यादव दयाराम शर्मा, जोइधा राम साहू सुनीता साहू, प्रणव सिंह ठाकुर टीकाराम पटेल, सैयद अशरफ पुनाराम साहू, कोमल साहू, रहमत खान ,अभिषेक शुक्ला भगवती धुरंधर, जितेंद्र नाग मोहनलाल वर्मा,पुना राम साहू सहित जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सभी समस्याओं का समाधान है श्रीरामचरित मानस : चंदूलाल साहू

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पूर्व सांसद के गृह ग्राम टेका में आयोजित श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन के समापन समारोह में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वहीं अध्यक्षता क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की।अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू ने कहा कि सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण धर्म ग्रंथ श्रीरामचरितमानस सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है।



इस धर्म ग्रंथ की अध्ययन और अनुकरण से मनुष्य जीवन का कल्याण होता है तथा सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान मिलता है। मानस सम्मेलन के समापन दिवस की बेला में अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि राजनीति से पहले राम नीति की जरुरत है। श्रीराम चरितमानस में वर्णन मिलता है कि रावण का नाश भी राम नीति से हुआ था।

इसी प्रकार अन्य कई उदाहरण भी मानस के अध्ययन में प्राप्त होते हैं। वास्तव में मानस एक ऐसा अद्भुत ग्रंथ है जिसकी अध्ययन अनुकरण से मनुष्य की सभी प्रकार की समस्याएं समाप्त हो जाती हैं तथा उसके जीवन का कल्याण सुनिश्चित होता है। यह ग्रंथ मनुष्य को दिग्भ्रम और दिशा हीनता के माहौल से बाहर निकालने में सफलता देता है।अंतिम दिवस की बेला में विभिन्न मानस टोलियों के वक्ताओं ने विचार प्रकट किए जहाँ आयोजक समिति के चारचंद साहू, जनपद सदस्य होरीलाल साहू, सरपंच ठाकुर राम ध्रुव, जिनेन्द्र साहू, मनहरण साहू, भूषण साहू, मोहन साहू, जालम साहू, डॉ दिलीप साहू, नोहर साहू, कुँवरलाल साहू, मोहन कुर्रे उपस्थित श्रोताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही वही मंच संचालन बिरेन्द्र ठाकुर ने किया।

# बेलर आमगांव क्षेत्र के आम जनता को दी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ बेलरगांव
www.dailypioneer.com

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के कर्मवीर विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कद्दावर आदिवासी नेत्री परम सम्माननीय डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव ने ग्राम पंचायत आमगांव ग्राम पंचायत बर बांधा ग्राम पंचायत घोड़ा वर ग्राम पंचायत जैतपुरी एवं ग्राम पंचायत भूर सी डोंगरी क्षेत्र में आम जनता के पेयजल की समस्या को देखते हुए क्षेत्रवासियों द्वारा मांग रखने पर परम सम्माननीय डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव जी ने उनकी मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पेयजल की समस्या को दूर करने क्षेत्र के सभी पंचायत मैं जरूरत पड़ने पर पेयजल की समस्या ना हो आम जनता के घरों में शादी विवाह नहावन कार्यक्रम के लिए विधायक महोदय जी द्वारा ग्राम पंचायत आमगांव के दिशा निर्देश रखरखाव मैं जरूरतमंद जनता के लिए




विधायक महोदय द्वारा प्रदाय किया गया है।

डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव की क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाने की पहल से पूरे आमगांव क्षेत्र में खुशी की लहर है एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक का आभार माना है उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान ग्राम पंचायत आम गांव के सरपंच आत्माराम जी सॉरी ग्राम पंचायत आम गांव के पूर्व सरपंच माखनलाल ध्रुव ग्राम पंचायत जे तपुरी के सरपंच ग्राम पंचायत गुंडावर के सरपंच ग्राम पंचायत पर बांधा एवं भूरसी डोंगरी के सरपंच की ग्राम पंचायत आम गांव की उप सरपंच गाय तू राम नेताम नरेंद्र कश्यप नक्शे डा नक्शे डा नक्छेडा नेताम राधेलाल ध्रुव महेश यादव दशरथ राठौर भानु राठौर श्री मोहन ध्रुव जितेंद्र कश्यप रोशन कश्यप राजकुमार कश्यप टिकेशध्रुव अरुण नेताम मौजहूद थे।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वर्गीय श्यामाचरण की जयंती मनाई गई



**सरायपाली।** छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं जिला कांग्रेस कमेठी महासमुंद अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर के निर्देशानुसार एवं सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद जी के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी सरायपाली द्वारा स्व. श्यामाचरण शुक्ला की जयंती कांग्रेस कार्यालय संजय नगर सरायपाली में मनाई गई। इस कार्य म में शहर कांग्रेस कमेटी सरायपाली के अध्यक्ष रामनारायण आदित्य जी, अधिवक्ता, अध्यक्ष, शहर कांग्रेश सरायपाली, जितेन्द्र सीदार अध्यक्ष, भंवरपुर, बलराम भोई , अध्यक्ष, छूईपाली वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण प्रदीप गुप्ता वाहिद निहारिया जनाब खान संत लाल बारीक शुरू पाणिग्रही शहादत हुसैन मनोज यादव नईम सेठ राम मानिकपुरी दीपक माखिजा राजेश दास फिरोज खान जय आदित्य विजय यादव इंदर डनसेना उदय सारथी सुनील मेहर हैदर अली पुरुषोत्तम मरावी मोहम्मद सद्दाम अली राजा अग्रवाल विनोद चौहान दूधनाथ साहू, नवीन अग्रवाल माधवी भोई किशोर मिश्रा सतीश चौहान प्रेम पटेल ताराचंद पटेल सहदेव यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के सभी पदाधिकारी गण ,समस्त वरिष्ठ कांग्रेसी जन एवं समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# असामाजिक तत्वों ने नेवरा बस्ती तालाब के पुलिया को किया क्षतिगस्त

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नेवरा बस्ती में कोटा रोड पर 2 तालाब स्थित है जिनमें से एक तालाब तो पहले ही जलकुंभी से भर चुका है और इसका निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है वही बचे हुए एक तालाब मैं स्थानीय वार्डवासी अपना निस्तारी कर रहे हैं। विगत दिनों में दोनों तालाब को जोड़ने वाले स्थान पर बनाये गये पुलिया को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बहुत की क्षति पहुंचाया गया है तथा उनमें उपस्थित लोहे के रॉड को निकाल लिया गया है। चूंकि तालाब के अगले छोर पर जाने हेतू भी यह पुलिया



महत्वपूर्ण है जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान ने उक्त घटना के विषय में बताया कि पुलिया को इस प्रकार से तोड़ा जाना बहुत ही निंदनीय है और ऐसे घटिया हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ वार्ड के जनप्रतिनिधि उन पर सख्ती से कार्रवाई करें।

## स्पर्धा में एकल, युगल और सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया

# कला उत्थान के लिए डांस प्रतियोगिताएं आवश्यक : चंद्रशेखर साहू

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ग्राम श्यामनगर में युवा मित्रों के सौजन्य से आयोजित भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रिकालीन आयोजित इस डांस प्रतियोगिता में एकल,युगल और सामूहिक नृत्य स्पर्धा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू शामिल हुए वहीं अध्यक्षता जनपद सभापति जगदीश साहू, विशिष्ट अतिथि सरपँच दुर्गा साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गैंदराम निषाद,समर्पण ग्रुप के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू,सरपँच प्रतिनिधि छन्नू साहू,मयाराम साहू सचिव ग्राम विकास समिति प्रकाशचन्द साहू पूर्व उपसरपंच श्यामनगर, नेहरू साहू उपसरपंच






लफंदी,डॉ गोपाल साहू,पुरुषोत्तम निर्मलकर,पेवेन्द्र साहू राजिम,राजेंद्र साहू,अमरकांत साहू रहे।

इस कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये सरपँच श्रीमती दुर्गा छन्नू साहू की ओर से कान्हा डांस ग्रुप कोरबा को, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपये प्रेम इलेक्ट्रॉनिक श्यामनगर की ओर से एच बायस रायपुर तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये वामन ट्रेडर्स एवं लक्ष्मी हार्डवेयर की ओर से अमर ज्योति डांस ग्रुप नवागांव कंचना को व चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रुपये श्रीराम मोबाईल कोपरा की ओर से बेबी जुनियर डांस ग्रुप डोमा को एकल व युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4 हजार रुपये उदय खाद भंडार एवं मुकेश फर्नीचर की ओर से भावना साहू भखारा को द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रुपये आयोजन समिति द्वारा निशा नटराज जरौद को, तृतीय पुरस्कार 2 हजार रुपये जनपद सभापति जगदीश साहू की ओर से अंजली दिवान रायपुर को व चतुर्थ पुरस्कार 1हजार रुपये पंच मदन साहू द्वारा राज सिंह कोरबा को प्रदान किए गए।

उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू ने कहा कि एकल,युगल एवं सामुहिक नृत्य प्रतिस्पर्धाएं ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभा एवं कला के उत्थान के लिए आवश्यक है।ऐसे आयोजनों से हम हमारे क्षेत्रीय प्रतिभाओं से परिचित हो पाते हैं युवा मित्रों द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे शानदार आयोजन किया जाना निसंदेह प्रसंशनीय है। वही जनपद सभापति जगदीश साहू ने कहा कि श्यामनगर एकजुटता की प्रतीक है जहाँ धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक जैसे आयोजन हमेशा होते रहता है इस सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को शुभकामनाएं दिए।मंच का संचालन नूतन साहू एवं हलधर नाथ योगी ने किया।इस अवसर पर डायमंड साहू, सोमनाथ साहू, दीपक साहू, सौरभ निर्मलकर, सागर साहू, अपूर्व साहू, प्रीतम साहू, ज्ञानचंद साहू, विपिन साहू, विक्रांत साहू, हरिशंकर निषाद, रोमन साहू, महेश निषाद, ईश्वर निषाद, देवानंद निषाद, भावेश साहू, किर्तन साहू, जितेंद्र साहू, कोमल साहू, रिखी साहू, रामेश्वर साहू, चिंता राम निषाद, रमेश निषाद उपस्थित रहे।

# जन्मोत्सव में सम्मिलित हुई संसदीय सचिव साहू



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

होटल गौरव प्राइड बलौदाबाजार में रामाधार पटेल के सुपुत्र सावन एवं पुत्रवधु वंदना को प्रथम कन्या रत्न प्राप्ति के उपलक्ष्य पर आयोजित छट्ठी, जन्मोत्सव कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू पहुंच कर शुभ आशीर्वाद दी,साथ ही ग्राम पंचायत रसौटा में राज कुमार साहू के घर अरुण- माधुरी को प्रथम पुत्रिरत्न प्राप्ति के अवसर आयोजित छट्ठी जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुँचकर आशीर्वाद प्रदान की एवं ईश्वर से बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने इस अवसर पर परिजनों एवं कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात किये। इस मौके पर मानस पांडे, यू के नागवंशी, सुनील साहू, गोवर्धन साहू, दुर्गेश पटेल,रघुनाथ, धर्मेंद्र पटेल, बृजेश पटेल,अनिल, अरुण, युवराज जितेंद्र, राजमणी,पटेल परिवार , साहू परिवार एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए स्वावलंबन योजनांतर्गत आवेदन 7 मार्च तक

**कोण्डागांव।** कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार शहीद वीर नारायण सिंह स्वावलंबन योजनांतर्गत ट्रेक्टर ट्राली हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजना के तहत् इच्छुक उम्मीदवार ऋण लेना चाहते हों, तो जिला कार्यालय कलेक्टर प्रथम तल जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या0 कोण्डागांव से ऋण आवेदन निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

## आमंत्रण-प्रशस्ति पत्र, फ्लैक्स छपवाने निविदा आमंत्रित

**कोण्डागांव।** कार्यालय जिला पंचायत द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला पंचायत में समय-समय पर आवश्यकतानुसार समस्त योजनाओं एवं शाखाओं के द्वारा आमंत्रण-प्रशस्ति पत्र, फ्लैक्स छपवाया जाना है। रूचि के अभिव्यक्ति के तहत् इच्छुक फर्म अथवा एजेंसी से छपाई के लिए मोहर बंद लिफाफे में निविदा हेतु आवेदन 04 मार्च को सायं 4.30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव में जमा कर सकते हैं।

# पीड़ा समझिए, दीजिए शाम वाली लोकल अब 68719 लोकल की मांग

पायनियर संवाददाता | भाटापारा
www.dailypioneer.com



दोगुना किराया, दोगुना समय लेकर दी जा रही रेल सुविधा अब भी राहत नहीं दे पाई है। सुनवाई कहीं है नहीं, इसलिए यह ज्यादती सही जा रही है। पीड़ा समझिए और दीजिए वह लोकल जो साल भर से बंद है। यह लोकल 68719 नंबर और बिलासपुर रायपुर ईएमयू लोकल के नाम से चला करती थी। समय था, बिलासपुर से छूटने का अपरान्ह 4.45 मिनट।

बिलासपुर से शाम 4.45 पर रायपुर के लिए छूटने वाली लोकल ट्रेन बड़ा सहारा थी ऐसे नौकरीपेशा कर्मचारियों के लिए जो कम आय पर परिवार का भरण-पोषण करता है। उन पेंशनरो के लिए यह लोकल राहत की ट्रेन बनकर चलती थी जो महीने में एक दिन पेंशन के लिए जिला मुख्यालय पहुंचते थे। समय पर काम, समय पर घर पहुंचने की यह सुविधा राहत देती थी। वरदान थी यह लोकल, उन यात्रियों, उन छोटे कारोबारियों के लिए जो रोजी-मजदूरी और फेरी लगाकर दूसरे दिन की रोटी का इंतजाम कर पाते थे। आज यह सभी सड़क पर आ चुके हैं क्योंकि बिलासपुर से रायपुर के बीच चलने वाली 68719 ईएमयू का परिचालन 1 साल से बंद है।

### पीड़ा समझिए साहब

पेंशनरों की पीड़ा है कि माह में एक बार पेंशन के लिए जिला मुख्यालय, फिर बैंक पहुंचने के लिए घर से 2 घंटे पहले निकलना पड़ता है और काम हो जाने के 2 घंटे बाद उन्हें वापसी के लिए एकमात्र लोकल ट्रेन मिलती है याने पैसा तो दोगुना लिया ही जा रहा है साथ ही समय भी 2 गुना ज्यादा लग रहा है। यदि प्लेटफार्म पर खान-पान की सुविधा रहती तो इस समस्या से निजात मिल जाती लेकिन यह भी बंद है।

### यह सड़क पर

रोजगार और छोटी नौकरियों के सहारे जीवन चलाने वालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी बिलासपुर-रायपुर लोकल। 1 साल से बंद यात्री ट्रेनों के परिचालन तो चालू कर दिए गए हैं लेकिन 68719 बिलासपुर-रायपुर लोकल को लेकर जिस तरह मौन साध लिया गया है वह ऐसे यात्रियों को पूरी तरह सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है। यह वर्ग फिलहाल इंतजार ही कर रहा है क्योंकि रेल अधिकारियों के पास ना समय है और ना ही जरूरत समझी जा रही है।

### यह हताश

बिलासपुर से रायपुर के बीच के स्टेशनों से राजधानी और न्यायधानी के लिए बड़ी संख्या में मासिक टिकट की सुविधा के साथ नौकरी पेशा और व्यापारी वर्ग आना-जाना करता था। यह सभी रेलवे की बड़ी आय का साधन बनते रहे हैं लेकिन यह सुविधा भी अब छीनी जा चुकी है। लिहाजा यह वर्ग बेहद हताश है क्योंकि ना तो अधिकारी सहयोग कर रहे हैं ना जनप्रतिनिधियों का सहारा मिला रहा है। इसलिए यह वर्ग सड़क मार्ग से यात्रा करने पर मजबूर है।

# भारत स्काउट्स गाइड्स एडवेंचर कैंप के लिए टीम रवाना हुई

पायनियर संवाददाता | सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्काउट्स गाइड्स रोवर रेंजर्स पचमढ़ी के लिए रवाना हुए इस अवसर पर बस स्टैंड सरायपाली पर स्थानीय संघ अध्यक्ष अमृतलाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष धर्मशिला दास, विकासखंड सचिव बसना विवेकानंद दास, स्थानीय संघ सरायपाली से स्काउट मास्टर से यशवंत चौधरी, हेमंत चौधरी, एडवांस स्काउट मास्टर पूर्णानंद मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्काउट्स गाइडस रोवर रेंजर को महासमुंद जिला हेतु रवाना किया गया विदित हो कि सरायपाली एवं बसना से स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर रेंजर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में पचमढ़ी एडवेंचर कैंप हेतु बड़ी संख्या में स्काउट एवं गाइड के नेतृत्व में प्रस्थान करते हैं एवं वहां विभिन्न प्रकार के एडवेंचर किए जाते हैं रैली को रवाना करते हुए विकासखंड अध्यक्ष अमृतलाल पटेल ने एडवेंचर कैंप हेतु रवाना हुए स्काउट एवं स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर रेंजर को स्काउट्स एवं गाइड्स के नियम कानूनों का पालन करते हुए कुछ सीख कर वापस लौटने की बात कहते हुए उन्हें शुभकामनाएं शुभकामना संदेश दिया एवं मौसम अनुकूल अन्य आवश्यक तैयारियों को एक बार पुनः चेक कर रवानगी की अपील की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती धर्मशीला दास ने समस्त हाइकर्स केडेट्स को सफल यात्रा की मंगल कामनाएं प्रेषित किया विकास खंड शिक्षा अधिकारी आई पी कश्यप ने स्काउट्स एवं गाइड्स को सजग रहते हुए कोविड 19 नका पालन करते हुए अपने स्वयं के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना के साथ एडवेंचर को पूर्ण कर सकुशल वापस लौटने की शुभकामनाएं दी आज यहां सुबह स्काउटर यशवन्त चौधरी के नेतृत्व में भारत स्काउट्स गाइड्स द्वारा एडवेंचर कैंप हेतु सरायपाली से स्काउट्स गाइड्स रोवर रेंजर्स पचमढ़ी के लिए रवाना हुए इस अवसर पर बस स्टैंड सरायपाली पर स्थानीय संघ अध्यक्ष अमृतलाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष धर्मशिला दास, विकासखंड सचिव बसना विवेकानंद दास, स्थानीय संघ सरायपाली से स्काउट मास्टर से यशवंत चौधरी, हेमंत चौधरी, एडवांस स्काउट मास्टर पूर्णानंद मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्काउट्स गाइडस रोवर रेंजर को महासमुंद जिला हेतु रवाना किया गया विदित हो कि सरायपाली एवं बसना से स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर रेंजर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में पचमढ़ी एडवेंचर कैंप हेतु बड़ी संख्या में स्काउट एवं गाइड के नेतृत्व में प्रस्थान करते हैं।

## एक दिवसीय मानस गान स्पर्धा आयोजित



**कुम्हारी।** एक दिवसीय मानस गान का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से लटटी बाबा चौक में किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल का आगमन हुआ जिनका स्वागत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं महामंत्री,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी(ग्रामीण)जिला दुर्ग स्वप्निल उपाध्याय द्वारा किया गया। आयोजन समिति के सदस्यगण रामकुमार चक्रधारी, अनिल सोनकर, दिलीप धीवर, रामेश्वर सोनकर, पार्षद थनेश पटेल के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# इंसान का मन और चरित्र सुंदर होना चाहिए आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता | तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com





समीपस्थ ग्राम तुलसी मे जारी भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को भागवत आचार्य पं. नंदकुमार जी शर्मा निनवा वाले कहा कि अच्छे संस्कार से परोपकार करने की भावना आती है। यही सुखी जीवन की नींव है। संस्कारों के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है।इंसान की सुंदरता शरीर से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और वाणी से होती है। इसीलिए व्यक्ति को अपनी वाणी और चरित्र की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए. किसी भी व्यक्ति में बाहरी सुन्दरता के साथ-साथ आन्तरिक सुन्दरता होना भी आवश्यक है।उन्होंने कहा कि मनुष्य की सुंदरता का आकलन उनकी वाणी, विचार और स्वभाव से होता है! किसी भी इंसान को महान बनाने मे उसकी सोच और विचारधारा अधिक महत्त्वपूर्ण होती है, ना कि उसका शरीर! आचार्य शर्मा ने कहा कि नर हो या नारी सभी अपने सांसारिक चित्र को संवारने मे लगे है, चरित्र को संवारने की चिंता किसी को नहीं है! ईश्वर हमारे शरीर की सुंदरता को नहीं देखते, वह तो इंसान की भावना और चरित्र को देखता है! उन्होने कहा कि सुंदर होना कोई बुरी बात नहीं परंतु शरीर सुंदर होने के साथ-साथ हमें एक अच्छा इंसान भी बनना चाहिए। चरित्र अच्छा हो और सीधा-साधा मन हो तो आप सबको जीत सकते है। हमारे संस्कार हमें अंदर से सुंदर बनाते हैं और इन संस्कारों के तो हमारी ऊपरी सुंदरता किसी काम की नहीं है। इंसान का रंगरूप आज नहीं तो कल उसका साथ छोड़ ही देता है। उम्र के साथ साथ आपके चेहरे की रंगत बदल जाती है। आचार्य जी ने भगवान राम के जन्म की कथा बतायी और कहा कि आज समाज के लोगों के आचरण में जो मिलावट आई है ऐसे में भगवान राम के आचरण से हमें पवित्रता की सीख लेनी चाहिए. किसी भी मुश्किल परिस्थिति में भगवान राम ने अपना धैर्य नहीं खोया है। उन्होनें हर परेशानी में धैर्य से काम लिया है इसलिए हमें भगवान राम जी तरह जीवन की हर मुसीबत में शांति से कार्य करना चाहिए। भगवान श्री राम ने कभी भी नियति को बदलने की कोशिश नही की,जो नियति में लिखा हुआ है हमें वह स्वीकार करना चाहिए क्योंकि नियति से कोई भी नही जीत सकता! भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक है । उन्होने कहा परिदृश्य अतीत का हो या वर्तमान का, जनमानस ने राम के आदर्शों को खूब समझा-परखा है राम का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है। राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति, भाई और राजा भी थे।

# शिव की गंगा मैली नहीं हुई है

पायनियर संवाददाता | कोरिया
www.dailypioneer.com

> अनंत पापियों के पाप धोते धोते
> सारे पाप धुल जाते, तो कोई पापी न होता
> न कोई पापी होता न कोई पाप होता

साहित्य व कला मंच द्वारा बसंतोत्सव पर आयोजित कवि गोष्ठी में संस्था की कोषाध्यक्ष, महिला सशक्ति करण की मुखर कार्यकर्ता और सुख्यात कवयित्री अनामिका च वर्ती ने गोष्ठी का आगाज करते हुए अपनी रचना पड़ी इसके बाद क्षेत्र के प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट और व्यंग्यकार और संस्था संरक्षक जगदीश पाठक ने तथाकथित संतो पर व्यंग्य करते हुए अपनी रचना 'विद्वान संत' सुनाई इसके बाद संस्था के संस्थापक सदस्य और नगर के फोटोग्राफर मृत्युन्जय सोनी ने प्रेम की नई परिभाषा गढ़ते हुए कहा प्रिय,तुम मुझसे पहले जाना/खुशी-खुशी, मेरे कंधों पर चढ़कर इसके बाद क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार गंगा प्रसाद मिश्र ने बसंत पर अपनी कविता सुनाई। इसके बाद वरिष्ठ कवि राजेंद्र गुप्ता ने अपनी कविता पढ़ी मेरी जन्मभूमि, मेरी कर्मभूमि/तुझे शत शत नमन नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा आम आदमी होता है, आम नेता नहीं होता कोई इसके बाद बासंती रंगों से सराबोर गीत सुनाते हुए कोरिया साहित्य व कला मंच की संयोजक वीरांगना श्रीवास्तव ने अपनी रचना सुनाई वातावरण बदल गया/हुआ शीत का अंत, पीला-पीला है मन,पीला-पीला है बसंत संस्था की नई सदस्य और उभरती हुई कवयित्री ज्योतिमाला श्रीवास्तव ने भी अपने गीत से समां बंधा गुंजित भ्रमरों ने संदेश सुनाया, देखो रितुराज बसंत आया इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण कुमार उर्मलिया ने फागुनमास की रचना पड़ी यह विषपायी जीवन है फागुनमास/वनकन्या की मादकता भी लगती है मधुमास इसके बाद गंभीर रचना पढ़ते हुए कहा वतन बेजार है बलवाईयों की दहशत से/जिधर देखो बस्तर दिखाई देता है शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय के संस्थापक और प्रथम प्राचार्य वरिष्ठ साहित्यकार सांवलिया सर्राफ ने अपनी सबसे चर्चित रचना से मुग्ध किया डारन-डारन लद गए फुलवा/छा गई बसंत बहार रे, देवर जी ने करी ठिठोली, भाभी हो गई पीली-पीली इसके बाद वीरेंद्र श्रीवास्तव ने पुराने वस्त्रों को समेट, नए कपडों के सेट सुनाई नगर के उभरते हुए कवि गौरव ने तथाकथित विकास पर व्यंग्य कसते हुए कहा 'मेरे सारे अपने अलग हो गए/मेरा गांव देखो शहर हो गया' इस अवसर पर अनामिका च वर्ती, वीरांगना श्रीवास्तव, ज्योतिमाला श्रीवास्तव, गंगा प्रसाद मिश्र, श्रवण कुमार उर्मलिया, सांवलिया सर्राफ, वीरेंद्र श्रीवास्तव, गौरव अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, जगदीश पाठक, मृत्युन्जय सोनी, शर्मा,नारायण तिवारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद, विधायक शामिल हुए

पायनियर संवाददाता | भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा विकासखंड के ग्राम अकोली नवीन पंचायत भवन, महामाया मंदिर लोकार्पण, ग्राम सूरजपुरा गहवई कुर्मी भवन, ग्राम टेहका सामुदायिक भवन लोकर्पण एवं ग्राम अकोली सी.सी.रोड व सार्वजनिक शौचालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी मुख्य अतिथि, शिवरतन शर्मा विधायक भाटापारा, अध्यक्षता रामेश्वर वर्मा जनपद सदस्य, डब्लू ठाकुर मंडल अध्यक्ष, मोहन बांधे, रोहित साहू, खूबी राम साहू विशेष अतिथि थे। सभी को संबोधित करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा देश आज सुरक्षित हाथों में है। मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। 2022 तक सभी को पक्के मकान मिल जाएंगे। गांव के विकास के लिए पूरी सांसद निधि ईमानदारी से खर्च करेंगे। पांच साल लगातार ग्रामीणों के संपर्क में रहेंगे। दो साल धान का बोनस न देने को लेकर उन्होंने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक शिवरतन शर्मा ने ग्रामीणों को मिलजुल कर काम करने की बात कही और कहा की भाईचारा हो तो गांव हमेशा विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता है भाटापारा विधानसभा में विकास के कार्य के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और हर सम्भव प्रयास कर विकास कार्य किये जायेंगे। शर्मा ने भुपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही है शराब की बिक्री। उन्होंने कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर प्रदेश की जनता व माताओं एवं बहनों से शराबबंदी का वादा करने वालों के राज में धड़ल्ले से शराब परोसने का काम किया जा रहा है। प्रदेश में भूपेश बघेल के राज में शराब परोसे जाने का हर एक विकल्प आज उपलब्ध है, शराब की होम डिलवरी की बात करें, शराब दुकानों में अवैध शराब की ब्रिकी की बात करें। शर्मा ने आगे कहा कि भुपेश सरकार हर योजना में विफल साबित हो रही है, स्वसहायता समूह की बहनों को सहयोग की बात, बोरोजगारो को बोरोजगारी भत्ता देने की बात, किसान गरीब, ग्रामीण की बात करने वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

# एक मार्च से 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को कोविड वैक्सीन लगाई जाएगी

पायनियर संवाददाता | शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

राष्ट्रव्यापी कोविड-19, टीकाकरण अभियान में 1 मार्च, 2021 से अब 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों तथा विशेष बीमारियों के साथ 45 से 59 वर्ष के आयु वर्ग में आने वाले व्यक्ति शामिल होंगे। जिले में भी टीकाकरण के लिए कार्ययोजना बनायी गयी है।

सीएमएचओ डॉ एस आर बंजारे ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में यह निःशुल्क होगा और निजी अस्पतालों में प्रतिव्यक्ति प्रतिडोज 250 शुल्क देना होगा। जिसमें 100 रूपए सर्विस शुल्क व 150 रूपए वैक्सीन शुल्क शामिल है। निजी क्षेत्र के अस्पताल में चांपा क्रिश्चन हास्पिटल को कोविड टीकाकरण केंद्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। शासकीय टीकाकरण के लिए जिला अस्पताल के अलावा नैला मीडिल स्कूल भवन नैला को टीकाकरण केन्द्र बनाया गया।

### टीकाकरण पंजीयन के लिए फोटो आई डी जरूरी

सीएमएचओ ने बताया कि टीका लगाने के इच्छुक व्यक्ति यों को अपने साथ फोटो, आईडी दस्तावेज लाने होंगे। इनमें आधार कार्ड, निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी), ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के मामले में पंजीकरण के समय निर्दिष्ट फोटो आईडी कार्ड (यदि आधार या ईपीआईसी नहीं है) मान्य किया जाएगा। 45 वर्ष से 59 वर्ष के आयु समूह के नागरिकों के लिए बीमारी का प्रमाण पत्र (पंजीकृत डॉक्टर से हस्ताक्षरित) लाना होगा। हेल्थ केयर वर्कर और फंटलाइन वर्कर एफएल डब्लयू के लिए रोजगार प्रमाण-पत्र, अधिकारिक पहचान पत्र (दोनों में से एक फोटो और जन्म तिथि के साथ) पंजीयन के लिए के लिए लाना होगा।

### पंजीकरण तीन प्रकार से -

पंजीकरण की सरल प्र या बनाई गई। पंजीकरण तीन प्रकार से होगा। पहला एडवांस सेल्फ रजिस्ट्रेशन लाभार्थी अग्रिम रूप से को-विन 2.0 पोर्टल डाउनलॉड करके तथा आरोग्य सेतु आदि जैसे आईटी एप्लीकेशनों के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण कराने पर कोविड टीकाकरण के रूप में काम करने वाले सरकारी तथा निजी अस्पतालों की जानकारी और तिथि तथा समय की उपलब्धता की जानकारी मिलेगी। लाभार्थी अपनी पसंद का सीवीसी चुन सकेगा और टीकाकरण के लिए अप्वाइंटमेंट बुक कर सकेगा। दूसरा विकल्प सत्र स्थल पर जाकर (वॉक इन रजिस्ट्रेशन) लाभार्थी टीकाकरण करवा सकते हैं। तीसरा विकल्प सुविधाजनक कोहोर्ट पंजीकरण का होगा।

# जैजैपुर नगर अध्यक्ष अनिल सोनवानी को बनाया जिला प्रमुख



**जैजैपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा का जिला बैठक संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख रुप से जिला के विधालय महाविद्यालय के आगामी कार्यक्रम एवं अन्य प्रमुख विषयो पर चर्चा हुई बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष अरुण गुप्ता जिला संगठन मंत्री अजय ठाकुर विभाग सहसंयोजक आर्या तिवारी जिला संयोजक मनोबल सिंह जाहिरे एसएफएस प्रांत प्रमुख रामेश्वर कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पैगवार आकाश यादव एवं जिला के नगर अध्यक्ष नगर मंत्री कार्यालय मंत्री नगर सह मंत्री एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा साथ ही जिला बैठक में इकाई जैजैपुर नगर अध्यक्ष अनिल सोनवानी को नवीन दायित्व जिला एस एफ एस प्रमुख को सौंपा गया और आगे अच्छे कार्य की शुभकामनाएं दिए जिसमे इकाई जैजैपुर के समस्त कार्यकर्ता में उत्साह का माहौल है।


## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

// विज्ञापन //

क्रमांक/1268/मबावि/पो.आ./2020-21 कांकेर, दिनांक 26.02.21

**महिला स्व. सहायता समूहों से रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण**

जिले की अधोलिखित बाल विकास परियोजना/परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय हेतु सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक 31.03.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। कार्य से संबंधित शर्तें व विस्तृत विवरण 01 दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

| क्र. | परियोजना का नाम | सेक्टर का नाम जहां प्रदाय किया जाना है। | सेक्टर में आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | कांकेर | कांकेर | 26 |
| 2. | कांकेर | सिंगारभांट | 32 |
| 3. | कांकेर | मरकाटोला | 26 |
| 4. | कांकेर | पींढ़ापाल | 23 |
| 5. | चारामा | लखनपुरी | 36 |
| 6. | नरहरपुर | उमरादाह | 30 |
| 7. | अंतागढ़ | गोड़बिनापाल | 30 |
| 8. | भानुप्रतापपुर | सम्बलपुर | 27 |
| 9. | भानुप्रतापपुर | कच्चे | 30 |
| 10. | दुर्गूकोन्दल | दुर्गूकोन्दल | 33 |
| 11. | पखांजूर | मायापुर | 29 |

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
उत्तर बस्तर कांकेर

जी-87459/3


**प्रदेश भर से 40 नामवर प्रतिभाओं को अवार्ड 2021 की मानद उपाधि का सर्वोच्च अलंकरण से किया सम्मानित**

# संत रविदास जयंती पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी का सम्यक प्रबोधन सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com








महान संत रविदास की जयंती के मौके पर 27 फरवरी 2021 को भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा डॉ. अंबेडकर भवन, दानीटोला धमतरी में प्रादेशिक सम्यक् प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत भुवनेश्वरम रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी की संरक्षक सुशीला देवी बाल्मीकि ने किया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में प्रकाश सिंह बादल, डॉ.विजय कुमार, कोराम मैडम, प्रो. के. मुरारी दास,शामिल रहे। इस अवसर पर जसविंदर सिंह द्वारा लिखित पुस्तिका संत रविदास का विमोचन किया गया। वहीं प्रदेश भर से पहुंचे 40 नामवर प्रबुद्धजनो को अवार्ड 2021 की मानद उपाधि का सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया गया । इस संबंध में विदित हो कि इस आयोजन में जांजगीर-चांपा जिले से भी चार प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है। इनमें डॉ.विजय कुमार लहरे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिविल डिस्पेंसरी बाराद्वार को कोरोना संकट काल में फ्रंटलाइन कोरोना वारियर्स के रूप में किए गए कार्य के अलावा सतनामी समाज के ब्लाक अध्यक्ष के रूप में समाजिक जागरूकता के लिए किए गए प्रयासों के लिए गुरू घासीदास सम्मान, डॉ दुर्गा गबेल को कोरोना काल में उनके द्वारा कोरोना वारियर्स के रूप में किए कार्यो के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर गौरव अवार्ड , सक्ती विकासखंड में बहुजन समाज के लोगों में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक , सांस्कृतिक व शैक्षणिक जागरूकता के लिए संघर्षरत डड़ाई-सक्ती निवासी सामाजिक कार्यकर्ता उदय मधुकर को शिक्षा क्रांति दूत महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा क्रांति अवार्ड तथा सक्ती अंचल के युवा पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता डोंडकी-सक्ती निवासी योम प्रकाश लहरे को स्वच्छ व सकरात्मक पत्रकारिता के जरिए बहुजन समाज में जागरूकता लाने के प्रयासों के लिए 'प्राइड ऑफ छत्तीसगढ़ अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। सम्मान स्वरूप इन्हें साल , प्रशस्ति पत्र व अकादमी की पत्रिका प्रदान की गई है। इसके पूर्व बैंड पार्टी की धुन पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभी अवार्डियों को बैंड पार्टी के धुन पर गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करने के साथ पुष्प वर्षा की गई,कार्यक्रम का संचालन अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी.आर.बंजारे-ज्वाला ने किया। इस आयोजन में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के तत्वावधान में 36वें राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन नई दिल्ली में आगामी 13 मार्च 2021 में सहभागिता करने जा रहे प्रदेश के 7 विभूतियों डॉ . अनिता कुर्रे (जगदलपुर) , ललित कुमार भार( बसना), रूखमणि साहू (चारामा), प्रेम प्रकाश साहू (चारामा), भूषण लाल जगनायक (मगरलोड), सरोज यादव( पिथौरा), श्रीराम मिलन रावटे(कटे कल्याण), भीमसिंह सिंगापुर वलवी (नंदुरबार) को विदाई भी दी गई। इन सभी को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

संपादकीय

# ओटीटी व सोशल मीडिया सरकार के निर्देश

सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों व सोशल मीडिया पर नियमन के दिशानिर्देशों पर कुछ सवाल उठते हैं। पिछले साल वैश्विक महामारी फैलने के कारण लागू लाकडाउन के पहले चरण से सिनेमा हालों को बंद करने के आदेश तथा लोगों के अपने घरों में बंद हो जाने के बाद वेब सीरीज़ की लोकप्रियता बहुत बढ़ी। मार्च, 2020 व इसके बाद थियेटरों में जारी होने वाली अनेक बड़े बजट व अनेक स्टारों वाली फिल्में सरकार के सोशल डिस्टेंसिंग आदेश से प्रभावित हुईं, अनिश्चित स्थितियों के कारण उनको वित्तीय नुकसान हुआ तथा आनलाइन फिल्मों का नया रास्ता खुला। दिनों के सप्ताहों व महीनों में बदलने के कारण पहले से ही भय और भयानक ऊब के शिकार भारतीय परिवारों ने ओवर द टाप-ओटीटी प्लेटफार्मों पर स्ट्रीमिंग के माध्यम से वेब सीरीज़ में नया मनोरंजन खोजा। अब तक सब कुछ ठीक था। मिर्जापुर धमाके से जारी हुई और कोई शोर-शराबा नहीं मचा। इसके बाद सैफ अली खान की तांडव ने इस बात पर फोकस किया कि राजनीति से परिवेश कैसे प्रभावित होता है, इस पर हंगामा खड़ा हो गया। सभी लोगों ने सुविधाजनक रूप से भुला दिया कि 2003 में रिलीज़ हासिल ने इसी विषय पर शानदार प्रस्तुति दी थी जिसमें जिम्मी शेरगिल, इरफान खान व आशुतोष राना ने अभिनय किया था तथा तिग्मांशु धूलिया का निर्देशन था। ओटीटी दर्शकों में शामिल सीरीज़ पर गंभीरता से ध्यान देने वाले अनेक लोगों का मानना है कि 'धार्मिक भावनायें आहत होने' के नाम पर पहले एपीसोड में शिव के दृश्य पर आपत्ति वास्तव में विवादास्पद नागरिकता संशोधन कानून, 2019 व राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर जैसे मुद्दों को सीरीज़ में उठाए जाने के कारण थी।

'धार्मिक भावनायें आहत होने' के साथ ही पहले की सीरीज़ों पर आरोप लगे कि उनमें स्पष्ट यौन संबंधों वाले दृश्य थे तथा भद्दी भाषा का प्रयोग हुआ था। इससे मिर्जापुर पर पुनः ध्यान जाता है कि पहले आई इस सीरीज़ पर कोई विरोध नहीं हुआ था। केन्द्र सरकार ने हाल ही में किसान आंदोलन तथा खासकर 26 जनवरी को लाल किले पर हुई हिंसा के बाद कुछ 'अफवाह फैलाने वाले लोगों' के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। लेकिन इस पर ट्विटर अधिकारियों की सुस्त प्रतिक्रिया ने जैसे आग में घी का काम किया। इससे अधिकारी नाराज हो गए जिसका नतीजा आज ओटीटी प्लेटफार्मों व सोशल मीडिया के संबंध में जारी किए अनेक निर्देशों के रूप में सामने आया है। इससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या सरकारी नियमन निर्देशों द्वारा दोनों मीडिया पर नियमन सही है, अथवा यह उन पर दबाव बनाने या एक प्रकार से सेंसरशिप लागू करने का प्रयास है? 29 पेजों में जारी निर्देशों पर विशेषज्ञों ने अनेक आयामों को देखते हुए कुछ सवाल उठाए हैं। इनमें प्रयोगकर्ताओं की निजता तथा डिजिटल न्यूज़ मीडिया की सेंसरशिप भी शामिल है जिसका प्रभाव अंततः नागरिकों के अधिकारों पर पड़ सकता है। ऐसा लगता है कि जैसे सरकार जनता को मनोरंजन नहीं करने देना चाहती है तथा उसकी पसंद निर्धारित करना चाहती है। अच्छा होगा कि वह समझदारी का परिचय देते हुए वयस्क जनसंख्या को स्वयं यह तय करने दे कि वह सीरीज़ में कौन सा शो देखना चाहते हैं। इस वयस्क जनसंख्या को मताधिकार प्राप्त है और वह जीवन के अन्य सभी क्षेत्रों के बारे में निर्णय करना सीख सकती है। हालांकि, फर्जी खबरों को बनाने वालों और उनका प्रचार करने वालों पर कार्रवाई करना एक बिल्कुल अलग मामला है।

# जरूरत है पर्यावरण हितैषी विकास की

## पहाड़ी क्षेत्रों और देश में रहने वाले लोगों की बड़ी मांग है कि सरकार एक कारपोरेट हितैषी के बजाय एक जनहितैषी एवं प्रकृति के अनुकूल विकास मॉडल अपनाए।




गुरिंदर कौर
अर्जुन कुमार



**हिमालय एक नाजुक क्षेत्र है। उत्तराखंड में हाल ही में आई तबाही के बाद, सरकार को इस क्षेत्र में पनबिजली बांध के निर्माण पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। इसे अब विशेषज्ञों की सलाह और चेतावनी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता चंडी प्रसाद ने कहा कि उन्होंने 2010 में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर ऋषि गंगा पर जल विद्युत परियोजना के दुष्प्रभावों के बारे में चेतावनी दी थी।**

उत्तराखंड के चमोली जिले में हाल ही में तबाही हुई है, जहां नंदादेवी ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा जोशीमठ के पास अलकनंदा की धारा में गिर गया और गंभीर बाढ़ आई जिससे रांची गंगा और एनटीपीसी तपोवन विष्णुगाड की जलविद्युत परियोजनाएं और कई इमारतें नष्ट हो गईं। मारे जा रहे लोगों के लिए- प्रासंगिक सवाल उठाया गया है : क्या यह विकास या पर्यावरण और लोगों का विनाश है? चमोली की घटना ने जून 2013 की त्रासदी की दर्दनाक यादों को वापस ला दिया है जब मंदाकिनी नदी एक बादल फटने के बाद अचानक बह गई थी और पानी के प्रवाह ने 5,000 से अधिक लोगों की जान ले ली थी और बाढ़ के दिनों में फंसे लाखों लोगों को छोड़ दिया था। तथ्य यह है कि हालांकि उत्तराखंड प्राकृतिक सुंदरता और घने जंगलों, नदियों और पहाड़ों जैसे अमूल्य संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन इसमें बहुत ही नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र है। इसलिए, राज्य प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त है। रिक्टर पैमाने पर 6.8 की तीव्रता वाला भूकंप 1991 में उत्तरकाशी जिले में आया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे और हजारों घर नष्ट हो गए थे। चमोली में 1999 में आए एक और भूकंप में सैकड़ों लोग मारे गए। पिथौरागढ़ का पूरा मालपा गांव 1999 में बड़े पैमाने पर भूस्खलन से तबाह हो गया था और 250 लोगों की जान चली गई थी।

हालांकि भूकंप, बादल फटने, भूस्खलन, बड़े पैमाने पर हिमस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाएं सदियों से उत्तराखंड में प्राकृतिक प्रक्रियाओं का हिस्सा रही हैं, उनकी आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि मानव गतिविधियों के कारण होती है। उत्तराखंड के मूल निवासी पूरी तरह से जागरूक हैं और उन्हें अपने पर्यावरण की नाजुकता और पर्यावरण-संवेदनशीलता के बारे में व्यापक ज्ञान है। सदियों से वे पर्यावरण के साथ सद्भाव में रहते हैं, लेकिन अब, इस स्थिरता को अंधाधुंध विकास और पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के कारण खतरा है। वे लंबे समय से अपने राज्य को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। जून 1950 की शुरुआत में, गढ़वाल की एक पर्यावरण कार्यकर्ता मीरा बेहान ने ''हिमालय में कुछ गलत है'' शीर्षक से एक लेख प्रकाशित किया था, जिसमें कहा गया था कि उत्तराखंड में बाढ़ का कहर बरपा है क्योंकि पर्यावरण की संवेदनशीलता की अनदेखी की जा रही है। आर्थिक विकास की प्रक्रिया। बाद में, उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भी लिखा। यह ध्यान रखना उचित है कि हालिया दुर्घटना का स्थल चिपको आंदोलन का उद्गम स्थल है जो वाणिज्यिक लकड़ी फर्मों से पेड़ों को बचाने के लिए शुरू किया गया था। पहला विरोध अप्रैल 1973 में ऊपरी अलकनंदा घाटी में मंडल के गांव के पास हुआ। अलस, अतीत और वर्तमान सरकारों ने न तो स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं की फरियाद सुनी और न ही 2013 की त्रासदी से कोई सबक सीखा। फिर भी, 50 से अधिक अलकनंदा और भागीरथी नदियों पर पनबिजली परियोजनाएं चल रही हैं, हालांकि विशेषज्ञों की एक समिति ने चेतावनी दी है कि इस तरह की परियोजनाएं राज्य और इसकी कमजोर पारिस्थितिकी के लिए खतरा थीं।

वास्तव में, भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व जल संसाधन मंत्री उमा भारती ने अपने समय में केंद्र से गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों पर बिजली परियोजनाएं नहीं बनाने का अनुरोध किया था क्योंकि हिमालय एक नाजुक क्षेत्र है। उत्तराखंड में हाल ही में आई तबाही के बाद, सरकार को इस क्षेत्र में पनबिजली बांध के निर्माण पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। इसे अब विशेषज्ञों की सलाह और चेतावनी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता चंडी प्रसाद ने कहा कि उन्होंने 2010 में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर ऋषि गंगा पर जल विद्युत परियोजना के दुष्प्रभावों के बारे में चेतावनी दी थी। 2021 में उनकी सबसे बुरी आशंकाओं का एहसास हुआ। उन्होंने दावा किया कि अगर उनकी चेतावनी को 2010 में ध्यान में रखा गया होता, तो तबाही को रोका जा सकता था। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और 1980-2005 के बीच यह पिघल दोगुना हो गया है। भले ही सरकार पेरिस जलवायु समझौते के अनुसार ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में कटौती करती है, हिमालय और हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला के एक तिहाई ग्लेशियर 21 वीं सदी के अंत तक पिघल जाएंगे। इसलिए, तापमान में वृद्धि के साथ प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ने की तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

भारत में प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि जलवायु परिवर्तन का एक परिणाम है, लेकिन उनके प्रभाव में वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों की अधिकता के कारण है। केंद्र और राज्य सरकारें पर्यावरण नियमों की अनदेखी कर कॉर्पोरेट विकास को आगे बढ़ा रही हैं। उत्तराखंड चार धाम मार्ग के 900 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन कानून की नियमित रूप से सराहना करते हुए जलवायु त्रासदियों को आमंत्रित कर रहा है और इसकी सुंदरता को नष्ट कर रहा है। आश्चर्यजनक रूप से, ये सड़कें पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। 900 किलोमीटर के इस खंड का निर्माण 53 छोटे वर्गों में विभाजित करके किया गया था। पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन विभाग की अनुमति के लिए पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरने वाली 100 किमी से अधिक सड़क का निर्माण करना होगा। इस सड़क की चौड़ाई 12 मीटर रखी जा रही है, जिसके लिए 24 मीटर की चौड़ाई वाली भूमि की आवश्यकता होगी। गौरतलब है कि अधिकांश यूरोपीय देशों ने पहाड़ों में अपनी सड़कों की चौड़ाई आठ मीटर तक रखी है। 7 फरवरी की तबाही के बाद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश उत्तराखंड के साथ खड़ा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को वित्तीय सहायता की भी घोषणा की। लेकिन उत्तराखंडियों के लिए इस तरह के वादे और वित्तीय सहायता का कोई फायदा नहीं है क्योंकि लगातार सरकारों द्वारा पर्यावरणीय नियमों की लापरवाही ने प्राकृतिक आपदाओं को दोहराया है। केंद्र और राज्य की सहायता से कुछ लाख लोगों को अपने घरों के पुनर्निर्माण या अपने प्रियजनों को वापस लाने में मदद नहीं मिली।

# प्रौढ़ शिक्षा के नए आयाम

**“आनलाइन माध्यम से प्रौढ़ शिक्षा तक सबकी मुफ्त पहुंच में आईसीटी के व्यापक प्रयोग पर जोर दिया जाना चाहिए।”**



विपिन कुमार
(लेखक शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं)

अमेरिकन उद्योगपति हेनरी फोर्ड ने कहा था, 'सीखना बंद करने वाला कोई व्यक्ति बूढ़ा हो जाता है, चाहे यह 20 की आयु में हो या 80 की आयु में। लगातार सीखने वाला कोई व्यक्ति न केवल युवा रहता है, बल्कि भौतिक क्षमता में परिवर्तन के बावजूद लगातार ज्यादा मूल्यवान होता रहता है।' यह बात आज भी खासकर अशिक्षित नौजवानों के लिए सही है। प्रौढ़ शिक्षा-एई का विस्तार स्कूली विकल्पों तक हुआ है जिसमें 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोग शामिल हैं जो औपचारिक शिक्षा नहीं प्राप्त कर सके हैं, पर अब उसे जारी रखना चाहते हैं। हालांकि, भारत की साक्षरता दर 1947 में 12 प्रतिशत से बढ़ कर 2011 में 73 प्रतिशत हो गई है, पर प्रौढ़ साक्षरता अब भी सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है। भारत में निरक्षरों की कुल संख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 25.76 प्रतिशत थी जो दुनिया में सबसे अधिक है। देश में अनेक केन्द्र व राज्य सरकारों ने प्रौढ़ साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहलें की हैं। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 1986 के अंतर्गत राष्ट्रीय साक्षरता मिशन अधिकरण-एनएलएमए की स्थापना की गई थी ताकि 15-35 आयुवर्ग के निरक्षरों को समयबद्ध तरीके से शिक्षित किया जा सके। इसके बाद मार्च, 2018 तक साक्षर भारत कार्यक्रम चला।

कार्यक्रम में व्यापक परिवर्तन से 7.63 करोड़ निरक्षरों को कारगर साक्षरता प्रदान करने में सहायता मिलेगी जिसमें 5.38 करोड़ महिलायें शामिल हैं। इसके लिए चार व्यापक लक्ष्य-मूल साक्षरता एवं अंक ज्ञान, मूल शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा सतत शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। इस कार्यक्रम में सरकार ने वित्तीय साक्षरता आयाम के रूप में साक्षरता के नये आयाम शामिल किए हैं तथा वयस्क निरक्षरों या नवसाक्षरों के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना में एक करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं। विधिक साक्षरता के लिए एक नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिसका विकास नवसाक्षरों में अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इन आयामों को एनईपी, 2020 में एई के महत्वपूर्ण जीवन भाग तथा आजीवन शिक्षा अध्यायों में शामिल किया गया है। नए पाठ्यक्रम का विकास राष्ट्रीय साक्षरता शोध एवं प्रशिक्षण परिषद-एनसीईआरटी ने किया है। इसमें पांच आयाम-मूल साक्षरता एवं अंक साक्षरता तथा महत्वपूर्ण जीवन कौशल हैं जिसमें वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्यरक्षा एवं जागरूकता शामिल हैं। इसके साथ ही बच्चों की देखभाल और शिक्षा तथा परिवार कल्याण, व्यावहारिक कौशल विकास, मूल शिक्षा तथा सतत शिक्षा भी शामिल हैं। इन समग्र वयस्क शिक्षा पाठ्यक्रमों में कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल, मनोरंजन तथा महत्वपूर्ण जीवन कौशलों पर अधिक परिष्कृत सामग्री समाहित है।



एनईपी, 2020 में मजबूत व खोजी सरकारी पहलों की संस्तुति की गई है ताकि एई के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता व तकनीक का सहज व लाभदायक समावेशन संभव हो सके। इससे शत प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त होगा। ये संसाधन संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्य-एसडीजी 4.6 के प्राप्ति के लिए आवश्यक हैं। प्रौढ़ साक्षरता को गति देने के लिए केन्द्रीय बजट 2021-22 में कहा गया है, 'संसाधनों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रौढ़ साक्षरता के सभी आयामों के लिए आनलाइन माड्यूल शामिल किए जाएंगे।' इस प्रकार एई कार्यक्रम में सुधार के लिए राज्यों व केन्द्रशासित क्षेत्रों में प्रौढ़ साक्षरता तक मुफ्त पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी-आईसीटी के व्यापक प्रयोग पर जोर दिया गया है। आनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित की गई है जिसमें प्रयोगकर्ता आवश्यक सूचनाओं, जैसे, नाम, जन्मतिथि, जेंडर, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, आदि के माध्यम से पंजीकरण कर मोबाइल या किसी जन सेवा केन्द्र-सीएससी या डिजिटल बूथ या साइबर कैफे के माध्यम से कक्षा में शामिल हो सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर एनसीईआरटी, एनआईओएस, नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर तथा डीएई केन्द्रीय माड्यूलों, पोर्टल व एप डिजाइन तथा विकास में सहायता करेंगे। राज्य तथा केन्द्रशासित क्षेत्र जीवन्त प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के लिए विभिन्न पक्षों के साथ साझीदारी कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने एक बार कहा था, 'व्यापक निरक्षरता भारत का पाप और शर्मनाक पहलू है। इसे समाप्त किया जाना चाहिए।'

## फरमाया



**कांग्रेस** पिछले दशक में कमजोर हुई है। हम पार्टी के भले के लिए आवाज उठा रहे हैं। इसे पुनः हर जगह मजबूत किया जाना चाहिए।

**- आनंद शर्मा**
कांग्रेस नेता



**संवैधानिक** लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान करने वाले सभी लोगों के लिए यूपी के सदन में असंसदीय शब्दों का प्रयोग चिंता का विषय है।

**- अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष



**वोकल** फार लोकल अभियान को जनांदोलन का रूप देने में हुनर हाथ अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दक्षतापूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**- मुख्तार अब्बास नकवी**
केंद्रीय मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## मोबाइल और स्वास्थ्य

**वर्तमान** दौर में हम सभी पर स्मार्टफोन व मोबाइल फोन लोगों पर हावी होते जा रहे हैं। यह बच्चों से लेकर बड़ो तक को समान रुप से प्रभावित कर रहा है। हाल ही में सिने अभिनेता आमिर खान द्वारा तीन माह तक स्मार्टफोन उपयोग न करने के निर्णय ने सभी को अपनी जीवन शैली में झांकने का अवसर दिया है।हमारी जीवन शैली के सभी पहलुओं में मोबाइल ने दखल दिया है परंतु एक स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हो गया है कि कामकाज और घर के दायरे को स्पष्ट किया जाए लेकिन वास्तविकता ये है कि हमारी मोबाइल की लत ने हमारे घर को भी कार्यस्थल में परिवर्तित कर दिया है। अधिकांश लोगों का मानना है कि विभिन्न गैजेट के उपयोग से मानसिक तनाव बड़ा है इन तथ्यों से आवश्यक हो गत है कि हम सभी को डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता है अर्थात हमे दिन में कुछ समय के लिए मोबाइल से दूरी सुनिश्चित करनी चाहिए। सर्वे बताते है कि 33 प्रतिशत लोगो को यदि कुछ समय मोबाइल न मिले तो बो बैचेन हो जाते है तो 44 प्रतिशत लोग विस्तार पर मोबाइल रखकर सोते है। मोबाइल ने न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया अपितु सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित किया है।

– **माधव पटेल**, दमोह, मप्र

## क्या अमर होती है स्मृति?

**एक** जानकारी के मुताबिक पलक झपकने से तीन गुना तेज याद आती है, घटनाएं के बारे में पढ़ा। स्मृतियां सिमेटिक-भाषा के तथ्य समझने पर व एपिसोडिक व्यक्ति विशेष के लिए खास महत्व रखती है। रटंत क्रिया से भी याददाश्त मजबूत होती है। चिंतनीय प्रश्न यह उठता है कि क्या इंसान के मरने के बाद स्मृतियां अमर होती हैं? पुनर्जन्म के उदाहरण में तो स्मृतियाँ पहचान का आधार बनाती कई घटनाएं पढ़ने, सुनने में आती रही है। कई लोगों को पिछले जन्म की घटनाएं याद रहती है। छोटी उम्र में पुनर्जन्म की बातें ज्यादा याद रहती। फिर बड़े होने पर कम हो जाती है। पुनर्जन्म पर कई फ़िल्में, सीरियल भी बने हैं। आज भी कई बच्चे ऐसे जिनकी जनरल नॉलेज की मेमोरी बहुत ही तगड़ी है और इसी प्रतिभा के कारण गिनीज बुक रिकार्ड में भी उनका उल्लेख है । ज्योतिष और विज्ञान भी स्मृति अमर और शरीर ख़त्म होने की बात कहता है। पुनर्जन्म में मेमोरी ट्रांसफर भी शरीर से दूसरे शरीर में प्रवेश होती होगी। इसी प्रकार से मनुष्य के शरीर में हवा लगना यानि भूत, प्रेत चुड़ैल आदि का लगना जिसको ओझा ,जानकार द्धारा उतारा भी जाता है। कोई इसी मानसिक रोग मानता है किंतु बाधा पीड़ित इंसान की बाधा होने से बोली भी बदल जाती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

## बहाल करें शासकीय बसें

**मध्य** प्रदेश के सीधी में बस हादसे के बाद राज्य शासन ने बसों की मॉनिटरिंग एवं जांच पड़ताल तेज कर दी है। सख्त कार्यवाही के विरोध में एवं बस भाड़े में वृद्धि किए जाने को लेकर बस ऑनर्स मध्य एसोसिएशन द्वारा बसों के परिचालन को बंद करने की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश में दबे सुर में राज्य परिवहन की शासकीय सेवा को पुनः बहाल करने की मांग भी उठने लगी है। प्रदेश के कई सांसदों ने भी इस बात का समर्थन किया है। राज्य शासन को इस सुझाव पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। विदित हो कि कई वर्षों पूर्व मध्यप्रदेश में घाटे एवं बदहाली के चलते राज्य परिवहन निगम की बसों को बंद कर दिया गया था। शासकीय बसों के परिचालन के संबंध में राज्य शासन को महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान जैसे राज्यों के मॉडल का अध्ययन करना चाहिए। इन प्रदेशों में शासन द्वारा परिवहन की कम खर्चीली और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान की जा रही है। शासकीय बसें चलने से निजी बसों की मनमानी, अशिष्ट व्यवहार एवं एकाधिकार पर प्रभावी तरीके से रोक लग सकेगी।

– **ललित महालकारी**, इंदौर

## 2021 का बजट शराबबंदी वादा की तरह खोखला : नीतू कोठारी



**बेमेतरा।** कोरोना महामारी से उभरते भारत मैं एक और छत्तीसगढ़ के आम जनता छत्तीसगढ़ सरकार के वादा पूरा होने के लिए मौत आ कर रही है वहीं दूसरी ओर माननीय भूपेश बघेल आज के बजट में पुराने बजट को दोहराते हुए आम जनता को संतुष्ट बजट नहीं दे पाया। सरकार एक और वादाखिलाफी करके चुनाव जीती वहीं दूसरी ओर युवाओं के सारे प्लेटफार्म को नष्ट करते हुए नाउन को बेरोजगारी भत्ता न रोजगार किसी भी प्रकार से संतुष्ट नहीं कर पाई। बेरोजगारों के लिए कोई रोजगार की योजना नही हैं सरकार का बजट लोगों को छलावा करने वाला बजट हैं पहले भी गढ़कलेवा की घोषणा किए थे जों आज सबके सामने हैं बेमेतरा जिले की उपेक्षा हुई हैं घोषणा पत्र के वादों को भूपेश सरकार भूल गई हैं न सम्पति कर आधा हुआ ना बेरोजगारों को 2500 मिला ना शराबबंदी हुई ना किसी को घर मिला सरकार का काम अब केवल कागजो पर ही दिख रहे हैं ये कागजों की सरकार हैं जल्द पानी में डूब जाएगी बेमेतरा जिला योजनाओं से वंचित व युवाओं के लिए निरर्थक सरकार साबित हुई है।

# पोंडी में आगनबाड़ी शौचालय टैंक का छत गिरा निर्माण में गड़बड़ी की आशंका

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पोंडी ,ग्राम पंचायत पोंडी के वार्ड क्रमांक दो के आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय टैंक का छत पिछ्ले कुछ महीने से गिर चुका है इस वार्ड के पंच मुस्ताक खान ने बताया कि उक्त मामले को पोंडी पंचायत के सचिव को जानकारी दिया गया है लेकिन सचिव का कहना है कि शासन से स्टीमेट आने के बाद शौचालय टैंक का मरम्मत किया जाएगा। अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पोंडी पंचायत के सरपंच और सचिव कितने जिम्मेदार है जबकि होना तो ये था कि तुरन्त उस शौचालय की टैंक की मरम्मत करानी चाहिए जिससे उस के आंगनबाढ़ी और वार्ड नम्बर दो के बच्चे उस गड्ढे में गिरने से बच सके।

### सचिव सरपंच हादसे का कर रहे इन्तजार

शौचालय टैंक जैसे ही टूटा निर्माण तत्काल कराना था लेकिन पंच मुस्ताक खान के जानकारी देने के बाद भी ध्यान नही देना मानो ऐसा प्रतीत होता है कि उस वार्ड के बच्चों की जान जोखिम में डाला जा रहा है 1 छोटा सा टैंक का छत तो पंचायत खुद मूलभूत की राशि या अन्य मद से खर्च कर सकती थी लेकिन सचिव शासन को स्टीमेट बनाके भेजने की बात कहता है अब जब सचिव खुद ये बोले तो लगता है किसी हादसे का इन्तिजार है।






### पूर्व सरपंच के कार्यकाल में हुआ था इस शौचालय का निर्माण

कुछ साल पहले ही इस शौचालय का निर्माण हुआ था इस टैंक में सिर्फ रेत और गिट्टी नजर आ रहा है लेकिन छड़ नहीं है अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनता जो अपनी गाढ़ी कमाई से जो टैक्स भरती है उन सरकारी पैसे का जनप्रतिनिधि किस तरह इस्तेमाल करते है जब शौचालय निर्माण में इतना गड़बड़ी है तो फिर अन्य निर्माण में कितने गड़बड़ी करते होंगे।

### साफ सफाई पे केंद्र और राज्य सरकारें करते है विशेष पहल

वैसे तो राज्य और केंद्र सरकार शौचालय और साफ सफाई पे विशेष पहल करते है भारी भरकम राशि भी खर्च की जाती है लेकिन पोंडी पंचायत साफ सफाई में निष्क्रिय है और इस तरह शौचालय को खुला छोड़ देना पंचायत कितना लापरवाह है इससे समझा जा सकता है जब पंचायत के मुखिया और सचिव ही लापरवाही बरते तो आमजनों के मूलभूत सुविधा ही को तरसे तो बाकी विकास कार्य की उम्मीद करना बेमानी है जब नाली की साफ सफाई और शौचालय ही की देखरेख न कर पाए तो पंचायत किस काम का।

### गंभीर बीमारी का खतरा

शौचालय टैंक का इस तरह खुले रहना किसी गंभीर बीमारी की भी संभावना बनी हुई है इसी तरह नाली और अन्य स्थल में कचरे और अन्य गंदगी इस पंचायत में जगह जगह है जो गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है अब देखना ये है कि पंचायत कितना जवाबदारी से इन मूलभूत जरूरी चीजों को गंभीरता से लेती है या पहले की तरह लापरवाह ही रहेगी। एक तरफ तो स्वच्छ भारत का अभियान चल रहा है हर जगह साफ सफाई और शौचालय निर्माण कार्य चल रहा है लोगों को उसका इस्तेमाल और साफ सफाई एवं बीमारियों से बचने के लिए सरकारें प्रयास भी कर रही है लेकिन पोंडी पंचायत में सरपंच सचिव इससे कोसो दूर है।

## कोविड-19 टीकाकरण का तृतीय चरण की सभी तैयारियां पूर्ण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 01 मार्च 2021 से टीकाकरण के तृतीय चरण के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिको तथा किसी दूसरी बिमारी से ग्रसित 45 से 59 वर्ष उम्र के नागरिको को कोविड-19 का टीका लगाया जायेगा। 60 वर्ष की गणनाहेतु कटऑफ 01 जनवरी 2022 निर्धारित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एस.के. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित सभी चिन्हित टीकाकरण सत्रों में निर्धारित आयु समूह के नागरिक अपना पंजीयन कर कोविड-19 टीके का टीकाकरण करा सकते है। इसके लिए 60 वर्ष आयु पूर्ण हो चूके नागरिकों को पहचान पत्र दिखाकर अपना पंजीयन कराना होगा तथा 45 से 59 वर्ष आयु समूह के नागरिकों को जो किसी बिमारी से ग्रसित है, उन्हे चिकित्सा प्रमाण पत्र पंजीकृत डॉक्टर से हस्ताक्षरित एवं आयु के लिए प्रमाण पत्र दिखाकर अपना पंजीयन टीकाकरण सत्र स्थल में कराना होगा। इसके साथ ही डॉ. शर्मा ने बताया कि निर्धारित आयु के नागरिकों को अपने साथ फोटो आई.डी. दस्तावेज लाने होगें जैसे आधार कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेन्स, पैनकार्ड एवं मोबाईल साथ लाना अनिवार्य होगा जिसके माध्यम से कोविन 2.0 पोर्टल में पंजीयन किया जायेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण के तृतीय चरण के सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया गया है, टीकाकरण के लिए जिले में कुल 26 टीकाकरण सत्र चिन्हांकित किया गया है, जहां 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों तथा किसी अन्य बिमारी से ग्रसित 45 से 59 वर्ष आयु के नागरिकों को टीकाकृत किया जायेगा। इसके साथ ही पूर्व में पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता एवं अग्रीम पंक्ति के अधिकारी /कर्मचारियों को यह सेवा पूर्व की भांति निर्धारित टीकाकरण दिवस पर टीकाकृत किया जायेगा, जिसके लिए उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एस.एम.एस. के माध्यम से सूचना मिलेगी। कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण तीन प्रकार से होगा:-पहला एडवांस सेल्फ रजिस्ट्रेशन लाभार्थी अग्रीम रूप से को-विन 2.0 पोर्टल डाउनलोड कर या आरोग्य सेतू एप्लीकेशन के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते है, जिससे लाभार्थी अपने पसंद का कोविड टीकाकरण सत्र स्थल का चयन कर सकता है। दूसरा विकल्प ऑनसाईट रजिस्ट्रेशन अर्थात टीकाकरण सत्र स्थल पर निर्धारित आवश्यक दस्तावेज दिखाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है।

# नवीन कन्या में धूमधाम से मनाया गया बसन्त उत्सव

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कोरोना के 1 वर्ष के संक्रमण काल के उपरांत छत्तीसगढ़ के सभी विद्यालयों में छात्र/छात्राओ का शुभ आगमन हो गया, विद्यालयों में खुशी का माहौल दिख रहा है। इसी खुशी के माहौल में विद्या की देवी माँ सरस्वती के अवतरण दिवस, बसन्त पंचमी का उत्सव विधिवत पूजन कार्य करते हुवे धूमधाम से मनाया गया। बसंत पंचमी के इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शुक्ला और शिक्षकों ने माँ सरस्वती की पूजा की , छात्र-छात्राओं ने अपने द्वारा लाया गया नारियल माँ सरस्वती को भेंट की और उनसे विद्या का अमूल्य धन मांगा, छात्राओ द्वारा सुमधुर माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया।

प्राचार्य प्रमोद शुक्ला जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति के नवोन्मेष का पर्व है वसंत पंचमी, वसंत ऋतु के आगमन पर सम्पूर्ण प्रकृति में प्रसन्नता का वातावरण होता है। इस दुनिया का सबसे बड़ा धन विद्या है, जिस किसी के पास विद्या है उसे हर जगह सम्मान और धन पाने से कोई रोक नही सकता। विद्या की देवी माँ सरस्वती है, इस कारण यह वसन्त पंचमी का उत्सव छात्र जीवन मे बहुत महत्वपूर्ण है,हमे अन्य धन की अपेक्षा विद्या धन को प्राप्त करने के लिए अधिक प्रयास करना चाहिए। माँ सरस्वती का पूजन साधारण सा कर्मकाण्ड न होकर इस पर्व से ज्ञान आराधन हेतु सम्पूर्ण मनोयोग से जुड़ने का नाम है। अतः हम आप सब ज्ञान आराधन में अपनी ऊर्जा का निवेश करें। इस अवसर कर विद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष वर्षा रानी ठाकुर जी ने छात्रों को अपना शुभकामनाएं प्रेषित किया, इस अवसर पर विद्यालय संतोष पांडेय, प्रेमप्रकाश पांडेय, राकेश पांडेय, लक्ष्मी मरकाम, बिसेन चंद्रवशी, आर एस राय, कृष्ण लता उपाध्याय, गायत्री गुप्ता, उमेन्द्र निर्मलकर, वजन राम साहू जी और स्टाफ उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के प्रमाणीकरण नवीनीकरण का शिविर का तुकाराम चंद्रवंशी ने निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विकासखंड मुख्यालय बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार 1 मार्च को समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाणीकरण,नवीनीकरण, यू डी आई जी पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का परीक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर जिलापंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने शिविर का निरीक्षण कर विशेषज्ञों और डॉक्टरों से बातचीत कर उचित सुविधा प्रदान करने अपनी बात रखी जिसके उपरांत डॉक्टरों द्वारा तुकाराम चन्द्रवंशी से नाक,कान में लगाये जाने वाले संयंत्रों का परीक्षण किया और स्वयं तुकाराम चन्द्रवंशी जांच भी कराये । वही इस शिविर को लेकर तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि निशक्तों को कोई असुविधा न



हों राज्य सरकार बेहद ही संवेदनशील है ,जब जिले के कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर जी मंत्री बनने के बाद कवर्धा जिला में स्वास्थ्य विभाग में बड़ा परिवर्तन तब हुआ, यह अनूठा पहल है,जिला अस्पताल व अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञों के रिक्त पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति किया गया इससे पहले जिला अस्पताल व जिला के सभी सरकारी अस्पताल केवल रिफर सेन्टर बन गया था लेकिन हमारे मंत्री अकबर भाई के विशेष प्रयासों से यह संभव हुआ। तुकाराम ने बताया कि पहली बार दिव्यंजनो को उनके क्षेत्र में पहुचकर उनका परीक्षण और त्वरित प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है साथ ही निशक्तजनों का यू डी आई डी पंजीयन भी साथ ही साथ किया जा रहा ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगो को मिल सकें। शिविर में अस्थि बाधित 203 पंजीयन,श्रवण बाधित 34 पंजीयन,दृष्टि बाधित 29 लोगों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किया गया है । इससे पूर्व दिव्यांगता परीक्षण कराने और दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक लोगो को महीनों तक चक्कर लगाने पड़ता था ।किन्तु आज ब्लाक स्तर पर ऐसे शिविर के आयोजनों से जनमानस को सुविधा मिली जिससे इस शिविर का हिस्सा बने जनमानस काफी हद तक राहत महसूस।

शिविर में जनपद सभापति प्रतिनिधि पवन चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य पालेश्वर चंद्राकर सहित चिकित्सक आदित्य चंदेल अस्थि रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक केशव धुर्वे ईएनटी रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक वीरेंद्र श्रीवास्तव अस्थि रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक दिलीप सिंह,अनामिका मढ़रिया नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी व पंचायत सचिवों ने अपनी सेवाए दी।

# ग्राम मटका में आंगन म शिक्षा का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत मटका, विकासखंड बेमेतरा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, क्रियात्मक, सामाजिक, भावनात्मक विकास, भाषा विकास एवं गणित की पूर्व तैयारी आदि सम्मिलित है। राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को सुदृढ़ करने स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा इस कार्यक्रम का पहल किया गया है। सांस्कृतिक रंगमंच मटका में आयोजित इस कार्यक्रम में अरविंद मिश्रा (सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा), कमल नारायण शर्मा (एपीसी), सतीश शर्मा (बीआरसीसी), भुवाल सर (डाइट बेमेतरा), जितेंद्र यदु (पूर्व जनपद सदस्य) एवं रोशन ध्रुव(सरपंच )द्वारा सरस्वती पूजा के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत समारोह के पश्चात राजकुमार कोसले (प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल मटका) द्वारा शाला पर आयोजित विभिन्न गतिविविधियों की जानकारी दी गई। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी स्व प्रेरित शिक्षिका ज्योति बनाफर (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका )द्वारा दी गई कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास एवं स्कूल जाने से पूर्व की तैयारी आनंदमय माहौल और खेलकूद के माध्यम से किया जाना है। इसके जरिए बच्चों को माताएं घर में अलग-अलग शैक्षणिक गतिविधियां कराएँगे। जिसे वे शिविर में लगे 9 काउंटर के माध्यम से सीखेंगे। बच्चों का प्रथम मूल्यांकन आज शिविर में आयोजित कार्यक्रम द्वारा किया जाएगा। तथा 1 माह बाद पुनः इन्हीं चिन्हित बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा।

उसे एक सपोर्ट कार्ड में दर्शाया जाएगा यह सपोर्ट कार्ड माताओं को शिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक संचालक अरविंद मिश्रा द्वारा शाला में कार्यरत शिक्षकों को कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा - शास्त्रों में कहा गया है कि मां से बड़ा कोई गुरु नहीं। जिस प्रकार जामवंत ने हनुमान जी को उनकी शक्ति का याद दिलाया था।

# बिना विस्थापन गरीबों के आशियानों को उजाड़ने की मंशा का होगा पुरजोर विरोध : बाजपेई

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र की मुख्य सड़क स्टेशन चौक से महामाया मंदिर तक सड़क को चौड़ा करने की प्रस्ताव विगत दिनों परिषद की बैठक में लाया गया था इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए वार्ड क्रमांक 9 पार्षद निश्चय बाजपेई ने कहा है कि समुचित योजना के बिना मात्र अनुमानों के आधार पर योजना बनाई गई है जबकि सर्वप्रथम विस्थापन और मुआवजे की समुचित योजना बननी चाहिए ताकि विस्थापितों को किसी प्रकार का कष्ट ना हो परिषद की बैठक में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से कितने लोग प्रभावित हो रहे हैं या होंगे कितनी शासकीय भूमि है एवं कितनी निजी भूमि की आवश्यकता होगी विस्थापन और मुआवजे की लागत का क्या आकलन किया गया है कुम्हारी में नई परंपरा का



चलन हो रहा है जिसमें पहले कपड़े सिलना और बाद में नाप लेना घनी आबादी के मध्य सड़क के चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और सर्वे तक नहीं किया गया है जोकि सर्वथा अनुचित है उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा के सर्वप्रथम विस्थापन की पारदर्शी योजना बनाकर सार्वजनिक की जाए क्योंकि लोग यहां पर पंचायत के समय से रह रहे हैं विस्थापन गरीबों का मौलिक अधिकार है और बिना समुचित व्यवस्था के एक भी गरीब का मकान टूटने नहीं दिया जाएगा पिछले दिनों कुम्हारी पालिका परिषद की बैठक में उपरोक्त प्रस्ताव को लाया गया था यह सड़क कुम्हारी बस्ती की घनी आबादी के बीच से होते हुए गुजरती है सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में मकान और दुकानें हैं बहुत से लोगों की आजीविका इस सड़क से जुड़ी हुई है और यह एक संवेदनशील प्रकरण है इस पर पारदर्शिता के साथ कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना नितांत आवश्यक है। प्रशासन में बैठे जिम्मेदार लोगों को यह समझ लेना चाहिए कि उन्होंने संविधान की कसमें खाई हैं ना कि मोतीचूर के लड्डू। पार्षद निश्चय बाजपेई ने बताया कि यहां तीन प्रकार की भूमि है निजी स्वामित्व शासकीय भूमि और आबादी भूमि इस प्रकार मुख्य रूप से निजी स्वामित्व और आबादी भूमि पर दोगुने दाम पर मुआवजा देने का नियम कानून है प्रशासन को चेतावनी देते हुए बाजपेई ने कहा कि पहले विस्तार से सर्वे किया जाए लोगों को सुनवाई का अवसर दिया जाए सब के साथ न्याय हो और बिना किसी भेदभाव से सबका विकास हो विस्थापन और मुआवजे की समुचित व पारदर्शी योजनाएं सुनिश्चित की जाए उन्होंने प्रशासन को सावधान करते हुए कहा कि अगर इस मामले पर मनमानी करने की कोशिश होगी तो सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई लड़ी जाएगी जो कि कानूनी सीमाओं पर ही होगा। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीतेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मामले में सब कुछ स्पष्ट है, अभी परिषद में सबसे रायशुमारी की गई है, योजना में समस्त कार्रवाई संवैधानिक एवं विधि अनुकूल होगा तत्पश्चात ही योजना को अमलीजामा दिया जाएगा।

**दो अज्ञात आरोपियों ने दो ट्रकों के साथ एक इनोवा और ट्रैक्स कार अड़ाकर ट्रकों को रोका**

# मध्यप्रदेश में गिरफ्तार किया गया लुटेरे से 26 लाख का गुटखा एवं तम्बाखू बरामद

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

फरवरी 6 को केय पान सुगंध प्रायवेट लिमिटेड सिरगिट्टी बिलासपुर से राजश्री पान मसाला की 27456 पैकिंगस करीब (264 बोरा राजश्री गुटखा तथा 60 बोरा तम्बाखु) कीमत करीब 26 लाख रूपये का उपरोक्त पान मसाला हेमंत ट्रेडर्स गंज लाईन राजनांदगांव के लिए रवाना किया गया था जो करीबन शाम 06 बजे से 07.30 बजे के मध्य ग्राम देवरबीजा के आगे दुर्ग की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर होकर ट्रक क्र. सीजी 10 सी 4353 जिसमें राजश्री गुटखा 264 बोरा तथा वाहन क्र. सीजी 07 सी 9763 में तम्बाकू पाउच का 60 बोरा परीवहन की जा रही थी कि उपरोक्त दरम्यान में अज्ञात आरोपियों द्वारा दो ट्रकों के साथ एक इनोवा और टाटा हेक्सा वाहन में पहुचकर उपरोक्त दोनों ट्रकों को रोककर तथा दोनों ट्रकों के ड्रायवर के हाथ, मुह बांध दिये गये। तथा कोदवा के पास एक खेत में उन्हें छोड़ दिया गया था एवं उनकी ट्रको से 264 बोरा राजश्री पान मसाला तथा 60 बोरा तम्बाखू पैकेट लूट कर ले गये थे। घटना के पश्चात ट्रक चालक प्रमोद कुमार वर्मा पिता रामस्नेही वर्मा उम्र 45 साल निवासी सिरगिट्टी बिलासपुर के रिपोर्ट पर से 06.फर2021 को पुलिस चौकी देवकर में अप. कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना स्थल थाना बेमेतरा का होने से 08.फर2021 को विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए तत्काल पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस के नेतृत्व में एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला ममता देवांगन, बेमेतरा नगर निरीक्षक राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी साजा हर प्रसाद पांडेय, उप निरीक्षक बी.आर. ठाकुर, सउनि डी.एल. सोना, सउनि सुखनंदन, ठाकुर, प्र. आर. अरविंद शर्मा एवं सायबर सेल प्रभारी मोहित चेलक, जितेन्द्र ठाकुर, आरक्षक रविंद तिवारी, रामेश्वर मांडले, ज्ञानेश्वर शुक्ला, लोकेश सिंह, नेम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, पुरूषोत्तम कुम्भकार, दौलत वर्मा, खोमलाल धीवर, राजेन्द्र जायसवाल, पंचराम घोरबंधे, विक्रम सिंह, देवेन्द्र टंडन को टीम में शामिल करते हुए बेमेतरा जिले के उक्त दक्ष पुलिस अधीकारियों एवं कर्मचारियों की टीम बनाकर पृथक से 05 टीम तैयार की गई। जिन्हे अलग अलग दायित्व दिया गया था।

इस प्रकरण् में घटना स्थल से लेकर मध्य प्रदेश तक के राष्टीय राज मार्ग स्थित टोल एवं अन्य स्थानो के करीब 100 विभिन्न स्थानो के सीसी टीवी फुटेज का भी विश्लेषण किया गया। प्राप्त सीसीटीवी फुटेज एवं एकत्रित साक्ष्य के आधार पर ट्रक क्र. एमएच 40 बीएल 3125, ट्रक क्र. आरजे 09 जीसी 5962 का संलिप्तता पाई गई। बारीकी से विवेचना करने पर पाया गया कि यह घटना देवास जिले के निगरानी बदमाश एवं कुख्यात लूट के अपराधी है जिनके विरूद्ध दर्जनो अपराधिक प्रकरण देवास एवं आसपास के जिलो में पंजीद्धध है के द्वारा घटित की गई है तथा इनके साथ ब्यावरा के कुछ व्यापारी भी घटना में शामिल पाये गये।

इस प्रकरण् में ट्रक क्र. आरजे 09 जीसी 5962 का मालिक (01) जगदीश चंद शर्मा पिता माडकचंद उम्र 45 साल निवासी राजगढ़ थाना परसोली जिला चितौडगढ राजस्थान को दिनांक 19.02.2021 को गिरुफ्तार कर चितौडगढ न्यायालय से ट्राजिंट रिमांड प्राप्त कर दिनांक 24.02.2021 को बेमेतरा न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त दोनों वाहन की फुटेज जिला राजगढ मध्य प्रदेश के ब्यावरा तहसील तक का फुटेज प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम बनाकर माल मुल्जिम पता तलाश हेतु भेजी गई। इस संबंध में जिले में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारीयो को भी पुष्टिकृत सूचना प्राप्त हुई थी कि लूटे गये राजश्री गुटखा और तम्बाखु वहा के स्थानीय व्यापारियों के पास उनके ब्यावरा स्थित गोदाम मे रखा गया है इस सूचना पर उप निरीक्षक बीनू राम ठाकुर व उनके टीम के द्वारा ब्यावरा तहसील से व्यापारी (02) मितेश अग्रवाल पिता विमल कुमार अग्रवाल उम्र 31 साल साकिन ब्यावरा जिला राजगढ, (03) दिपक ऊर्फ सोनू अग्रवाल पिता मनोहर अग्रवाल उम्र 40 साल निवासी शहीद कालोनी गरबा ग्राउंड ब्यावरा जिला राजगढ मध्यप्रदेश के गोदाम में रेड करने पर राजश्री गुटखा के 152 बोरे बंद अवस्था में मिले तथा तम्बाखु के 50 बोरा बंद अवस्था में मिले जिसे खोलकर देखा गया।

उपरोक्त गुटखा दिनांक 06.02.2021 को केय पान सुगंधा सिरगिट्टी बिलासपुर द्वारा हेमंत ट्रेडर्स राजनांदगांव को सप्लाई किये गये राजश्री पानमसाला से मिलान हुआ।

# बाबा की बारात का आमंत्रण पत्र वितरण



पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर में विगत रविवार को मिथिलेश यादव के नेतृत्व में महाशिवरात्रि पर्व को भव्यता पूर्ण मनाने के पावन उद्देश्य से बाबा के बारात का आमंत्रण कार्ड बांटा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल बम सेवा कल्याण समिति अध्यक्ष दया सिंह जी थे। साथ ही सभी साथीगण एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे। 11 मार्च को हथखोज भिलाई से बाबा के बारात में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। कमलेश यादव, प्रकाश सिंह, प्रशांत जी, संदीप जी, सुशील शर्मा, रितिका यादव, मनोरंजन पांडेय, मनोज पंडित, अमित गुप्ता, जितेंद्र गोढ़, प्रेम प्रकाश गोंड, डिकेश पटेल, सुरेंद्र शर्मा, रवि दुबे, मंजू पांडेय, बिटू, जितेंद्र, महेश, दीपका चौहान, बीना चौहान, सुनीता साहू, नीतू चौहान, साधना, रेवती, सुशीला कुमारी, कौशल्या, सुमन साहू, रुक्मणि, चित्र लेखा, गंगोत्री, उमा चौहान, किरण निषाद, सरस्वती, नीरा कंवर, अन्नू पांडेय एवं ब्रजेश सिंह उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### बेशकीमती साउथ अफ्रीकन स्टीम कोल की अफरा-तफरी पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई के बीच कोतवाली टीआई निरीक्षक मनीष नागर की टीम द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर उर्दना बेरियर के पास पूंजीपथरा सुनील इस्पात में बगैर वैध कागजात के परिवहन हो रही बेशकीमती साउथ अफ्रीकन स्टीम कोल लोड 4 ट्रकों को पकड़ा है। कोतवाली टीआई मनीष नागर को सूचना मिली थी कि विशाखापट्टनम-रायपुर की ओर से बगैर वैद्य कागजातों के कोयले की अफरा-तफरी की जा रही है। कार्रवाई के लिए सहायक उप निरीक्षक रमेश बेहरा के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा नाकेबंदी कर ट्रक सीजी 15 डीडी 9693, सीजी 15 डीए 4999, सीजी 15 4818, सीजी 15 डीडी 9690 को पक?ा गया। वाहन के कागजात सही नहीं पाए जाने पर सभी वाहनों को धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त कर कार्रवाई किया गया है।

### अग्रवाल समाज सामाजिक समरसता और सेवा भावना का प्रतीक: अशोक अग्रवाल

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन अशोक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि जब अगड़े-पिछड़े की बात हो, संपन्न- विपन्न की बात हो, बाहरी- लोकल की बात हो तो अग्रवालों को ही टारगेट किया जाता है। अग्रवाल समाज सामाजिक समरसता और सेवा भाव का प्रतीक है। इस कार्यकारिणी की बैठक 28 फरवरी को अग्रसेन भवन न्यू खुर्सीपार में हुई। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे। अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज अपनी सेवा भावना और सामाजिक समरसता से ऐसी परिस्थितियां निर्मित करें ताकि अगड़े पिछड़े,संपन्न और विपन्न और बाहरी लोकल की बात करने वाले लोग ही अग्रवाल समाज की प्रशंसा करने लगे।

## शावक को मां से मिलाने बुलाया जा रहा महावत

# दो दिनों से मादा हाथी अपने बच्चे से है दूर, दोनों की वन अमला कर रहा निगरानी

**अभ्यारण्य के आसपास विचरण कर रही मादा हाथी विचरण**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पिछले कुछ दिनों से मादा हाथी व उसका शावक रायगढ़ वन मंडल के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सारंगढ़ वन परिक्षेत्र में मादा हाथी ने दो लोगों की जान भी ले ली, वहीं रविवार को मादा हाथी अपने शावक से भी बिछड़ गई। ऐसे में वन अमला के लिए परेशानी पहले से अधिक बढ़ गई, पर वन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में दोनों पर लगातार वनकर्मी निगरानी कर रहे हैं। ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो जाए। वहीं सोमवार को मादा हाथी गोमर्डा अभ्यारण्य क्षेत्र के पास पहुंच गई हैं, तो उससे कुछ दूर में हाथी शावक मौजूद है। ऐसे में अब शावक को उसकी मां के पास तक पहुंचाने के लिए एक महावत को वन अमला के द्वारा बुलाया जा रहा है। ताकि बिछड़ा हुआ शावक अपनी मां के पास पहुंच जाए। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को गुड़ियारी क्षेत्र में मादा हाथी ने एक युवक पर हमला कर मार दिया था। इसके बाद आगे बढ़ कर वह कटेली तक पहुंच गई थी और उसका शावक थकने की वजह से गुड़ियारी में ही रूक गया था। ऐसे में मां से शावक बिछड़ गया और विभाग की मुसीबत बढ़ गई। इस दौरान किसी प्रकार की कोई घटना न हो इस बात का ध्यान रखते हुए डीएफओ, एसडीओ के मार्गदर्शन में सभी वनकर्मी मादा हाथी व शावक पर निगरानी कर रहे थे।

जहां पता चला कि रात में करीब ग्यारह बजे मादा हाथी आगे बढ़ कर गोमर्डा अभ्यारण्य से लगा हुआ गांव सहसपाली तक पहुंच गई। वहीं अभ्यारण्य के पास ही सराईपाली में शावक के होने की पुष्टि हुई। रायगढ़ वन मंडल के अधिकारियों के द्वारा लगातार इस मामले से विभाग के उच्चाधिकारियों को भी अपडेट दे रहे थे। ऐसे में सोमवार को बिलासपुर से वाईल्डलाईफ सीसीएफ अनिल सोनी रायगढ़ वन मंडल पहुंच रहे हैं। वहीं विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चुंकि शावक अपनी मां से दूर है और हाथियों के व्यवहार को महावत काफी हद तक समझते है, तो एक महावत को भी यहां बुलाया जा रहा है। ताकि शावक को उसके मां के करीब तक ले जाया जा सके और वापस दोनों एक साथ हो जाए। दोनों को मिलाने का पूरा प्रयास किए जाने की बात कही जा रही है।

### शावक के तरफ नहीं जा रही मादा हाथी

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शावक लगभग ढाई साल का है और प्रारंभिक दृष्टि में ऐसा लग रहा है कि वह अपनी मां पर पूरी तरह डिपेंड नहीं है और मादा हाथी भी अपने शावक की ओर दिशा में नहीं जा रही है। ऐसे में यह लग रहा है कि इनकी जो नेच्युरल प्रक्रिया होती है कि एक समय आने पर मां अपने बच्चे से अलग हो जाती है और जब उन्हें लगता है कि मिलना है, तो मिलते हैं। वैसा ही है और इस कारण हो सकता है कि मादा हाथी अपने शावक की दिशा में नहीं जा रही है। फिलहाल महावत का सहयोग दोनों को मिलाने के लिए लिया जाएगा।

गोमर्डा अभ्यारण्य से लगा हुआ सहसपाली के जंगल में मादा हाथी है और अभ्यारण्य के पास ही सराईपाली क्षेत्र में शावक है। बिलासपुर से वाईल्डलाईफ सीसीएफ पहुंच रहे हैं। वहीं शावक को मादा हाथी से मिलाने का प्रयास किया जा रहा है इसके लिए महावत बुलाया जा रहा है।

**डॉ. प्रणय मिश्रा**
डीएफओ, वन मंडल रायगढ़

## माघी मेला में प्राधिकरण ने लगाया विधिक सहायता केंद्र



पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण मेला में 27 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदम्बा राय के निर्देश में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा सचिव संतोष महोबिया के आदेश पर व्यवहार न्यायाधीश नवागढ़ /तालुका विधिक सचिव पायल टोपनो एवं व्यवहार न्यायाधीश पामगढ़/तालुका विधिक सचिव शिव प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा विधिक सहायता एवं सलाह केंद्र का मेला परिसर में स्टाल लगाकर विधिवत शुभारंभ किया गया। विधिक सेवा के स्टाल में मेला में आने वाले लोगो को कानून से सम्बंधित पाम्पलेट का वितरण कर विधिक सेवा स्टाल की शुरुआत की गई।जिला सत्र न्यायाधीश जगदम्बा राय द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि प्राधिकरण के स्टाल में पैनल अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी, एमआर कश्यप,देव प्रसाद साहू,भुनेश्वर बंजारे एवं पैरालीगल वालेंटियर दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक निःशुल्क कानूनी सलाह देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।मेला में आये हुए लोग निर्धारित समय मे स्टाल में जाकर कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं।पैनल अधिवक्ता जितेन्द्र तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा स्टाल में आने वाले लोगो को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं से सम्बंधित पाम्पलेट एवं कानूनी जानकारी निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा सचिव संतोष महोबिया द्वारा जन सामान्य के मध्य वितरण के लिए विभिन्न कानूनी जानकारी,निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता,विधिक सेवा के महत्वपूर्ण योजनाओं के पाम्पलेट स्टॉल में उपलब्ध कराए गए हैं।पैनल अधिवक्ता जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि शनिवार के दिन 545 से अधिक लोगो को निःशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान की गई।

## एसडीएम के स्थगन आदेश का बिल्डर कर रहे अवमानना



**शिवरीनीरायण।** महिला इंटक प्रदेशाध्यक्ष सुनीता दुबे ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा पीआईसी संकल्प पत्र क्रमांक 31 9/अक्टू/2020 में खसरा नम्बर 169 भूजल मद की जमीन अजय अग्रवाल को सड़क निर्माण करने दी गई थी जिसको एवं खसरा नम्बर 247 घास मद को 25 फरवरी के विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आपके द्वारा स्थगन देने एवं कार्य बंद करवाने की वक्तव्य लेख के माध्यम से पड़ी थी चूंकि मैं शिकायतकर्ता हूं और दोनों खसरा पर हो रहे निर्माण इस पर स्थगन एवं कार्यवाही की मांग 9 फरवरी से करती आ रही हूं विगत 24 फरवरी को धरना भी दी थी पर आज तक मुझे आपके द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत नही कराई जा रही हैं, बिल्डर द्वारा दोनों खसरा में प्रतिदिन निर्माण जारी रखा गया हैं तो आपके वक्तव्य अनुसार किस कार्य को रोकने की स्थगन / निर्माण बन्द करने की दी गई हैं यह समझ से परे है आपके द्वारा स्थगन दिया गया हैं।

## चेंबर चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल के प्रत्याशियों ने किया शक्ति में व्यापारी मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

**व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने वालो को ही चुने अपना प्रतिनिधि- अमर पारवानी**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 17 मार्च को होने वाले प्रांतीय संगठन के चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल के प्रत्याशियों ने 01 मार्च को शक्ति शहर के राधाकृष्ण मंदिर सभागार में व्यापारियों से जनसंपर्क किया, इस अवसर पर जांजगीर-चांपा जिले से उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शंकरलाल अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित व्यापारी मिलन समारोह में शक्ति शहर सहित आसपास के सैकड़ों की संख्या में व्यापारी बंधु एवं चेंबर सदस्य उपस्थित रहे, इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी अमर परवानी, महामंत्री प्रत्याशी अजय भसीन, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी उत्तम गोलछा,उपाध्यक्ष प्रत्याशी शंकरलाल अग्रवाल, मंत्री प्रत्याशी मनोज कुमार धामेचा, चेंबर के प्रांतीय संरक्षक जुगमंदर अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष लखनलाल अग्रवाल,गल्ला किराना व्यापारी संघ शक्ति के अध्यक्ष सुनील बंसल एवं समारू लाल देवांगन,प्रीतम सिंह गबेल, प्रमुख थे,तथा कार्यक्रम के दौरान स्वागत उद्बोधन देते हुए उपाध्यक्ष प्रत्याशी शंकरलाल अग्रवाल ने कहा कि आने वाले 17 मार्च को हम सभी को दिया छाप में वोट देकर जय व्यापार पैनल को विजई बनाना है, तथा यह पैनल सदैव व्यापारियों के हित में कार्य करते आया है, एवं आने वाले दिनों में भी व्यापारियों के लिए निरंतर संघर्ष करेगा।

कार्यक्रम को गल्ला किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुनील बंसल,कोषाध्यक्ष प्रत्याशी उत्तम गोलछा एवं महामंत्री अजय भसीन ने भी संबोधित करते हुए व्यापारियों के लिए संघर्ष करने वाले योग्य प्रत्याशियों को ही अपना समर्थन करने एवं दिया छाप में वोट देने की अपील की,कार्यक्रम को जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी एवं पूर्व चेंबर के प्रांतीय अध्यक्ष अमर पारवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज समय आ गया है कि हम सभी को एक ऐसे योग्य व्यक्ति को चुनना है, जो आपकी समस्याओं के लिए निरंतर संघर्ष करें एवं शासन प्रशासन से पहल करें तथा चेंबर के चुनाव को हमें जातिगत एवं सामाजिक राजनीति से अलग हटकर एक व्यापारिक चुनाव के रूप में देखते हुए अपना प्रतिनिधि चुनना है, तथा जय व्यापार पैनल आपके हित के लिए सदैव संघर्षरत है, एवं हमने पूर्व में भी व्यापारियों के लिए निरंतर संघर्ष करते हुए राज्य तथा केंद्र सरकार से कोरोनाकाल के दौरान भी निरंतर समन्वय बनाकर कार्य किया है, तथा आप सभी का आशीर्वाद एवं स्नेह हमें पुनः 17 मार्च को होने वाले मतदान में मिलेगा ऐसा हम सभी आपसे अपेक्षा करते हैं, कार्यक्रम के दौरान व्यापारी बंधुओं ने भी अपने सुझाव कार्यक्रम के लिए दिए।

## प्रेस क्लब के अध्यक्ष धनेश्वर साहू बने



**जैजैपुर।** सर्व सहमति से प्रेस क्लब जैजैपुर का अध्यक्ष धनेश्वर साहू एवं सचिव दिल हरण चंद्रा कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार चंद्रा उपाध्यक्ष सीता टंडन को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया, बाकी सभी प्रेस क्लब के सदस्य हैं साहू ने कहा कि प्रेस क्लब जैजैपुर को तंदुरुस्त बनाने के लिए पुनः अध्यक्ष पद पर आगमन हुआ है और जैजैपुर के समस्त पत्रकारगण एकजुट होकर अब सभी कार्य को करेंगे सभी प्रेस क्लब के सदस्यों में जोश और उमंग देखने को मिला वहीं पर जो कार्य धीमी गति से चल रहा था उसमें साहू नया जो डालेंगे और अपने टीम को चुस्त-दुरुस्त रखते हुए सही मार्गदर्शन पर लाकर रखेंगे ताकि जैजैपुर प्रेस क्लब का नाम सभी के जुबान पर हो। जैजैपुर प्रेस क्लब का ख्याति दूर-दूर तक जाने का संदेश मिले।

## स्वच्छ गांव हरित गांव कार्यक्रम सुखरी कला में आयोजित



पायनियर संवाददाता जांजगीर
www.dailypioneer.com

नेहरू युवा केंद्र संगठन कोरबा (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित) स्वच्छ गांव हरित गांव अभियान के तहत सुखरी कला के हाईस्कूल मैदान में किया गया आयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक करतला के चेतन साहू द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया जिला युवा समन्वयक शुभजीत डे ने हरित गांव स्वच्छ गांव के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया वक्त। के रूप में आए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.जितेंद्र शाक्या सामाजिक कार्यकर्ता डोलनारायण पटेल, फ़लेश पांडे पत्रकार , महेश राठौर सामाजिक कार्यकर्ता रहे। डोलनारायण पटेल द्वारा बोला गया कि सर्वप्रथम अपनी घर की सफाई करें उसके बाद मोहल्ले की उसके बाद गांव की उसके बाद फिर जिले की होगी ।डॉ. जितेंद्र शाक्या द्वारा बोला गया कि गांव को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं जिससे वातावरण शुद्ध रहेगा।

## नेतनागर जंगल में जूटमिल पुलिस की दबिश, 255 लीटर महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर रविवार को पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा महुआ शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई किया गया है। जूटमिल चौकी प्रभारी अमित शुक्ला के नेतृत्व में जूटमिल स्टाफ द्वारा नेतनागर जंगल अंदर केलो नदी के किनारे महुआ शराब बनाए जाने की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया है।

गौरतलब है कि जूटमिल पुलिस द्वारा इसके पूर्व भी नेतनागर के जंगलों में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की सूचना पर कार्रवाई की गई है। गत दिनों टीआई जूटमिल नेतनागर जंगल अंदर महुआ शराब बनाने की सूचना मिली थी। जिस पर पिछले तीन दिनों से लगातार आरक्षक सादी वर्दी में नेतनागर जंगल जाते, लेकिन शराब बनाने के अवैध भट्टी तक नहीं पहुंच पा रहे थे। सुबह लोगों की आवाजाही पर पुलिस कार्रवाई की जानकारी होने की अंदेशा को देखते हुए लौट आते। टीआई जूटमिल द्वारा एसपी संतोष सिंह को जानकारी देने पर रविवार भोर में कार्रवाई के निर्देश एसपी से प्राप्त हुए। जिस पर टीआई अमित शुक्ला द्वारा स्टाफ की टीम तैयार कर अपने चौकी के आरक्षकों को ग्रामीण वेशभूषा लूंगी, बनियान में जंगल अंदर भेजे। जहां से पांइट देने निर्देशित किए। सुबह करीब चार बजे से जूटमिल स्टाफ जंगल में अवैध महुआ शराब की भट्टी पर पहुंच कर आरोपियों के घेराबंदी का पॉइंट देने पर एकाएक रेड कार्रवाई किया गया। मौके पर मिले दो आरोपी कृष्णा निषाद पिता कुश राम निषाद 45 वर्ष ,भुजबल बसोड़ पिता घटिया बसो? उम्र 48 वर्ष दोनों निवासी नेतनागर जूटमिल को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों ने पूछताछ में दीपे (सरदार) उम्र 25 वर्ष निवासी नेतनागर के लिए शराब बनाना बताए। मौके पर भारी मात्रा में प्लास्टिक की जरकिन में तैयार किया हुआ महुआ शराब कुल 255 लीटर, कीमती 51,000 एवं दो नग बढ़ा एवं दो नग छोटा एल्युमीनियम का बर्तन (डेचकी) को जप्त कर चौकी लाया गया ।


**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

-: ईश्तहार :-

क्रमांक क/वा./नजूल/2021/81 मुंगेली, दिनांक 27.01.2021

श्री अमर जायसवाल पिता स्व. श्री ढलगन जायसवाल
निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली (छ.ग.)

...आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री अमर जायसवाल पिता स्व. श्री ढलगमन जायसवाल निवासी परमहंस वार्ड तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. फोकटपारा परमहंस वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं. 40, प्लाट नं. 06, क्षेत्रफल 1150 व.मी. में से 76 वर्गमीटर पर अतिक्रमण करते हुए मकान बना कर आवासीय उपयोग किया जा रहा है। उपरोक्त भूमि को शासन के योजना के अनुसूर अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26.10.2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो वे दिनांक 12.03.2021 को 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 27.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार, मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2020-21
ग्राम मुंगेली-2, प.ह.नं. 59

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम पिता पुनऊ सोनकर + 3 अन्य जाति सोनकर निवासी बशीर खान वार्ड, मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 59 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 632 का टु. में से रकबा 2025 व.फुट को पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12.03.21 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.2.21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र./262/बी-121/2020-21

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयराम पिता झुरू जाति गोंड़ निवासी चिपरेल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपनी माता गिलो पति झुरु का मृत्यु दिनांक 20.04.2016 को ग्राम चिपरेल में होना बताया है। मृत्यु प्रमाण पत्र इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16.03.2021 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 01.03.2021

मुहर

तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
केशकाल



**न्यायालय ना. तहसीलदार केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र./28/ब-121/22020-21
मौजा उमला तहसील केशकाल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संग्राम पिता बिरू जाति गाण्डा साकिन उमला तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा उनके नाम पर ग्राम कुपागोंदी प.ह.नं. 10 होनहेड रा.नि.मं. धनोरा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1/6, 1/43, 19, 44, 58, 64/31 कुल खसरा नं. 06 रकबा 6.8770 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में खाता में दर्ज है। उक्त भूमि की किसान किताब गुम होने पर द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। राजस्व अभिलेख बी-1, बैबाकी प्रमाण पत्र, एफ.आई.आर. रिपोर्ट एवं शपथ पत्र के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 15.03.2021 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम के द्वारा अथवा दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा के अधिन जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
केशकाल



**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 434/2020-2021
दिनांक 25.02.2021

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड क्र. 41 वार्ड स्थित बसंत कृपा गृह निर्माण भवन **B-26** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजनारायण द्विवेदी पिता श्री इन्दुभान द्विवेदी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती पोषण राव गायधने पिता विट्ठल राव गायधने** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

-: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **गुढ़ियारी** कालोनी रायपुर में निर्मित **जनता** भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **जनता-627** में **श्रीमति तारा भारती पति श्री संजीव कुमार भारती** को पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **17.4.18** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **15.2.21** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती कविता कावड़े पति श्री किशोर कुमार कावडे** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय भवन प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2535780,00 फैक्स नं. 0771227395 , ई-मेल-dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 306/2020-2021
वार्ड का नाम-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.** 61 स्थित भवन/भूमि क्र. **61/B/801 अभिनंदन टावर आठवां तल** जो कि निगम अभिलेख में **मेसर्स पूरवा बिल्डकॉन द्वारा प्रो. श्री राम नारायण मिश्रा पिता स्व. श्री शंकर मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री बसंत राम राव बिनवडे पिता स्व. श्री रामराव बिनवडे** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय भवन प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2535780,00 फैक्स नं. 0771227395 , ई-मेल-dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 307/2020-2021
वार्ड का नाम-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.** 61 स्थित भवन/भूमि क्र. **61/B/403 अभिनंदन टावर चतुर्थ तल** जो कि निगम अभिलेख में **मेसर्स पूरवा बिल्डकॉन द्वारा प्रो. श्री राम नारायण मिश्रा पिता स्व. श्री शंकर मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री शैलेष शर्मा पिता श्री कृष्णा कुमार शर्मा** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय भवन प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2535780,00 फैक्स नं. 0771227395 , ई-मेल-dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 305/2020-2021
वार्ड का नाम-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.** 61 स्थित भवन/भूमि क्र. **61/B/702 अभिनंदन टावर सातवां तल** जो कि निगम अभिलेख में **मेसर्स पूरवा बिल्डकॉन द्वारा प्रो. श्री राम नारायण मिश्रा पिता स्व. श्री शंकर मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री मनीष शर्मा पिता श्री रामस्वरूप शर्मा** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय भवन प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2535780,00 फैक्स नं. 0771227395 , ई-मेल-dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 308/2020-2021
वार्ड का नाम-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.** 61 स्थित भवन/भूमि क्र. **61/B/402 अभिनंदन टावर चतुर्थ तल** जो कि निगम अभिलेख में **मेसर्स पूरवा बिल्डकॉन द्वारा प्रो. श्री राम नारायण मिश्रा पिता स्व. श्री शंकर मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री गंटी नरसिम्हा मूर्ति पिता श्री गंटी सुर्यनारायणा** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-06
नगर पालिक निगम, रायपुर

# पेज 1 के शेष...

जहां परम्परागत व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन एवं विपणन की सुविधा प्रदान की जायेगी।

■ छत्तीसगढ़ के स्थानीय कृषि उत्पादों जैसे ढेकी का कूटा चावल, घानी से निकला खाद्य तेल, कोदो, कुटकी, मक्का से लेकर सभी तरह की दलहन फसलें, विविध वनोपज जैसे इमली, महुआ, हर्रा, बहेरा, आंवला, शहद एवं फूलझाड़ू इत्यादि व वनोपज से निर्मित उत्पाद तथा टेराकोटा, बेलमेटल, बांसशिल्प, चर्मशिल्प, लौहशिल्प, कोसा सिल्क तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसी सभी सामग्रियों को एक ही छत के नीचे विपणन की सुविधा प्रदान की जायेगी। इसके लिये राज्य एवं राज्य के बाहर सी-मार्ट स्टोर की स्थापना की जायेगी, जो विशिष्ट छत्तीसगढ़ी ब्राण्ड के रूप में मशहूर होंगे। योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादकों को अधिक लाभांश दिलाने की व्यवस्था भी की जायेगी।

## शहरों का आधुनिकीकरण

■ नगरीय क्षेत्रों में सुशासन की स्थापना एवं आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था हेतु राज्य सरकार द्वारा कई अभिनव पहल की गई है।

■ विभिन्न शासकीय सेवाओं की घर पहुंच सेवा के लिये मुख्यमंत्री मितान योजना में 10 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 14 नगर निगमों में 60 मोबाइल एम्बुलेन्स एवं दाई-दीदी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से निःशुल्क परीक्षण, उपचार एवं दवाई वितरण की सुविधा दी जा रही है। वर्ष 2021-22 के बजट में भी 50 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ यह गौरव का विषय है कि छत्तीसगढ़ को देश का स्वच्छतम राज्य होने का पुरस्कार लगातार दो वर्ष से प्राप्त हो रहा है। इस सफलता का श्रेय स्वच्छता दीदियों को समर्पित करते हुए उनके मानदेय को 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रूपये किया गया है।

■ एस.एल.आर.एम. सेन्टर्स का उन्नयन करते हुए नगरीय निकायों में 377 गोधन न्याय सह गोबर क्रय केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। इससे आजीविका के अन्य साधन भी उपलब्ध हो सकेंगे।

■ शहरी गरीबों को काबिज भूमि का पट्टा देने का निर्णय लिया गया है, इस निर्णय से उनके मकान निर्माण का मार्ग सुगम हुआ है।

■ शहरी निर्धन परिवारों को बेहतर आवास उपलब्ध कराने हेतु 'मोर जमीन-मोर मकान' तथा 'मोर मकान-मोर चिन्हारी' योजनाओं में किये गये कार्यों को भारत सरकार द्वारा जनवरी 2021 में पुरस्कृत किया गया है। सबके लिए आवास योजना के तहत 2021-22 में 457 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ अमृत योजना में शामिल 9 शहरों में दिसंबर 2018 तक स्वच्छ पेयजल हेतु 23 हजार 876 नल कनेक्शन दिये गये थे। यह संख्या अब बढ़कर डेढ़ लाख हो चुकी है। अमृत मिशन योजना के लिए इस वर्ष 220 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए 482 करोड़, तथा जल आवर्धन योजनाओं के लिए 120 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित 17 नवीन ग्रामों में जल प्रदाय व्यवस्था हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

ग्राम विकासः आजीविका एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता

■ महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत लॉकडाउन के दौरान सुरक्षा उपायों का पालन करते हुये मई एवं जून 2020 में प्रतिदिन औसतन 24 लाख श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इस वर्ष 2 हजार 590 करोड़ की मजदूरी का भुगतान किया गया। 12 करोड़ 21 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन करके ग्रामीणों को आजीविका प्रदाय किया गया। इस योजना हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 16 सौ 03 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 20 लाख से अधिक गरीब परिवार की महिलाओं को सवा लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका की गतिविधियों से जोड़ा गया है। योजना हेतु वर्ष 2021-22 में 4 सौ करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ उद्यमिता एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिये सभी निर्माण विभागों में स्नातक बेरोजगारों को ''ई-श्रेणी'' में पंजीयन की सुविधा दी गई है। अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण आवेदकों को भी ई श्रेणी में पंजीयन हेतु पात्रता दी गई है।

■ रूर्बन मिशन योजना में 16 जिलों के 18 क्लस्टर के 118 ग्राम पंचायतों में शहरी सुविधायें उपलब्ध कराते हुये सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु गतिविधियां प्रारंभ की गयी है। भारत सरकार से जारी रूर्बन रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य प्रथम स्थान पर है।

■ राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत 1 हजार 385 नालों पर 71 हजार 831 कार्य पंचायत विभाग द्वारा स्वीकृत किये गये थे। इनमें से 51 हजार 742 कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं। 9 हजार 133 गोठान स्वीकृत किये गए थे, जिनमें से 5 हजार 14 गोठानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 4 हजार 908 चारागाह निर्माण स्वीकृत किये गये थे, जिनमें से 2 हजार 904 चारागाह पूर्ण हो चुके हैं।

■ कैम्पा मद से वन क्षेत्र में स्थित 01 हजार 796 नालों का चयन कर 07 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्र में विभिन्न कार्य वर्ष 2020-21 में स्वीकृत किये गये हैं। 2021-22 में भी 392 करोड़ की लागत से 441 नालों का चयन कर जल संरक्षण कार्य किया जाएगा है।

■ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रारंभ से अब तक 10 लाख 97 हजार स्वीकृत आवासों में से 70 प्रतिशत आवास निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। योजना के क्रियान्वयन, कार्य निष्पादन एवं मूल्यांकन की राष्ट्रीय सूचकांक तालिका में छत्तीसगढ़ राज्य द्वितीय स्थान पर है। इस योजना हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 15 सौ करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के द्वितीय चरण में 1282 ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक शौचालय बनाने का कार्य किया गया है। गोबर.धन योजना के अंतर्गत 199 बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की गई है। योजना हेतु इस वर्ष 4 सौ करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है।

■ ओडीएफ प्लस पंचायतों की श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये राज्य को 68 करोड़ 42 लाख का परफार्मेंस ग्रांट प्राप्त हुआ है।

■ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 34 हजार 835 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कर 10 हजार 316 बसाहटों को जोड़ा जा चुका है। आगामी तीन वर्षों के लिये राज्य को 5 हजार 612 किलोमीटर की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। योजना हेतु इस वर्ष 2 हजार 67 करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है।

■ किसानों को खेतों तक आवागमन की सुविधा देने के लिये कच्चे धरसा को पक्के मार्ग में बदलने के लिये मुख्यमंत्री धरसा विकास योजना प्रारंभ की जा रही है। इसके लिये बजट में 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## आधुनिक प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन

■ राज्य के नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई सुसंगत प्रणालियों तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाया जा रहा है।

■ सामान्य सेवा केन्द्रों द्वारा शासकीय सेवाओं के अतिरिक्त टेलीमेडिसिन, टेलीकिसान, बैंक मित्र, टेली-लॉ, ग्रामीण ई-स्टोर, ई-स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, रंगीन मतदाता परिचय पत्र, आधार पंजीयन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, पेंशनधारियों का आधार सीडिंग जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही है।

■ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के विस्तार के लिये 235 करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है।

■ खनिजों का अवैध उत्खनन रोकने के लिये आधुनिक स्पेस टेक्नॉलॉजी एवं रिमोट सेंसिंग इमेज के माध्यम से माइनिंग सर्विलांस सिस्टम लागू किया गया है।

## छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति एवं पर्यटन का विकास

■ राज्य की पुरातात्विक धरोहरों के अध्ययन, खोज एवं संधारण कार्यों को गति देने के लिये पुरातत्व विभाग के पृथक संचालनालय का गठन किया जायेगा।

■ छत्तीसगढ़ से संबंधित अभिलेखों के संधारण एवं प्रदर्शन हेतु अभिलेखागार भवन निर्माण के साथ-साथ डिजिटाइजेशन एवं मोबाइल एप्प का विकास किया जायेगा। इन सभी कार्यों के लिए 2021-22 के बजट में 6 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ राज्य में विभिन्न कलाओं तथा विधाओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद का गठन किया गया है।

■ नवा रायपुर में भारत भवन, भोपाल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक परिक्षेत्र का निर्माण किया जायेगा।

■ मानव विकास का क्रम, रहन-सहन, तीज-त्यौहार, प्राचीन कला, परंपरागत विधाओं के प्रदर्शन हेतु मानव संग्रहालय के निर्माण हेतु 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं नृत्यों के संरक्षण तथा संवर्धन हेतु लघु फिल्म, डॉक्यूमेन्ट्री तथा अन्य कार्यों हेतु 2021-22 में 2 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन हेतु ''छायांकित अभिलेखीकरण श्रृंखला'' के अंतर्गत कमार, अबूझमाड़िया, बैगा, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, भुंजिया एवं पण्डो जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों सहित कुल 35 जनजातियों की जीवनशैली पर आधारित फोटो हैण्डबुक्स का प्रकाशन किया गया है।

■ जनजातीय संस्कृति में आस्था के प्रतीक देवगुड़ी स्थल के निर्माण और संरक्षण के लिये 5 लाख तक का अनुदान दिया जायेगा। अबूझमाड़िया जनजाति समुदाय में प्रचलित घोटुल प्रथा को संरक्षित रखने के लिये विशेष प्रयास किया जायेगा।

■ शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक एवं संग्रहालय के निर्माण हेतु 2021-22 में 5 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान रखा गया है।

■ नवनिर्मित आदिवासी संग्रहालय की गैलरी में जनजातीय संस्कृति के प्रदर्शन की व्यवस्था हेतु 01 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ आदिवासी जन-जीवन एवं ग्रामीण संस्कृति के प्रति विदेशी पर्यटकों तथा अन्य लोगों की भी रूचि को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है।

■ श्रीराम वन गमन पर्यटन परिपथ के प्रति आम जनता की श्रद्धा एवं लोकप्रियता को देखते हुए योजना अंतर्गत चिन्हित कार्यों को गति प्रदान करने हेतु 2021-22 में 30 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ पर्यटन के नवीन क्षेत्र में नई संभावना के तौर पर हसदेव बांगो जलाशय सतरेंगा, जिला कोरबा में विश्व स्तरीय साहसिक जल क्रीड़ा गतिविधियों का संचालन प्रारंभ करने की योजना है। भविष्य में इसे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

## प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं विकास

■ प्राकृतिक वन सम्पदा हमारे राज्य की अनमोल धरोहर है। वन सम्पदा के दोहन के साथ-साथ वन क्षेत्रों के विस्तार एवं गुणात्मक सुधार हेतु भी निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

■ 36 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बिगड़े वनों के सुधार कार्य हेतु वर्ष 2021-22 में 257 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। नदियों के संरक्षण हेतु नदी तट वृक्षारोपण कार्य म के तहत 15 लाख पौधों के रोपण हेतु 7 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ बेमेतरा जिले के परसदा एवं गिधवा ग्राम के आसपास स्थित विभिन्न जलाशयों एवं वेट लैण्ड में बड़ी संख्या में स्थानीय एवं प्रवासी पक्षी प्रतिवर्ष आते हैं। राज्य में प्रथम बार इनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ठोस कार्रवाई करते हुए इस क्षेत्र को उत्कृष्ट ईको पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

## शिक्षा- सबके लिये समान अवसर

■ राज्य के हर वर्ग, जाति एवं समुदाय के बच्चों एवं युवाओं को उत्कृष्ट संस्थानों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर दिलाने के लिये हम निरंतर प्रय शील हैं।

■ सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की योजना शुरू की गई है। प्रदेश में 52 अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। 119 नये अंग्रेजी माध्यम स्कूल 2021-22 के बजट में प्रस्तावित किये गये हैं।

■ नवा रायपुर में स्व-वित्तीय मॉडल पर सर्व सुविधायुक्त राष्ट्रीय स्तर के बोर्डिंग स्कूल की स्थापना की जायेगी। इस स्कूल में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के शुल्क की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जायेगी।

■ कांकेर जिले में बी.एड. कॉलेज की स्थापना हेतु नवीन मद में 01 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ पढ़ना-लिखना अभियान योजना के लिए नवीन मद में 5 करोड़ 85 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ ग्राम नागपुर जिला कोरिया, ग्राम सन्ना जिला जशपुर, ग्राम बांकीमोंगरा जिला कोरबा, ग्राम नवागांव नवा रायपुर, रिसाली जिला दुर्ग, सारागांव जिला जांजगीर चाम्पा, पेण्ड्रावन जिला दुर्ग में नवीन महाविद्यालय तथा सूरजपुर, बलरामपुर एवं गोबरा नवापारा जिला रायपुर में नवीन कन्या महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी।

■ 15 महाविद्यालयों में स्नातक स्तर के तथा 15 महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर के नवीन पाठ्य म प्रारंभ किये जायेंगे।

■ नारायणपुर, कोण्डागांव, महासमुंद, कोरबा, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर में एक-एक बालक एवं कन्या छात्रावास की स्थापना के लिए नवीन मद में 2 करोड़ 80 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ बलरामपुर में पिछड़ा वर्ग के लिये एक-एक नवीन प्री-मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावास तथा पाटन जिला दुर्ग में एक प्री-मैट्रिक अनुसूजित जाति बालक छात्रावास स्थापित किया जायेगा।

■ अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों के संचालन हेतु 371 करोड़ एवं विवेकानंद गुरूकुल उन्नयन योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए 281 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ निकुम जिला दुर्ग, भाठागांव जिला रायपुर, वटगन जिला बलौदाबाजार, आमदी जिला धमतरी, चिरको जिला महासमुंद तथा नरहरपुर जिला कांकेर स्थित शासकीय महाविद्यालयों के लिये नवीन भवन निर्माण किया जायेगा।

■ ग्राम टेकारी, विकासखंड आरंग तथा ग्राम नेवरा विकासखंड तखतपुर में नवीन आई.टी.आई. की स्थापना की जायेगी।

■ छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर परिसर में इनोवेशन हब की स्थापना हेतु 1 करोड़ 80 लाख तथा 40 पॉलीटेक्निक संस्थाओं में फर्नीचर मशीन तथा उपकरण के लिए 20 करोड़ 55 लाख का प्रावधान रखा गया है।

## अधोसंरचना- विकास के पोषक

विकसित अधोसंरचना से सभी क्षेत्रों में पूंजी निवेश, रोजगार के अवसर, कर संग्रहण में वृद्धि एवं समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है तथा जनसुविधाओं का विस्तार होता है।

## सड़क मार्ग

■ अध्यक्ष महोदय, सड़कों को अर्थव्यवस्था की धमनियां माना जाता है। राज्य में रेल मार्गों की सीमित उपलब्धता के कारण सड़कों के विकसित नेटवर्क की आवश्यकता को देखते हुए सड़क तथा पुल-पुलिया निर्माण को बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है।

■ छत्तीसगढ़ सड़क एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा 5 हजार 225 करोड़ की लागत के 3 हजार 900 किलोमीटर लंबी सड़कों एवं पुल-पुलिया के निर्माण का कार्य किया जायेगा। इन कार्यों के लिये निगम को सहायता देने हेतु बजट में 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत पहुंच विहीन शासकीय भवनों तथा कार्यालयों को पहुंच मार्ग से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष योजना अंतर्गत 255 करोड़ की लागत से 2 हजार 195 सड़क कार्य स्वीकृत किये गए हैं। वर्ष 2021-22 के बजट में इस योजना के लिये 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से फेज़-3 परियोजना में 826 किलोमीटर लंबाई के 24 मार्गों का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं फेज़-4 परियोजना के अंतर्गत 1 हजार 275 किलोमीटर लंबाई के 31 मार्गों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। ए.डी.बी. सहायता वाली इन परियोजनाओं के लिये बजट में 940 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ वाहन दुर्घटनाओं में होने वाली जान-माल की क्षति को कम करने के लिये दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों एवं ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर सड़क सुरक्षा हेतु समस्त आवश्यक उपाय करने हेतु सड़क सुरक्षा निर्माण योजना प्रारंभ की जा रही है। इसके लिये बजट में आवश्यक प्रावधान किया गया है।

■ इस बजट में 12 नये रेलवे ओव्हर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज तथा जवाहर सेतु योजना के अंतर्गत 151 नवीन मध्यम पुलों के निर्माण के लिये 102 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 6 राज्य मार्ग, 5 शहरी मार्ग, 20 मुख्य जिला मार्ग तथा 435 ग्रामीण मार्गों के निर्माण हेतु 310 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नाबार्ड की ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि के अंतर्गत 119 ग्रामीण मार्गों के निर्माण हेतु 92 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर आवागमन सुविधा देने हेतु स्वीकृत 312 कार्यों में से 18 कार्य पूर्ण तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। आगामी चरण में 104 सड़क एवं 16 पुल निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। योजना के लिये बजट में 12 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## वायु मार्ग

■ प्रदेश की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों में प्रदेश के भीतर तथा अन्य राज्यों से संपर्क सुविधाओं में वृद्धि हेतु विमानन सेवाओं का विशेष महत्व है जिसे देखते हुए माँ दन्तेश्वरी एयरपोर्ट, जगदलपुर को 2 सीवीएफआर श्रेणी में लाइसेंस मिलने के उपरांत 21 सितंबर 2020 से हैदराबाद एवं रायपुर के लिये यात्री सेवा आरंभ हो चुकी है। इस सुविधा से दुर्गम बस्तर क्षेत्र को त्वरित आवागमन सुविधा का लाभ मिल रहा है।

■ बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डा, बिलासपुर (चकरभाठा) का भी 3 सीवीएफआर श्रेणी में उन्नयन किया जा चुका है तथा शीघ्र ही विमानन सेवा प्रारंभ हो जायेगी।

■ अम्बिकापुर क्षेत्र को शीघ्र ही वायुमार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है तथा इस वर्ष के बजट में कोरिया जिले में हवाई पट्टी निर्माण का प्रावधान रखा गया है।

■ रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को आधुनिक एयर कार्गो हब में परिवर्तित करने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## सिंचाई

■ राज्य में कृषि, पेयजल, निस्तारी एवं औद्योगिक प्रयोजनों हेतु जल की आपूर्ति तथा जल स्रोतों के संरक्षण व दोहन के लिये बहुस्तरीय प्रयास किये जा रहे हैं।

■ भू-जल संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करने हेतु भू-जल संरक्षण कोष का निर्माण किया जायेगा। भू-जल का उपयोग करने वाले उद्योगों तथा कच्चे माल के रूप में जल का उपयोग करने वाले उद्योगों से प्राप्त जलकर की राशि इस कोष में जमा की जायेगी।

■ सिंचाई की 4 वृहद परियोजनाओं अरपा-भैंसाझार, केलो जलाशय, राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन एवं सोंढूर जलाशय हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 203 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ एनीकट एवं व्यपवर्तन योजनाओं के निर्माण से उपलब्ध जल के उपयोग हेतु सूक्ष्म सिंचाई एवं सौर सूक्ष्म सिंचाई की 33 योजनाएं स्वीकृत हैं। वर्ष 2021-22 के बजट में 4 सूक्ष्म सिंचाई योजना, 5 सौर सूक्ष्म सिंचाई योजना एवं 8 उद्वहन सिंचाई योजनाओं हेतु नवीन मद में प्रावधान किया गया है।

■ वृहद, मध्यम एवं लघु बांधों के पुनर्वास एवं सुधार कार्य हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 70 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ अहिरन-खारंग लिंक, छपराटोला फीडर जलाशय, रेहर-ऐटम (झिंक) लिंक परियोजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम द्वारा किया जायेगा। इसके लिये निगम को 5 करोड़ की सहायता दी जायेगी।

## स्वच्छ पेयजल

■ राज्य के 45 लाख 48 हजार ग्रामीण घरों को वर्ष 2023 तक नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

■ पेयजल हेतु घरों तक नल कलेक्शन की सुविधा देने के लिए जल जीवन मिशन योजना में 850 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ नलकूपों के अनुरक्षण हेतु 106 करोड़ तथा पाईप द्वारा ग्रामीण जल प्रदाय योजना में 32 करोड़ एवं ग्रामों में पेयजल प्रदाय के लिए 70 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ मिनीमाता अमृतधारा नल योजना में 11 करोड़ एवं गोठानों में नलकूप खनन हेतु 10 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## उद्योग

■ नवीन फूडपार्क की स्थापना हेतु 110 विकासखण्डों में भूमि का चिन्हांकन और 45 विकासखण्डों में भूमि का अधिपत्य उद्योग विभाग को प्राप्त हो चुका है। इस योजना हेतु बजट में 50 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ पिछड़े क्षेत्रों में वनोपज, हर्बल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये नई औद्योगिक नीति 2019-24 में वनांचल उद्योग पैकेज का प्रावधान रखा गया है।

■ कोर सेक्टर के उद्योगों को उनकी मांग अनुसार प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये नई औद्योगिक नीति में बी-स्पोक पॉलिसी लागू की गयी है।

■ किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिये धान और गन्ने पर आधारित जैव ईंधन/एथेनॉल उद्योगों के लिये विशेष प्रोत्साहन पैकेज जारी किया गया है।

■ राज्य में 350 करोड़ की लागत से पंडरी जिला रायपुर में 10 एकड़ भूमि पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क की स्थापना की जा रही है।

■ नये औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना हेतु 65 करोड़ तथा औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचना उन्नयन कार्य हेतु 10 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## ऊर्जा

■ विद्युतीकृत ग्रामों के शेष रह गये पारा-टोलों तक विद्युत लाइन पहुंचाने के लिये मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना में 45 करोड़ का प्रावधान है।

■ नदियों के तट पर स्थित खेतों को सिंचाई की सुविधा देने के लिये नदियों के किनारे-किनारे विद्युत लाइन के विस्तार का कार्य किया जायेगा।

■ मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत नवीन सबस्टेशन निर्माण, ट्रान्सफार्मर क्षमता वृद्धि तथा लाइन विस्तार के कार्यों के लिये 25 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ औद्योगिक क्षेत्रों में सुपरवाइजरी कन्ट्रोल के लिये स्काडा योजना में 50 करोड़ का प्रावधान है।

■ शहरी क्षेत्र के विद्युतीकरण कार्यों के लिये मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना में 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## कृषि संबंधी अधोसंरचना

■ बायो एथेनॉल उत्पादन के अनुसंधान कार्य हेतु ग्राम गोड़ी जिला बेमेतरा में प्रदर्शनी संयंत्र की स्थापना की जायेगी। संयंत्र में जैव ईंधन के उत्पादन के लिये अतिशेष धान अथवा मक्का इत्यादि कच्ची सामग्री का उपयोग किया जायेगा।

■ नवीन ऊर्जा शिक्षा उद्यान ग्राम पाटन जिला दुर्ग में स्थापित किया जायेगा। ऊर्जा शिक्षा उद्यान के माध्यम से कृषि कार्य एवं दैनिक जन-जीवन के विविध कार्यों में वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग करने के लिये ग्रामीण जनों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

■ किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का पुनर्गठन करके 725 नयी समितियों का गठन किया गया है। इस प्रकार प्रदेश में समितियों की संख्या 1 हजार 333 से बढ़कर 2 हजार 48 हो गयी है।

■ समितियों में धान उपार्जन सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिये प्रत्येक समिति को 50 हजार रूपये की एकमुश्त सहायता दी जायेगी। इसके लिये 2021-22 के बजट में 3 करोड़ 63 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ उपार्जित धान की सुरक्षा के लिए सहकारी समितियों में महात्मा गांधी नरेगा योजना से 7 हजार 556 चबूतरा का निर्माण किया गया है।

## प्रशासन-संवेदनशील एवं प्रभावी

■ प्रशासन को संवेदनशील, सशक्त, जवाबदेह तथा प्रभावी बनाने हेतु क्षेत्रफल तथा जनसंख्या के आधार पर बड़ी प्रशासनिक इकाइयों को विभाजित करके नई इकाइयों का गठन किया जा रहा है।

## राजस्व प्रशासन

■ इस वर्ष के बजट में 11 नवीन तहसील एवं 5 नये अनुविभागों का गठन किया जायेगा। नयी तहसीलों का गठन 1. सारागांव, 2.नांदघाट, 3.सुहेला, 4.सीपत, 5.बिहारपुर, 6.चांदो, 7.रघुनाथपुर, 8.सरिया, 9.छाल, 10.अजगरबहार, 11.बरपाली तथा अनुविभाग कार्यालयों का गठन 1.लोहांडीगुड़ा, 2.भैयाथान, 3.पाली, 4.मरवाही एवं 5.तोंकापाल में किया जायेगा।

■ पटवारियों को खसरा पांचसाला तथा बी-1 की कम्प्यूटराइज्ड प्रतिलिपियां प्रदान की जायेगी। इससे मौके पर अभिलेखों का मिलान एवं गिरदावरी कार्य में सुविधा होगी। इस हेतु नवीन मद में 3 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ पटवारियों को देय मासिक स्टेशनरी भत्ता में 250 रूपये की वृद्धि की जायेगी। इसके लिये बजट में 3 करोड़ 48 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ सभी तहसीलों में राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर नवीन वर्षामापी केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। इसके लिये बजट में 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्र का ड्रोन आधारित सर्वे किया जाकर धारित भूमि का नक्शा तथा अधिकार अभिलेख रहवासियों को वितरित किया जायेगा।

## सामान्य प्रशासन

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शासकीय सेवकों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सिविल सेवा पदक एवं राज्य पुलिस सेवा पदक से पुरस्कृत करने की योजना शुरू की जायेगी।

## पुलिस प्रशासन

■ बस्तर संभाग के सभी जिलों में 'बस्तर टाइगर्स' विशेष बल का गठन किया जायेगा। बल में अंदरूनी ग्रामों के स्थानीय युवाओं को भर्ती में प्राथमिकता दी जायेगी।

■ युवाओं के अंदरूनी क्षेत्र एवं जंगल की जानकारी का लाभ नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस बल को प्राप्त हो सकेगा। इस हेतु वर्ष 2021-22 के बजट में 2 हजार 800 व्यक्ति यों की भर्ती की जायेगी। इस पर 92 करोड़ का व्यय संभावित है।

■ राज्य पुलिस मुख्यालय में साइबर फोरेंसिक लैब की स्थापना हेतु 20 नवीन पद सृजित किये जाएंगे। इसके लिये वर्ष 2021-22 के बजट में 1 करोड़ 33 लाख का नवीन मद में प्रावधान किया गया है।

■ शहरी जनसंख्या के दबाव को देखते हुये प्रभावी नागरिक सुरक्षा व्यवस्था हेतु रायपुर-पश्चिम एवं जांजगीर-चांपा में तथा नक्सल ऑपरेशन को गति प्रदान करने हेतु मानपुर जिला राजनांदगांव, बीजापुर (नक्सल ऑपरेशन) एवं भानुप्रतापपुर जिला कांकेर में कुल 5 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नवीन कार्यालय स्थापित किये जायेंगे।

■ गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में पुलिस जवानों के लिये आवासीय भवन निर्माण किया जायेगा।

■ राज्य में भवन विहीन पुलिस चौकियों के लिये 10 चौकी भवनों का निर्माण किया जायेगा।

■ कन्या छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत बालिकाओं की सुरक्षा के लिये महिला होमगार्ड के 22 सौ नवीन पदों की स्वीकृति हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

■ उप जेल नारायणपुर एवं उप जेल बीजापुर का जिला जेल में उन्नयन तथा भाटापारा में उप जेल की स्थापना हेतु 48 नवीन पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है।

■ राज्य के कुल 06 जेल में 50-50 बंदी क्षमता के 10 बैरकों का निर्माण किया जायेगा।

## स्वास्थ्यः स्वस्थ तन-सबसे बड़ा धन

■ सार्वभौम स्वास्थ्य सेवाओं का वादा निभाते हुए प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन, आधुनिक सुविधाओं का विकास करने के साथ ही विभिन्न बसाहटों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

■ रायपुर जिला अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था सी.डी.सी. के तकनीकी सहयोग से संचालित अत्याधुनिक 'हमर लैब' में 90 तरह की जांच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। भविष्य में इसमें 30 और जांच सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है।

■ 09 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में वायरोलॉजी लैब की स्थापना हेतु 63 नवीन पदों का सृजन एवं 01 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान रखा गया है।

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजगंज का 100 बिस्तर अस्पताल में तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राखी (नवा रायपुर) का 50 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन किया जायेगा। इस हेतु अतिरिक्त पदों की स्वीकृति सहित नवीन मद में 01 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

■ ग्राम सन्ना, जिला जशपुर एवं शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा भिलाई के रिसाली क्षेत्र में 30 बिस्तर अस्पताल की स्थापना हेतु 01 करोड़ 50 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ जांच, चिकित्सा सुविधा एवं दवाईयां वितरण की सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिये वर्ष 2021-22 के बजट में 13 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ नवीन चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर, कोरबा एवं महासमुंद के भवन निर्माण हेतु 300 करोड़ का प्रावधान वर्ष 2021-22 के बजट में रखा गया है।

■ 25 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 17 करोड़ 50 लाख का प्रावधान रखा गया है।

■ चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, दुर्ग का शासकीयकरण किया जायेगा।

## बदलावः शासन-जनता के लिये

■ बदलाव के लिये मिले जनादेश का सम्मान करते हुए हमने प्रदेश की संस्कृति, परम्परा तथा लोक-आस्था से जुड़े विषयों पर संवेदनशील पहल करते हुए छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान को पुनर्जीवित किया है। जनहित से जुड़ी व्यवस्था तथा कार्यप्रणालियों में सुधार करके हमने ''शासन-जनता के लिये'' की अभिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया है।

■ विलुप्त हो रहे हरेली, तीजा-पोरा, गौरा-गौरी, मातर और गोवर्धन पूजा जैसे त्यौहारों के सार्वजनिक आयोजनों से इन त्यौहारों का गौरव पुनर्स्थापित किया गया है।

■ आचार्य नरेन्द्र देव वर्मा रचित गीत ''अरपा पैरी के धार'' को राजगीत का दर्जा देकर हमने हर छत्तीसगढ़िया के मन में छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति आस्था को सजीव रूप प्रदान किया है।

■ इसी तरह भक्त माता कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस, छठ पूजा जैसे त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करके हमने जनभावनाओं को सम्मानित किया है तथा समन्वय एवं सद्भाव की विरासत को आगे बढ़ाया है।

■ जन-समुदायों के शासकीय कार्यालयों तक चलकर आने की परम्परा में भी सुधार करते हुए हमने सभी क्षेत्रों में प्रशासन को जनता तक पहुंचने की व्यवस्था बनायी है।

■ हम केवल शहर बनाने में नहीं बल्कि शहर बसाने में भी विश्वास रखते हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी, नवा रायपुर को कांक्रीट के जंगल से बदलकर एक जीवंत आबाद शहर के रूप में बसाने के लिये हमारी सरकार बहुत तेजी से प्रयास कर रही है। नवा रायपुर की विविध योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये वर्ष 2021-22 के बजट मे 3 सौ 55 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## वर्ष 2020-21 का पुनरीक्षित एवं 2021-22 का बजट अनुमान

■ वर्ष 2020-21 में राजस्व प्राप्ति के बजट अनुमान 96 हजार 91 करोड़ की तुलना में पुनरीक्षित अनुमान 90 हजार 621 करोड है। राजस्व प्राप्तियों में होने वाली कमी को देखते हुये विभिन्न विभागों से समीक्षा उपरांत व्यय का बजट अनुमान 95 हजार 650 करोड़ से कम करके पुनरीक्षित अनुमान 91 हजार 482 करोड़ प्रस्तावित किया गया है।

■ वर्ष 2021-22 हेतु कुल राजस्व प्राप्तियां 79 हजार 325 करोड़ अनुमानित है।

■ इसमें राज्य का राजस्व 35 हजार करोड एवं केन्द्र से प्राप्त होने वाली राशि 44 हजार 352 करोड़ है।

■ वर्ष 2021-22 के लिए अनुमानित सकल व्यय 1 लाख 05 हजार 213 करोड़ का है। सकल व्यय से ऋणों की अदायगी एवं पुनर्प्राप्तियों को घटाने पर शुद्ध व्यय 97 हजार 106 करोड़ अनुमानित है। राजस्व व्यय 83 हजार 27 करोड़ एवं पूंजीगत व्यय 13 हजार 839 करोड़ है। वर्ष 2021-22 में पूंजीगत व्यय कुल व्यय का 14 प्रतिशत है।

■ प्रदेश में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विकास के लिए अनुसूचित जनजाति उपयोजना मद मे 34 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति उपयोजना मद में 13 प्रतिशत का बजट प्रावधान किया गया है।

■ वर्ष 2021-22 के बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिये 38 प्रतिशत, आर्थिक क्षेत्र के लिये 390प्रतिशत एवं सामान्य सेवा क्षेत्र के लिये 23 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

## राजकोषीय स्थिति

अध्यक्ष महोदय, कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु मार्च 2020 में लागू किये गये लॉकडाउन के कारण केन्द्र एवं राज्य दोनों के राजस्व प्राप्तियों में कमी को देखते हुये राज्य के स्वयं के राजस्व को बढ़ाने की दिशा में सक्रिय प्रयास किये गये हैं। आबकारी विभाग द्वारा लगाये गये विशेष आबकारी शुल्क, अतिरिक्त आबकारी शुल्क एवं गोठान शुल्क से लगभग 6 सौ करोड़ का अतिरिक्त राजस्व अपेक्षित है। जल संसाधन विभाग द्वारा जल कर की दरों में वृद्धि, राजस्व विभाग द्वारा पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर की दरों में वृद्धि तथा परिवहन विभाग द्वारा नये चेक पोस्ट की स्थापना संबंधी प्रयासों से राज्य के राजस्व प्राप्तियों में सुधार अनुमानित है।

राज्य के आय-व्यय को संतुलित रखने की दृष्टि से व्यय में मितव्ययिता के भी प्रयास किये गये हैं।

■ राज्य का सकल वित्तीय घाटा 17 हजार 461 करोड़ अनुमानित है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.56 प्रतिशत है।

■ वर्ष 2021-22 हेतु कुल प्राप्तियां 97 हजार 145 करोड़ के विरूद्ध शुद्ध व्यय 97 हजार 106 करोड़ अनुमानित है। इन वित्तीय संव्यवहारों के फलस्वरूप 39 करोड़ की बचत अनुमानित है।

■ वर्ष 2021-22 में 3 हजार 702 करोड़ का राजस्व घाटा अनुमानित है।

वर्ष 2021-22 का वार्षिक वित्तीय विवरण तथा अनुदान की मांगे **इन दो पंक्ति यों के साथ सदन के समक्ष प्रस्तुत हैः-**

**रास्ते की अड़चनों से, हम कभी डरते नहीं।**
**बात हो जब न्याय की, पीछे कभी हटते नहीं।।**

## वन आश्रितों को सहायता

■ पूर्व में निरस्त किये गये वन अधिकार मान्यता पत्रों की पुनः समीक्षा की जाकर 24 हजार 827 नये वन अधिकार पत्रों सहित अब तक 4 लाख 36 हजार 619 व्यक्ति गत वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है।

■ वन अधिकार पत्र धारी वनवासियों को भी किसानों के समान अधिकार देते हुए इस वर्ष किसान न्याय योजना का लाभ दिया गया है।

■ राज्य सरकार द्वारा विशेष पहल करते हुए पहली बार 2 हजार 175 सामुदायिक वन संधारण अधिकार ग्राम सभाओं को दिये गये हैं। सामुदायिक वन अधिकार पत्र के रूप में वितरित वन भूमि पर फलदार वृक्षों के रोपण को प्रोत्साहित किया जायेगा।

■ राज्य में 52 प्रकार के लघु वनोपज का मूल्य निर्धारित कर संग्रहण किया जा रहा है। चालू सीजन के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 112 करोड़ की लागत के 4 लाख 74 हजार क्विंटल लघु वनोपज का संग्रहण किया गया है। ट्राईफेड नई दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लघु वनोपज क्रय करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान है।

■ राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में कोदो, कुटकी एवं रागी को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अन्य लघु वनोपज की भांति उपार्जित किया जाएगा।

■ 12 लाख 50 हजार तेंदू पत्ता संग्राहक परिवारों को आकस्मिक मृत्यु अथवा दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'शहीद महेंद्र कर्मा तेंदू पत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना'' प्रारंभ की गई है। वर्ष 2021-22 के बजट में इस हेतु 13 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

■ विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित स्थानीय विकास कार्य क्रमों हेतु 359 करोड़ तथा आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु 170 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

# पहले ही नहीं चले पायलट प्रोजेक्ट, अब निखार के लिए करोड़ों का फिजूल खर्च

■ छात्रों और शिक्षकों को बांटी जानी है पुस्तकें, अब भी डंप हैं

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छठवीं से नौवीं तक के बच्चों के बुनियादी शिक्षा के गुणवत्ता की परख और सुधारने की कोशिशें लगातार विवादों से घिरती जा रही है। बीते साल प्रदेश के दर्जनों जिलों में चले बतौर पायलेट प्रोजेक्ट को उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल सकी। इसके इतर कोरोना की भेंट चढ़ चुके पूरे शिक्षा सत्र के आखिरी में स्कूल खुले बगैर एनजीओ के साथ निखार योजना की शुरुआत की गई है। शिक्षा गुणवत्ता के विवादित प्रयास में सरकारी खजाने का करोड़ों रुपये फूंककर बेसलाइन आंकलन, फाउंडेशन कैम्प, सहयोगात्मक शिक्षा और अंतिम आकलन के लिए छपी पुस्तकों को अब तक बच्चों और शिक्षकों तक पहुंचाना तो बहुत दूर मास्टर ट्रेनर्स तक को नहीं दिया जा सका है।

करोड़ों रुपए की किताबें जिला मिशन कार्यालय से जिलेभर के खण्ड स्त्रोत समन्वयकों तक भेजकर वितरण किया जाना था। सूत्रों के अनुसार किताबें अब तक राजनांदगांव बीआरसी कार्यालय में डम्प हैं। खबरों के अनुसार किताबों को प्रत्येक विकासखंड तक पहुंचाने परिवहन खर्च नहीं मिलने से विकासखंड के जिम्मेदार अमलों ने पुस्तकें ले जाने हाथ खड़े कर दिया है।

### किताबों में करोड़ों खर्च

गुणवत्ता लाने की गरज से एनजीओ के साथ मिलकर करोड़ों रुपये की किताब छपाई और प्रशिक्षण के नाम पर बेतहाशा खर्च के बाद किताबों की ढुलाई को लेकर मचे खींचतान से किताबों के अभाव में मात्र 46 दिन में योजना के तहत बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारने और स्तर के परीक्षण को पूरा कर लेने के अभियान को लेकर कई सवाल खड़े हो रहें हैं। सूत्रों के अनुसार निखार कार्यक्रम के तहत बच्चों के अधिगम क्षमता के विकास और उसके मूल्यांकन पूरे सत्रभर में चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत पूरा होना है।

### 6 पुस्तकों का बोझ

इसमे हिंदी,अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषयों में प्रत्येक विषय के चार चार पुस्तकों को मिलाकर16 पुस्तकें बच्चों के लिये और इतनी ही शिक्षकों के लिए संदर्शिका के अनुसार बच्चों का मूल्यांकन किया जाना है। इतने अधिक पुस्तकों का बोझिल अध्ययन और आंकलन की मोबाइल और ऑफलाइन से पूरी की जानेवाली प्रकिया बगैर किसी तैयारी और ठोस कार्ययोजना के चलते गुणवत्ता के चलाये जा रहे कथित अभियान को लेकर जिला मिशन कार्यालय फिर एक बार सुर्खियों में है। बीते पूरे एक सप्ताह तक सम्बंधित विषय शिक्षकों को विषयवार पहले प्रशिक्षण दिये जाने के बाद मूल्यांकन की योजना के इतर सीधे बच्चों के स्तर जांच के लिये जारी लिंक फेल हो जाने से पूरी योजना धरी रह गई।

# एबीवीपी की मांग भ्रष्टाचार के मामले में डीईओ पर दर्ज हो एफआईआर

## जानबूझकर गुणवत्ताहीन बर्तनों का स्कूलों में वितरण करवाना गलत

■ सवाल -अपने ही आदेश से आखिर क्यूं पलट गए डीईओ?

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




बगैर मांगपत्र के लाखों की बर्तन खरीदी के घोटाले को लेकर एबीवीपी ने आज प्रदर्शन किया। छात्र संगठन ने गुणवत्ताहीन बर्तनों की खरीद और वितरण के मामले में डीईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

दरअसल, स्कूलों में मध्याह्न भोजन के लिए संचालन स्व. सहायता समूह के माध्यम से कराया जाता है। भोजन बनाने व वितरण की व्यवस्था समूह के सदस्य देखते हैं। जरूरत के हिसाब से बर्तनों की खरीदी भी लोकल स्तर पर होती है। पर जिले में कोरोना संकटकाल के दौरान शिक्षा विभाग की ओर से बिना कोई मांगपत्र के बड़े पैमाने पर बर्तनों की खरीदी कर संकुलो में सप्लाई का आदेश दे दिया।

एबीवीपी नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि इन बर्तनों की खरीदी और सप्लाई तब की गई जब स्कुल बंद थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक स्कुल में 12 हजार रूपये तक के बर्तनों की सप्लाई की गई है। वहीं 20 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी ने मेसर्स क्रिस्टल महासमुंद को पत्र लिखकर यह कहते हैं कि आपके द्वारा सप्लाई की गई बर्तन गुणवत्ताहीन व मानक के अनुरूप नही है। अतः आप इसे वापस ले जा लिजिए। किन्तु इस सामाग्री को मेसर्स क्रिस्टल इण्डस्ट्रीज द्वारा वापस नही ले जाया गया और उस बर्तन को जिला शिक्षा अधिकारी ने 18 फरवरी को यह आदेश जारी करते हुए पत्र लिखते है कि सभी संकुलो में जो बर्तन मेसर्स क्रिस्टल इण्डस्ट्रीज द्वारा सप्लाई की गई है उसे दो दिवस के अंदर वितरण किया जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री चिन्टु सोनकर ने शासन पर यह सवाल उठाया की 20 अगस्त से 18 फरवरी की तिथि में उस बर्तन को मेसर्स क्रिस्टल इण्डस्ट्रीज द्वारा नही ले गया वह सामान ज्यो- का त्यों वही स्थान में था। तो ऐसा क्या जादुई परिवर्तन हो गया कि जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी को अपने ही ब्यान (कि आपका बर्तन मानक के अनुरूप एवं गुणवत्ताहीन है इसे आप वापस ले जाईये ) को बदलकर यह कहना पड़ा की इस बर्तन को दो दिवस के अन्दर वितरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि इससे और कुछ नही यह प्रतित होता है कि मेसर्स क्रिस्टल इण्डस्ट्रीज एवं जिला शिक्षा अधिकारी के बीच में करोड़ों रूपये की धांधली की गई है। उन सभी बर्तनो को जब एक जांच कमेटी द्वारा निरक्षण किया गया तो यह पाया गया कि गंज जिसे 3.150 किलोग्राम होना था। इसे ठेकादार ने 2.456 किलोग्राम भेजा है। कढ़ाई जिसे 5.500 किलोग्राम होना था किन्तु इसे ठेकेदार द्वारा 2.502 किलोग्राम भेजा गया। स्टील तगाड़ी 1.400 किलोग्राम देना था पर ठेकेदार ने 1.214 किलोग्राम ही सप्लाई की। उस कमेटी ने 20 अगस्त 2020 को बर्तन ले जाने का पत्र लिखा था।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर से आग्रह किया कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारीयो पर एफआईआर कर उचित कार्यवाही करे और प्रशासन को यह चेतावनी दी की यदि चार दिवस के अंतर्गत कार्यवाही नही की जाती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आने वाले समय मे विशाल आंनदोलन हेतु बाध्य होगी जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी । इसमें मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री चिन्टु सोनकर, नगर मंत्री कमलेश प्रजापती, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नम्रता वर्मा, प्रदीप झा, शशि साहू, आशीष सोरी, अंशिका यादव, राजकुमार सिंह सार्वा, चंदन साहू, थानेश्वर साहू, रोहित सिन्हा, निकिता, जया, नेहा, युभा, ट्विंकल, संध्या, तन्नु, कंचन, लक्ष्मी, आयुषमान सिंह, गगन साहू, विनोद कुमार, जगत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोक मंड़ई में उड़ी कोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां : दिनेश गांधी

## शासकीय आयोजन का किया गया कांग्रेसीकरण

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



एक ओर जिला प्रशासन गांव - गांव में पत्र भेजकर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने का संदेश देती है, पुलिस प्रशासन अभियान चलाकर जिले भर में बिना मास्क वालों का चालान काटती है, तो दूसरी ओर हजारों की संख्या में एकत्रित भीड़ वाले लोक मंड़ई कार्यक्रम को खुली छूट देती है। जबकि देश में सर्वाधिक कोरोना संक्रमण वाले महाराष्ट्र राज्य की सीमा यहां से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है। कोरोना संक्रमण काल में भीड़भाड़ वाले कार्यक्रम की अनुमति देने की जिला भाजपा के महामंत्री दिनेश गांधी ने तीव्र निंदा की है।

एक विज्ञप्ति में गांधी ने कांग्रेस शासनकाल में शासकीय कार्यक्रमों के कांग्रेसीकरण की घोर निंदा करते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रत्येक शासकीय कार्यक्रमों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बराबर सम्मान दिया जाता था। वहां पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी की सम्बद्धता नहीं देखा जाता था। इसलिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव के अलावा जिले भर के कार्यक्रमों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों को बतौर अतिथि बुलाया जाता था, आमंत्रण कार्ड में विशेष रूप से नाम लिखा जाता था। लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आते ही लोकतंत्र व प्रजातंत्र की मान्य परंपराओं को दरकिनार करने तथा ढहाने का पूरा इंतजाम कर दिया है।

गांधी ने कहा कि जिले के निर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय सहित जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू की पूरी तरह से कार्यक्रम में उपेक्षा की गई, जो घोर निंदनीय है। गांधी ने कहा सत्ता का आना और जाना एक सामान्य सी प्रक्रिया है, किन्तु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान पक्ष और विपक्ष में सदा एकसमान रहता है। विशेषकर जिला प्रशासन को अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के प्रति समभाव रखना जरूरी है, किंतु पिछले दिनों सम्पन्न हुए लोक मंड़ई कार्यक्रम में, जिसका आयोजन स्वयं जिला प्रशासन ने किया उसमें निर्वाचित सांसद को नहीं बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### लोक संस्कृति व लोक परंपरा की दुहाई बेमानी

गांधी ने कहा कि लोक मंड़ई में प्रदेश के मुखिया सहित आयोजकगणों ने लोक संस्कृति, लोक परंपरा आदि की जमकर दुहाई दी है, लेकिन आयोजन में न तो लोक परंपराओं का ध्यान रखा गया और न ही संस्कारधानी के रूप में अपनी पहचान बना चुके राजनांदगांव के नाम का। श्री गांधी ने मुख्यमंत्री द्वारा लोक मंड़ई में किये गये एकमात्र घोषणा को भी आमजनता के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को उनसे अपार अपेक्षा थी, जिस पर भी मुख्यमंत्री खरा नहीं उतर पाये।

### आयोजन स्थल से धान परिवहन में ही फूंक दिये लाखों

जिला भाजपा के महामंत्री दिनेश गांधी ने कहा कि लालबहादुरनगर में पर्याप्त स्थान होने के बाद भी क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू की जिद् के कारण लोक मंड़ई का कार्यक्रम लालबहादुर नगर से अन्यत्र स्थान पर किया गया।

# राजनांदगांव की कामता, नेहा और डोली अब दिखेगी वर्दी में



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पुलिस भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें कई जिलों के युवक, युवती सहित पहली बार थर्ड जेंडर समुदाय को भी हिस्सा लेने का मौका मिला था। इसमें राजनांदगांव जिले के तीन थर्ड जेंडर का चयन पुलिस भर्ती में हुआ है।

जिनकों आपने कभी अपनी आजीविका के लिए ताली बाजार कर तथा घर- घर जाकर आपकी खुशियों में नाचते गाते देखा था। अब वही थर्ड जेंडर आपको पुलिस विभाग में अपनी सेवा देते नजर आएंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने पुलिस भर्ती पत्र में थर्ड जेंडर का कामल देने के बाद थर्ड जेंडरों द्वारा भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन किया। कड़ी मेहनत की और लगन से पुलिस भर्ती की बौद्धिक, शारीरिक परीक्षा पास की और पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम में राज्य भर से थर्ड जेंडर समुदायक के 15 लोगों का चयन हुआ1 थर्ड जेंडर समुदायक के लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार और गृह विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष विद्या राजपूत ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी ।. वहीं राजनांदगांव से चयनित कामता, नेहा और डोली ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# व्यापारी एकता पैनल का चुनाव कार्यालय उद्घाटित



**राजनांदगांव।** चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव 2021 के मद्देनजर व्यापारी एकता पेनल के चुनाव कार्यालय का गंज लाइन स्थित सेंट्रल बैंक के सामने विधिवत उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन खूबचंद पारख एवं मह्नुमल मोटलानी के करकमलों से शरद चितलांगिया, भीमन धनवानी ,ज्ञानचंद बाफना एवं विनोद डड्डा तथा चुनाव प्रभारी रूपचन्द भीमनानी की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए खूबचंद पारख ने कहा कि विगत कई वर्षों से व्यापारियों की सेवा में चेंबर ऑफ कॉमर्स सतत लगा हुआ है। कई संगठन इस चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े हुए हैं सभी को साथ लेकर चलने वाले इस संगठन में परिवर्तन सतत प्रक्रिया होती है। हर वर्ष नए पदाधिकारियों को मौका दिया जाता है, ताकि व्यापारी हित में निर्णय लिया जा सके। कार्यक्रम में शरद चितलांगिया ने कहा कि आप सभी व्यापारियों की शक्ति के कारण ही मैंने 9 वर्षों तक आप सभी की सेवा की और अब नए लोगों को मौका देते हुए हमने स्थान छोड़ा है। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर उपाध्यक्ष पद के दावेदार हसमुख भाई रायचा एवं मंत्री पद के दावेदार अमर लालवानी ने भी अपने विचार रखे।

# "गढ़बो नवा छत्तीसगढ़" के संकल्प को पूरा करने वाला बजट : हेमा देशमुख

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने छ.ग. सरकार के बजट पर कहा कि यह बेहतर वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक संतुलन और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के संकल्प की स्पष्ट छाप दिखाने वाला जन कल्याकारी बजट है और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है।

महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पत्रकारों की दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान कर चौथे स्तम्भ के प्रति अपना सकारात्मक व मानवीय दृष्टिकोण दिखाया है। इसी प्रकार स्वच्छता दीदीयों के मानदेय में 1 हजार रूपये की वृद्धि कर 5 हजार से 6 हजार कर उनको आर्थिक सम्बल प्रदान किया गया है। साथ ही नगरीय निकायों को राहत देने के लिये अधोसंरचना विकास के लिये 482 करोड तथा जल आर्वधन योजना के लिये 120 करोड का प्रावधान रखा गया है तथा अमृत मिशन योजना के लिये 220 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। कौशल्या मातृत्व योजना के तहत दूसरी बच्ची होने पर 5 हजार रूपये का प्रावधान किया गया है।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बजट में प्रतिक्रया व्यक्त करते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जो चालू वित्त वर्ष में 52 नए खोले गए हैं उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रस्तावित बजट 2021-22 में 119 नए (स्वामी आत्मानंद) अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का प्रावधान किया गया है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ सिंचाई के लिए बड़े बांध सहित वर्तमान सिंचाई परियोजनाओं व प्रशासनिक सुविधा बढ़ाने के लिए 11 नई तहसीलों और 5 नए अनुविभागों का प्रावधान बजट में किया गया है। शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लीनिक, सरकारी पैथोलॉजी लैब सहित छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण के लिए संग्रहालय, छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति के विकास और छत्तीसगढ़िया कलाकारों को प्रोत्साहन देने का प्रावधान भी बजट प्रस्ताव में रखा गया है। बस्तर टाइगर के नाम से सुदूर बस्तर के युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती के नये अवसर के साथ ही नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। महापौर देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन बनाते हुए छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के संकल्प को प्रमाणित करता है।

# चेयरमेन बघेल, पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल ने लगावाई वैक्सीन



**राजनांदगांव।** जिले में कोविड-19 टीकाकरण के द्वितीय चरण का शुभारंभ सोमवार से शुरू हो गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सचिन बघेल और राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने क्रिश्चियन अस्पताल पहुंचकर कोविड-19 का टीका लगवाया। टीकाकरण के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में कोविड टीकाकरण निःशुल्क तथा निजी अस्पताल यूनाइटेड हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ ईएनटी केयर अस्पताल भरकापारा एवं किश्चयन फेलोशिप हॉस्पिटल पीटीएस में 250 रुपए का चार्ज लिया जा रहा है। यह टीका शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को कोविड टीकाकरण लगाया जा रहा है। यह टीकाकरण निर्धारित समय से शाम 5 बजे तक किया गया। कोविड-2.0 टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल कुमरे एवं जिला सलाहकार आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव ने रविवार को चयनित निजी अस्पताल का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिए थे।

## अम्बागढ़ चौकी में बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाया गया संयुक्त अभियान

# 3 लाख 17 हजार रूपये की गई वसूल, 72 बकायेदारों के कनेक्शन काटे

■ 8 उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 व 138 के तहत की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में स्थानीय स्तर पर गठित अधिकारियों की संयुक्त टीमों द्वारा अम्बागढ़ चौकी के चिल्हाटी, आमाटोला, हज्जूटोला, हाथीकन्हार, कौड़ीकसा, बांधाबाजार में बकाया वसूली अभियान चलाकर 38 बकायादार उपभोक्ताओं से 03 लाख 17 हजार रूपए की बकाया राशि वसूल की गई है तथा बकाया राशि भुगतान नहीं करने वाले 72 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन भी विच्छेदित किये गए। मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि लंबित देयकों का अविलंब भुगतान करें, ताकि विद्युत कनेक्शन विच्छेदन जैसी अप्रिय स्थिति का सामना ना करना पड़े।

### बिजली चोरी भी पकड़ी

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता बीरबल कुमार उइके ने बताया कि स्थानीय स्तर पर गठित सहायक एवं कनिश्ठ अभियंताओं की टीमों ने 06 उपभोक्त ाओं को बिजली चोरी एवं 02 उपभोक्त ाओं को विद्युत मीटर से छेड़छाड करते हुए पकड़ा। जिस पर संयुक्त टीमों द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 138 के तहत कार्यवाही की गई।

### सजा का प्रावधान है

बिजली से जुड़े अपराध के संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 136, 137 एवं 138 के तहत मामले दर्ज किये जाते हैं। इसमें धारा 135 में बिजली चोरी, धारा 136 में बिजली लाइनों एवं सामग्री की चोरी, धारा 137 में चुराई गई संपत्ति प्राप्त करने के लिए दण्ड और धारा 138 में विद्युत मीटरों से छेड़छाड़ के मामले दर्ज होते है। विद्युत अधिनियम 2003 के तहत दर्ज मामलों में तीन वर्ष का कारावास या जुर्माना दोनों लगाया जाता है।

# बजट से सभी वर्ग निराश होंगे : गीता घासी साहू

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम बजट पेश किया हैं जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ का आम बजट हर वर्ग के लिए निराशाजनक है। लोगों को जनहितकारी कामों में निराशा मिली है।



विकास कार्यों को पूरी तरीके से ग्रहण लग चुका है। प्रदेश की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हालत हो गई हैं। युवा वर्ग के लोगों को भटकना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिलाओं के विकास के लिए सरकार ने ध्यान नहीं रखा। हर वर्ग के लिए आम बजट निराशजनक हैं। शासन की योजनाएं का लाभ आम जनता को बजट में नहीं मिल पाएगी।

# धड़ल्ले से चल रही है ओवर लोड गाड़ियां जनता को जान का जोखिम : शमसुल



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने सहायक जिला परिवहन अधिकारी के नाम ओवर लोड चल रही गाड़ियों पर कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौपा। शमसुल ने कहा जिले के ग्राम के सड़कों पर भारी वाहन निषेध है उस पर भी धड़ल्ले से चल रही है हाइवा जिससे सड़क की हालत जर्जर तो हो ही रही है ग्रामीणों के उप्पर मौत भी मंडरा रही है। साथ ही साथ शहर में ज्यादा मात्रा में दो पहिया वाहन चलते हैं तो शहर में भी हर घड़ी दुर्घटना होती है व संभावनाएं भी बनी रहती है। माफिया को अपनी कमाई के चलते किसी की जान की परवाह नही है। शमसुल को जान से मारने की भी धमकी मिल चुकी है, परिवहन अधिकारियों ने आस्वस्त करवाया है कि जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर बिलाल सोलिन खान , लक्की साहू, वैभव देवांगन के साथ वार्डवासी उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद से परेशान व्यक्ति ने खुद के ऊपर केरोसिन उड़ेल कर लगा ली आग

**रायगढ़।** बरमकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डभरा में उस वक्त सनसनी फैल गई। जब गांव के 50 वर्षीय व्यक्ति हरिलाल पिता हीरालाल ने पारिवारिक विवाद के चलते खुद के ऊपर केरोसिन उड़ेल कर आग लगा आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना रविवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार के लोगों के द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई। जहां 112 में तैनात आरक्षक शैलेंद्र पैंकरा व 112 के चालक मनोज दास ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और आहत को सीएससी बरमकेला पहुंचाया जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## राजस्व अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**रायगढ़।** कलेक्टोरेट सृजन सभाकक्ष में रविवार को राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी टीसी महावर ने अपने मार्गदर्शन उद्बोधन में कहा कि राजस्व अधिकारी प्रशासन की नींव होते है। राजस्व अधिकारियों का कार्य नागरिकों से सीधे तौर पर जुड़ा होता है। अतरू उनसे अपने कार्यों में पूरी सजगता व गंभीरता की अपेक्षा की जाती है।

## कलेक्टर भीम सिंह सहित नौ आईएएस हुए पदोन्नत

**रायगढ़।** राज्य सरकार ने 2008 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों को संयुक्त सचिव से विशेष सचिव बनाया गया है। इस आशय का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी कर दिया गया है। रायगढ़ के कलेक्टर, आइएएस भीम सिंह को भी इस सूची में स्थान मिला है। वे फिलहाल रायगढ़ के कलेक्टर बने रहेंगे।

# पढ़ाई तुहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई नई योजनाओं में पढ़ई तुंहर दुआर के साथ कई बहुत सारी योजनाएं सामने आ रही हैं,जो बच्चों के अध्यापन से जुड़ने को तैयार हैं,चाहे वह सरल कार्यक्रम तथा निखार के रूप में हो अथवा अंगना म शिक्षा के रूप में इनका मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके सीखने के प्रतिफल के स्तर तक पहुंचने का आकलन करना है,जहां अभी शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक और पूर्व प्राथमिक स्तर पर सरल और निखार के कार्यक्रम संचालित होने को तैयार हैं,उसी में अध्यापन के सबसे प्रथम स्तर अर्थात आंगनबाड़ी एवं कक्षा पहली के बच्चों हेतु छूट रही योजनाओं को पूर्ण करने के लिए अंगना में शिक्षा की शुरुआत छत्तीसगढ़ की कुछ महिला शिक्षिकाओं के द्वारा की गई है,जिनका मुख्य उद्देश्य है इन छोटे बच्चों को घर में उनकी माताओं के माध्यम से ही सीखने हेतु प्रोत्साहित करना,जहां सिखाने वाली एवं आकलन करने वाली उनकी मां ही होगी। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के संबंध में पूरे राज्य में संभाग स्तरीय कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं, बिलासपुर संभाग का नेतृत्व करते हुए सीमा मिश्रा एवं सावित्री सेन ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि हमारे संभाग में 6 जिले बिलासपुर ,मुंगेली ,कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा तथा गौरेला पेंड्रा मरवाही के सभी विकासखंड स्तरीय स्व प्रेरित महिला शिक्षिकाओं को शामिल कर इसका शानदार आगाज हुआ है सेन ने बताया कि दिनांक 27/फर/2021 को कोरबा जिले के बिंझरा स्कूल में 46 माताओं ने बहुत उत्साह से कार्यक्रम को देखा और अपने बच्चो को सीखने हेतु तैयार हो गए है। कोरबा जिले में एक ही दिन में लगभग 12 से 15 कार्यक्रम हुए है ।सभी जिलों में भी प्रतिदिन 5 से 6 कार्यक्रम अपने पूर्ण जोर शोर से आयोजित हो रहे है, एक बड़े स्तर पर कोरोना काल में सारे सुरक्षा गाइडलाइन का पालन करते हुए आयोजन रखे जा रहे है,आज हम अपने लक्ष्य के आंकड़े को छूने लगे हैं और शायद इसका कारण यह है कि सभी यह समझने लगे हैं कि हमारी प्राथमिक कक्षाएं छूटते जा रहे थे। विगत 1 वर्षों से इन बच्चों के अध्यापन के प्रति कोई जागरूकता नजर नहीं आने के कारण ही इसे प्रारंभ किया गया है ,क्योंकि नई शिक्षा नीति का प्रारूप एक सही कदम के रूप में बच्चों की शुरुआती देख-रेख और शिक्षा के महत्व पर ?ार देता है। साथ ही, यह प्राथमिक स्तर पर बुनियादी साक्षरता व गणितीय क्षमता को अविलम्ब दुरुस्त करने की जरूरत को रेखांकित करता है ङ्क वह स्तर जो आज सीखने के संकट से जूझ रहा है। इस कार्यक्रम की बिलासपुर संभाग प्रभारी सीमा मिश्रा ने बताया कि 2005 से साल दर साल एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट्स (असर) इस बात को लगातार उजागर करती आ रही है कि बच्चों के पढ़ने और गणित करने की क्षमता का स्तर चिंताजनक रूप से नीचे है। पंद्रह साल पहले, ग्रामीण भारत के पाँचवीं कक्षा के करीब आधे बच्चे कक्षा 2 के स्तर का पाठ नहीं पड़ पाते थे,साल 2018 तक यह आँकड़ा करीब-करीब जस का तस था,अगर थोड़ा-बहुत बदलाव आया भी तो 2010 के बाद कुछ समय के लिए स्थितियाँ थोड़ी और बदतर हो गई,स्पष्ट है कि ये निष्कर्ष न केवल बच्चों की स्कूली उपलब्धियों की दयनीयता का खुलासा करते हैं बल्कि इस बात का भी अनुमान देते हैं कि जब ये बच्चे उच्च प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में पहुँचेंगे तो किस हाल में बच्चे कक्षाओं में आगे बढाते हुए बेशक सीखते हैं, लेकिन सीखने का उनका ग्राफ समय के सापेक्ष सपाट रहता है।आज तक, शिक्षा नीति से जुड़ किसी भी दस्तावेज में इतनी मजबूती के साथ और अत्यावश्यक बताते हुए इस मुद्दे को नहीं उठाया गया कि सीखने की बुनियाद पर तत्काल ध्यान देना क्यों जरूरी है। किसी समस्या को पहचानना, स्वीकार करना और समझना, उसके हल की राह निकालने के आवश्यक चरण हैं। इसी के आधार पर नई शिक्षा नीति 2020 में जो बदलाव शिक्षा जगत के लिए किए गए हैं। वह एक मजबूत ढांचे के रूप में भविष्य में नजर आ रहे हैं ।




इस पूरे प्रयासों में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से महिला शिक्षिकाएं अपनी ओर से कुछ शुरुआत करने का प्रयास किए हैं और यह प्रयास काफी सराहनीय लग रहा है,बिलासपुर संभाग के अंतर्गत सभी जिलों और विकास खंडों में अंगना म शिक्षा का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। प्राथमिक शाला इसे अपने स्तर पर आयोजन करने हेतु स्वयं से प्रेरित हुई है और आवश्यकतानुसार शिक्षा अधिकारियों तथा परियोजना अधिकारियों द्वारा भी उन्हें इस हेतु सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## महिला अग्रवाल संगठन की अनिता मोहन बनी प्रदेश महामंत्री

**प्रांतीय महिला संगठन की अध्यक्षा गंगा अग्रवाल की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष नेतराम ने की नियुक्ति**



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन का विस्तार करते हुए महिला संगठन की अध्यक्षा गंगा अग्रवाल की अनुशंसा पर अग्र अलंकरण की संयोजिका डॉक्टर अनिता मोहन लाल अग्रवाल को महिला संगठन की प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौपने की घोषणा छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने कुर्सीपार भिलाई अग्रसेन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में की। उक्त आशय की जानकारी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन अशोक अग्रवाल ने देते हुये बताया कि डॉ अनीता अग्रवाल के सहयोग से प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन संगठन छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र में कीर्तिमान एक नया आयाम स्थापित करेंगी,राष्ट्रीय कार्य करिणी अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, संरक्षक के के अग्रवाल पूर्व डिप्टी कमिश्नर दुर्ग, के के अग्रवाल पूर्व डीआईजी रेलवे, प्रांतीय कार्य कारिणी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, अशोक मोदी जी कोरबा व सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए राम राज्य की स्थापना में सभी की सक्रिय सहभागिता का विश्वास जताया है।

## चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सूने मकान का दरवाजा तोड़ लॉकर में रखे ज्यूलरी, अन्य समानों की चोरी करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे,जिसके खिलाफ अपराध कायम कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है ।नेहरू नगर निवासी मनीषा सालोमान क्रिसमस त्योहार मनाने अपने मायका महासमुंद चली गई थी, मकान में ताला लगाकर कर पति भोपाल चले गये । 02.जन 2021 के सुबह करीब 6 बजे मकान मालिक गोपाल दुबे ने उन्हे फोन से सूचना देकर बताये कि आपके कमरा के दरवाजा खुला हुआ है, चोरी होने की संभावना व घर के अंदर समान फैला हुआ है सूचना पाकर महिला महासमुंद से वापस आकर अपने घर में देखी,जो रात्रि 02.जन.2021 को 12 बजे से 4 बजे के बीच मे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मकान के दरवाजे का कब्जा तोडकर दरवाजा हटाकर कमरे अंदर घुसे और लाकर को खोलकर अंदर रखा एक मंगल सूत्र सोना का जिसमें काला मोती का माला पिरोया हैं वजन करीब डेढ तोला है, गला का एक नेकलेस वजन करीब 2 तोला, कलाई का एक ब्रेसलेट सोना का वजन करीब 9 ग्राम 2 नग मोबाईल सैमसंग एवं एम आई कंपनी का बिना सीम वाला. मोती का नग करीब 10 नग, व अन्य पत्थर को किसी अज्ञात चोर द्वारा की करीबन 01 लाख रू को चोरी कर ले जाने की प्रार्थीया के रिपोर्ट पर थाना सि ला में अप क 10/2021 धारा 457,380 भादवि कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया चोरी के रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध पजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण सदर में विवचेना के दौरान थाना रामनगर जिला गोंदिया महाराष्ट्र से सूचना मिला कि, थाना रामनगर जिला गोदिया महाराष्ट्र के अलावा बिलासपुर नेहरू नगर में गिर आरोपीयान उमेशचदं मिश्रा उर्फ राहुल मिश्रा, अनिल बोरकर व अक्षय कुमार गुप्ता के द्वारा 01-फर.2021 के रात्रि चोरी करने का कबूल किया है की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल अतिश पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप नगर पुलिस अधीक्षक आर एन यादव निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देश पर पुलिस टीम थाना रामनगर जिला गोदिया महाराष्ट्र जाकर आरोपीयो के संबंध जानकारी ली गयी पता चला कि चोरी के मामले में आरोपी भंडारा जेल महाराष्ट्र बंद हाने से आरोपियों को प्रोटेक्शन वारट मे लिया गया पूछताछ में आरोपीयो ने प्रार्थीया के घर चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपियों से चोरी कि एक मोबा अमेरिकन डायमंड कीमत मोती बरामद किया गया है। पप्पू विजय दयानी जो चोरी के मंगलसूत्र खरीददार का पतासाजी किया गया जो घटना के बाद फरार पाया गया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक संजय बरेठ स उ नि मोहन साहू, प्र आर चन्द्रकान्त डहरिया, आर प्रदीप साहू, रंजीत खाण्डे, जितेन्द्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## सहायक शिक्षक एल बी करेंगे 12 मार्च को विधानसभा घेराव- तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

प्रदेश में कार्यरत109000 सहायक शिक्षक एल बी जो कि वेतन विसंगति से पीड़ित हैं जो कि 10 वर्षों से अधिक समय से एक ही पद पर कार्यरत हैं जिन्हें पदोन्नति का लाभ या अवसर प्राप्त नहीं हुआ है वे सभी छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के नेतृत्व में आगामी 12 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का घेराव करेंगे। पूर्व में 21 फरवरी को प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को या उनके प्रतिनिधियों को उक्त संबंध में समहोदय के नाम से ज्ञापन सह मांगपत्र दिया गया था और निवेदन किया गया था कि हमारी वेतन विसंगति के मांगों पर सरकार एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं करेगी तो हम सभी सहायक शिक्षक एल बी आगामी समम में विधानसभा का घेराव करेंगे। प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से चर्चा उपरांत छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने उक्त विधानसभा घेराव की तिथि की घोषणा की। फेडरेशन के प्रदेश संगठन सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत ब्याख्याता एल बी और शिक्षक एल बी के वेतन में बहुत कम अंतर है जबकि शिक्षक एल बी और सहायक शिक्षक एल बी के वेतन में भारी अंतर या विसंगति है। जिला अध्यक्ष भोलाशंकर साहू ने अपने वक्त व्य में कहा कि वर्ष 1998 से अनेक सहायक शिक्षक एल बी एक ही पद पर पदस्थ हैं उनकी भी पदोन्नति नहीं हुई है, वे भी शोषित हैं। सक्ती शैक्षणिक जिला से इस विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए प्रदेश संयुक्त सचिव इंदु यादव, जिला अध्यक्ष भोलाशंकर साहू, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शशि कला उरांव, जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ अजय सिंह सिदार ,जिला संयोजक अलेख सारथी, राधेश्याम चंद्रा ,जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा, गिरिजा शंकर दिनेश, रजनी सिदार, महेंद्र कुर्रे, जिला सचिव परस राम निषाद, जिला कोषाध्यक्ष बंशी लाल उरांव, जिला महासचिव धनेश्वर साहू , शशिकांत राउतराय , मीडिया प्रभारी लक्ष्मी यादव, प्रवक्त । ओंकार पटेल, ब्लाक अध्यक्ष डभरा दीलिप सूर्यवंशी, म.प्रकोष्ठ सविता श्रीवास, सक्ती उदय सिंह सिदार, म.प्रकोष्ठ दिब्या शुक्ला, मालखरौदा नवल किशोर यादव, म.प्रकोष्ठ अहिल्या जगत, जैजैपुर राजकुमार चंद्रा आदि पदाधिकारी सक्रिय हैं।

## हाटी, बेहरामार जंगलों में हाथियों का दल पहुंचा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ वन मंडल के हाटी, बेहरामार जंगल में 19 हाथियों का दल एक साथ विचरण कर रहा है। वहीं जंगली हाथियों के इस दल में पांच नर,11 मादा सहित तीन बच्चें भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इतनी संख्या में हाथियों के इस दल की खबर रविवार तड़के हुई। जंगली हाथियों की आमद के बाद फारेस्ट विभाग आसपास के गांव में मुनादी कराना उचित समझा और ना ही इन जंगली हाथियों के दल का निरीक्षण करने का उनके पास समय है। इस मामले में हाटी वनरक्षक यमकुमार राठिया बताया कि हाथियों का ये दल सुबह देखा गया है। इसके अलावा आमापाली, क्रोन्धा, चैनपुर के आसपास भी एक नर तथा एक मादा हाथी देखा गया जो आसपास के जंगलों में रुका हुआ है। जंगली हाथी के आमद की खबर के बाद हाथी प्रभावित इन क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है। पिछले कुछ महीनों में जहां इंसानों ने हाथियों की आमद का भुगतान अपनों को खोकर भुगता है तो वहीं जंगली हाथियों ने भी जान गंवाई है। ऐसे में जंगली हाथी तथा इंसान दोनों को खतरा है।



### गेरसा में देखा गया 4 नर व 4 मादा हथनी सहित 4 बच्चे

इसी म में गेरसा के जंगल मे भी बीते दिन एक साथ 4 नर, 4 मादा और 4 छोटे बच्चे हाथी विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा कोयलार के जंगलों में एक नर हाथी, कुमरता पश्चिम के जंगल में दो नर तथा दो मादा हाथियों को देखा गया तो वहीं कुमरता पूर्व की ओर एक नर एक मादा तथा अलोला के जंगल में एक नर एक मादा हाथियों का जोड़ा विचरण कर रहा है। फिलहाल अभी तक कहीं से भी किसी तरह के अनहोनी होने की घटना सामने नहीं आई है।

## कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने तीन ब्लैक और छः ग्रे-स्पॉट्स चिन्हांकित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय की अध्यक्षता में आज सोमवार को यहां जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के निज सहायक किर्तन शुक्ला, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., एसडीएम विनय सोनी, संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार, डिप्टीकलेक्टर संदीप ठाकुर, डीएसपी बी.आर. मंडावी, जिला परिवहन अधिकारी सीएल देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी महिलांगे, सिविल सर्जन एसके तिवारी, लोक निर्माण विभाग के जिला कार्यपालन अभियंता,एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग एसके सुर्यवंशी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कबीरधाम जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय सड़क मार्ग और राज्यकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। पिछले वर्ष हुए सड़क दुर्घटनों के सतत निगरानी, मॉनिटिंरग के रिपोर्ट के आधार पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वर्ष 2021 के लिए तीन ब्लैक स्पॉट्स और छः ग्रे-स्पॉट्स का चिन्हांकन किया गया। चिन्हांकित ब्लेक स्पॉट्स में दुल्लापुर से रानी सागर तक, पुलिस चौकी के सामने दशरंपुर से पंचायत भवन तक और पाण्डातराई के समीप गंडई चौक से फोंक नदी पुल के आगे तक शामिल है। इसी प्रकार छः ग्रे-स्पॉट्स के लिए कवर्धा नगर पालिका के भीतर मिनी माता चौक से भोरमदेव मार्ग, साई मंदिर के सामने से राजनांदगांव तिराहा तक, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल से सिंघनपुरी पेट्रोल पंप तक पिपरिया के बालाजी पेट्रोल पंप से बस स्टेण्ड इंदौरी तक, पंडरिया के एसडीओपी कार्यालय के सामने से अभिजित पेट्रोल पंप तक और लोहारा के बिडोरा चौक को चिन्हांकित कर संयुक्त विभागीय समन्व से इन क्षेत्रों में सडक दुर्घटना में कमी लाने के लिए कार्ययाजना बनाए जाएंगे। चिन्हांकि इस क्षेत्रों में दुर्घटना जन्य क्षेत्र और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों के समन्वय से सुधार कार्य और सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्णय लिया गया है। बैठक में इसके अलावा कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के भीतर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर रोकने के लिए मिनीमाता चौक,रानी दुर्गावती चौक को और अधिक सुगम और बेहतर बनाने के लिए चौक की चौड़ाई कम करते हुए घेरा छोटा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिले के प्रमुख मार्गों में लगे सांकेतिक बोर्ड सही करने और सड़क किनारे उगे छोटे पौधों की साफ-सफाई करने पर चर्चा की गई।

सांसद पांडेय ने नगर पलिका अध्यक्ष शर्मा के प्रस्ताव पर सहमति देते हुए मुख्यमार्ग, मुख्य बाजारों में दुकानों के सामान सड़कों पर सजाने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करने कहा। साथ ही शहर के अंदर व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शॉपिंग मॉल अथवा अन्य मॉल जहां पार्किंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन वहां वर्तमान में उनका उपयोग नहीं किया जा रहा है, ऐसे मालिकों को समझईश देते हुए पार्किंग की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए कहा है। सांसद पांडेय ने कहा कि शहर के भीतर लगातार मुख्यमार्गों पर अवैध रूप से ठेला, गुमठियां और दुकानें लगाई जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटना होने की आंशका बनी रहती है।

### विभागीय समन्वय से सड़क दुर्घटना में आई कमी

संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में जिले के पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2018 और 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में सड़क दुर्घटना में कमी आई है। हालांकि इस कमी का कारण कोविड 19 कोरोना वायरस के सं मण को रोकने लिए लगाई गई लॉकडाउन भी एक प्रमुख कारण है, जिसकी वजह से लोगों को सड़ कों पर निकलना कम हो गया था। उन्होने बताया कि वर्ष 2018 में सड़क दुर्घटना के 343 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिसमें से 134 लोगों की मृत्यु हुई है और घायलों की संख्या 466 है। इसी प्रकार वर्ष 2019 में 314 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें मृतकों की संख्या 119 और घायलों की संख्या 367 है। जबकि वर्ष 2020 में सड़क दुर्घटना कमी आई है, जिसमें 285 प्रकरण दर्ज किए है, जिसमें 36 लोगों की मृत्यु और 309 लोग घायल हुए। उन्होने बताया कि जिले में पिछले वर्ष हुए सड़क दुर्घटनों के सतत निगरानी, मॉनिटिंरग के रिपोर्ट के आधार पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वर्ष 2021 के लिए तीन ब्लैक स्पॉट्स और छः ग्रे-स्पॉट्स का चिन्हांकन किया गया। इससे पहले जिले में सात ब्लेक स्पॉट्स थे, चिन्हांकित ब्लॅक स्पॉट्स स्थल को संबंधित विभागों के समन्व से सुधार किया गया है, जिसके परिणाम मूलक सड़क दुर्घटनाओं में कमी है।

**फ्लाइट उतरते ही लोगों ने गर्म जोशी के साथ किया स्वागत**

## बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का विधिवत हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सोमवार 1 मार्च 2021 की तिथि इतिहास में दर्ज हो गई। बिलासपुर के इतिहास में हमेशा से यह तिथि स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी। जिस दिन बिलासपुर की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई और चकरभाटा के बिलासा देवी केंवट हवाई पट्टी पर पहली फ्लाइट दिल्ली से जबलपुर होते हुए बिलासपुर पहुंची।

यात्रियों के अलावा बिलासपुर की जनता में भी इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पूरे आयोजन का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से भी बातचीत की। बिलासपुर में हवाई सेवा की मांग ऐसे तो कई दशकों से की जा रही थी लेकिन साल 2016 से इस पर काम शुरू हुआ। पूर्व सरकार और मौजूदा सरकार के साथ केंद्र सरकार की पहल से आखिरकार इतने सालों बाद चकरभाटा एयरपोर्ट से विमान सेवा की शुरुआत मुमकिन हो पायी।

एक दौर था जब कहा जा रहा था कि बिलासपुर से हवाई सेवा सफल नहीं रहेगी और यहां से पर्याप्त यात्री नहीं मिलेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। पहले ही दिन पूरे टिकट कुछ ही देर में बिक गए। बिलासपुर को पहले 2 सी लाइसेंस 2018 को ही प्राप्त हो गया था लेकिन बाद में 3 सी लाइसेंस के लिए कोशिश की गई। 3 सी और 4 सी लाइसेंस की मांग को लेकर हवाई सेवा जन सुविधा संघर्ष समिति के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता, इसीलिए उद्घाटन समारोह में संघर्ष समिति के सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। सोमवार दोपहर को बिलासा देवी केवट हवाई अड्डे से आरम्भ होने वाले हवाई सेवा का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी वर्चुअल तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर के प्रतिवेदन के पास एक शार्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर औपचारिक रूप से हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कुछ यात्रियों से बातचीत भी की। अपने संबोधन में उन्होंने इसे यादगार सौगात बताया और कहा कि इससे बिलासपुर की चौमुखी प्रगति होगी। एलाइंस एयरलाइन का विमान जब यहां पहुंचा दो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास और जन आकांक्षा के अनुरूप हवाई सेवा आरंभ होने में पत्रकार कमल दुबे के योगदान को भी कभी नहीं भुलाया जा सकता। दोपहर 3.20 जबलपुर से यात्रियों को लेकर पहला विमान बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में उतरा आज शाम 4=15 प्रयाग राज से यात्रियों को लेकर दूसरा विमान उतरेगा। इस दौरान एयरपोर्ट में काफी संख्या में शहर के विशिष्ट नागरिक उपस्थिति रहे।

## बाराद्वार नेशनल हाईवे में ट्रक बोलेरो की भिड़ंत में तीन की मौत दो घायल



**सक्ती।** सक्ति से बाराद्वार मार्ग पर पुलिस थाना बाराद्वार के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में 28 फरवरी को एक ट्रक व बोलेरो के बीच भिड़ंत हो गई, इस दुर्घटना में बोलेरो में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई,वही दो अन्य लोगों को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है, उक्त दुर्घटना ट्रक ड्राइवर की लापरवाही के चलते होना बताया जा रहा है, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और मृतकों के शव को पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है, ज्ञात हो कि बोलेरो में पांच व्यक्ति सवार थे, जिनमें से 3 की मौके पर ही मौत हो गई, वही दो का उपचार अब भी जारी है, बताया जा रहा है कि घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र की है।

## भूपेश ने पेश की तीसरा बजट

**तखतपुर नेवरा में बनेगा नया आईटीआई बनेगा, मरवाही में होगा नया सबडिवीजन**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को विधानसभा में 2021- 22 के लिए अपना बजट पेश किया। सरकार में आने के बाद यह उनका तीसरा बजट था इस बजट में बिलासपुर। इलाके के लिए सीपत में नई तहसील की घोषणा की गई है। तखतपुर के नेवरा में नया आईटीआई बनेगा। इसी तरह मरवाही में नया सबडिवीजन बनाने की भी घोषणा की गई है। बिलासपुर नगर निगम में शामिल किए गए नए गांव में पेयजल की व्यवस्था के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है।भूपेश सरकार के बजट में छत्तीसगढ़ के लिए 11 नई तहसीलों की घोषणा की गई है। जिसमें बिलासपुर के सीपत सहित जांजगीर-चांपा जिले के सारा गांव, नांदघाट, सुहेला ,बिहार पुर ,चांदो ,रघुनाथपुर ,सरिया ,छाल, अजगर बहार ,बरपाली शामिल है। इसी तरह पांच नए अनु विभागों का गठन किया जा रहा है। जिसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही सहित लोहंडीगुड़ा ,भैयाथान, पाली और तोकापाल शामिल है। शिक्षा के क्षेत्र में नए आईटीआई स्थापित करने की घोषणा की गई है। जिसमें तखतपुर के नेवरा में आईटीआई मे नया आईटीआई बनाया जाएगा। भूपेश बघेल ने शहरी विकास मद से बिलासपुर नगर निगम में शामिल किए गए नए गांवों में पेयजल सुविधा बढ़ाने के लिए भी प्रावधान किए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में प्रदेश के हवाई सुविधाओं के विस्तार की भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने बिलासपुर के बिलासा देवी केवट चकरभाटा हवाई अड्डे का भी नाम लिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस हवाई अड्डे का विस्तार किया है।

# अपनी नाकामियों का दोष केंद्र को देकर जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते हैं भूपेश : रमन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार पर प्रश्न उठाए जाने पर कहा कि भूपेश सरकार के बजट में कहीं भी छत्तीसगढ़ को नई दिशा देने वाला कोई प्रावधान नहीं दिखाई देता है। बार-बार अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश में लगे मुख्यमंत्री यह भूल गए कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोनाकाल जैसी विपरीत परिस्थिति में से निकाल कर देश को कैसे पुनः ऊंचाइयों पर ले जाया जाता है यह कर दिखाया है।



आज इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड ने भारत की विकास दर को 13.5 प्रतिशत होने का संकेत दिया है जो विश्व में किसी भी देश में सर्वाधिक है। विपरीत परिस्थितियों में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन वितरित किया। 3 करोड़ लोगों को निशुल्क कोरोना वैक्सीन और अब 45 व 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए निशुल्क कोरोना वैक्सीनेशन की व्यवस्था कर यह बता दिया है कि देश में अगर किसी के पास नेतृत्व क्षमता है तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ही है। मोदी सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 7 हजार करोड़ रुपए दिए, 6 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किया। भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का नाम बदल का यह बजट बनाया है। वनवासी समुदाय के लिए बड़ी-बड़ी बातें की लेकिन प्रदेश की इस 32 प्रतिशत आबादी के लिए बजट में केवल 170 करोड़ का प्रावधान किया है। बोधघाट परियोजना व निशुल्क कोरोना वैक्सीन देने तक का जिक्र तक इस बजट में नहीं किया गया। यह बजट निराशाजनक है।पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल सदैव केंद्र को उपदेश देकर अपनी जिम्मेदारियों से बचने जनता की भावनाओं से खेलते हैं और यह दिखावा ज्यादा दिन नहीं टिक सकता है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को अपने अंदर झांकने की आवश्यकता है ताकि समय रहते सुधार आए और प्रदेश का भला हो सके।

## बजट निराशाजनक, विकास विरोधी : बृजमोहन अग्रवाल

भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश 2021-22 के बजट को निराशाजनक, विकाश विरोधी बताते हुए कहा कि यह खाओ-पीयो-उधार लेकर छत्तीसगढ़ को कर्जदार बनाओ बजट है। इस बजट में किसान, मजदूर, युवा, महिला, बेरोजगार, शासकीय सेवक किसी के लिए कुछ नहीं है। यह बजट छत्तीसगढ़ के धरातल पर कोई परिवर्तन नहीं ला सकता। बजट की सबसे बड़ी राशि 355 करोड़ नया राजधानी को मुख्यमंत्री, मंत्री, राज्यपाल निवास व विधानसभा के लिए दी गई जिससे टेंडर-टेंडर व भ्रष्टाचार का खेल हो। एक शब्द में यह बजट ''थोथा चना-बाजे घना'' को चरितार्थ कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि भारी भरकम लगभग 86 प्रतिशत के राजस्व व्यय व ऊंट के मुंह में जीरा के समान लगभग 14 प्रतिशत से कम पूंजीगत व्यय सरकार की असफलता व छत्तीसगढ़ को बिमारू राज्य बनाने का आईना दिखा रहा है। सरकारी योजनाएं एवं विकास कार्य सिर्फ और सिर्फ होल्डिंग में रहेगी। बजट सरकार का विजन डॉक्यूमेंट होता है पर यह बजट छूट का पुलिंदा है। भलाई का नहीं झूठे प्रचार का बजट है।



अग्रवाल ने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश के 56 लाख गरीबों से नीजि अस्पताल में ईलाज का उनका हक छिन लिया। गरीबों से उनके पक्के मकान, छत व घर का सपना छिन लिया। ईलाज व आवास के लिए बजट में नया कुछ नहीं है। यह सरकार हिन्दी स्कूलों के उत्थान के बजाय अंग्रेजी को छ.ग. की राजभाषा बनाने पर तुल गई है। इस बजट का हर पन्ना आंकड़ों की झूठी कहानी बया करती है। अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र के उपर निर्भर पूरी तरह केन्द्राषित बजट है। प्रदेश का घटता बजट देखकर यह तो प्रमाणित हो गया कि प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर ढकेल दिया गया है।

## बेहतर वित्तीय प्रबंधन, समग्र विकास के संकल्प की स्पष्ट छाप है बजट प्रस्ताव में

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन और प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भूपेश बघेल सरकार के द्वारा प्रस्तुत तीसरे बजट में छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब, किसान, मजदूर, गोपालकों, आदिवासी, महिला, युवाओं के साथ ही सर्वहारा वर्ग के समग्र विकास के लिए समुचित प्रावधान हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बजट प्रस्ताव में सामाजिक संतुलन को भी विशेष महत्व दिया है। 1, 2, 3, 4, 5, 6, इन 6 सूत्रों को अपने बजट के केंद्र में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ'' के संकल्प को नई ऊंचाई देने का ऐलान आज के इस बजट में किया है।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन और प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि समग्र विकास बजट में शामिल योजनाओं का आधार है। एजुकेशन के क्षेत्र में ''स्वामी आत्मानंद'' अंग्रेजी माध्यम स्कूल जो चालू वित्त वर्ष में 52 नए खोले गए हैं उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रस्तावित बजट 2021-22 में 119 नए ''(स्वामी आत्मानंद)'' अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के साथ-साथ 14 नये महाविद्यालय और आईटीआई खोलने के प्रावधान किए गए है। 15 महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रम और पीजी की कक्षायें भी आरंभ करने का प्रावधान है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ सिंचाई के लिए बड़े बांध सहित वर्तमान सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव, नालों के संरक्षण और संवर्धन कर किसानों के





खेत तक पानी और खेतों तक धरसा सड़क/पहुंच मार्ग की व्यवस्था बजट में की गयी है। ग्रागीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं के विकास के साथ नई राजधानी में बसाहट के लिए फोर्स प्रबंध इस बजट में शामिल है। चौथे बिंदु गवर्नेंस अर्थात प्रशासनिक सुविधा बढ़ाने के लिए 11 नई तहसीलों और 5 नए अनुविभागों का प्रावधान बजट में किया गया है। हेल्थ के अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ स्कीम, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लीनिक, सरकारी पैथोलॉजी लैब में सुविधा और इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना, समस्त जिला और ब्लॉक के अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के साथ-साथ 9 मेडिकल कॉलेजों में वायरोलेब की स्थापना के प्रावधान है। चंदूलाल चंद्राकर निजी चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण का भी प्रावधान बजट में किया गया है। छठवें क्रम में ट्रांसफॉरमेशन अर्थात छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण के लिए संग्रहालय, छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति के विकास और छत्तीसगढ़िया कलाकारों को प्रोत्साहन देने का प्रावधान भी बजट प्रस्ताव में रखा गया है।

### छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन और प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि चालू वर्ष 2020-21 में महामारी के कारण राजस्व प्राप्तियों में कमी के बावजूद अपेक्षित राजकोषीय घाटा 4.5 अनुमानित है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। लगातार जीएसटी का कलेक्शन बड़ा है। कृषि, उद्योग और सर्विस तीनों प्रमुख सेक्टरों में जहां राष्ट्रीय वृद्धि दर 3.38, -9.57, -8.77 है, वहीं छत्तीसगढ़ में मशः 1.3 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 9.25 प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। जहां देश में प्रति व्यक्ति आय में 5.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, वहीं छत्तीसगढ़ में यह गिरावट मात्र 0.14 प्रतिशत है। सकल घरेलू उत्पाद राष्ट्रीय औसत की तुलना में राज्य की वृद्धि 1 प्रतिशत अधिक है, जो कि भूपेश बघेल सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन और बेहतर वित्तीय अनुशासन का प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन और प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ वनोपजों के संग्रहण में भी देश में नंबर वन स्थान पर पहुंच गया है। 7 के स्थान पर 52 लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इमली, आंवला, चिरौंजी, शहद सहित वनोपजो, कृषि उत्पाद, खादी, कोसा, बेल मेटल, कास्ट शिल्प और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए 'सी मार्ट' के नाम पर एक ब्रांड स्थापित कर छत्तीसगढ़ के उत्पादों को बड़ा बाजार देने का प्रावधान इस बजट में किया गया है।

## द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर महिलाओं को 5,000 की सहायता देने का स्वागत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट का स्वागत करते हुए राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः का बजट है। राज्य सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रदेश में 119 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलने से गरीब माता-पिता के सपने को साकार भूपेश बघेल की सरकार कर रही है। बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेंगे। तीन कन्या महाविद्यालय खोलने का भी स्वागत महिला कांग्रेस ने किया है। राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतना अच्छा बजट एक छत्तीसगढ़िया सरकार ही ला सकती है जो छत्तीसगढ़ की मूल संरचना को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ी कला, शिल्प, वनोपज, कृषि एवं अन्य सभी प्रकार के उत्पादों तथा व्यंजनों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के लिए सी-मार्ट स्टोर की स्थापना से सभी लाभान्वित होगें। शहरों में पौनी पसारी योजना के समान ग्रामीण क्षेत्रों में रूरल इण्डस्ट्रियल पार्क की स्थापना मत्स्य पालन को कृषि के समान दर्जा दिया जायेगा जो कि बहुत ही स्वागत योग्य घोषणा है।,द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर कौशल्या मातृत्व योजना अंतर्गत महिलाओं को 5,000 की एकमुश्त सहायता से महिलाएं खुश है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना हेतु 13 करोड़ का प्रावधान किया है जिसमें माताओं एवं बहनों को और अधिक से अधिक उपचार का सुविधा मिल पायेगा। राज्य सरकार के बजट में मातृ शक्ति का विशेष धन्यवाद रखा गया जिसके लिये सभी बहनों की तरफ से मैं छत्तीसगढ़ के मुखिया का बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।



## गांव गरीब और किसान का रखा गया ध्यान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम और वरिष्ठ प्रवक्ता एवं आर्थिक विशेषज्ञ रमेश वर्ल्यानी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तीसरे बजट को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की मुख्य थीम पर आधारित बजट गांव, गरीब और किसान के साथ समाज के सभी वर्गों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस सरकार शुरू से ही कटिबद्ध रही है और इसकी झलक लगातार हर साल के बजट में दिखलाई पड़ रही है। सरकार किसानों से धान की खरीदी 2500 प्रति क्विंटल की दर से किए जाने के वायदे पर लगातार खरी उतरी है। हमने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ, अंतर की राशि राजीव न्याय योजना के माध्यम से किसानों को देकर उनके आर्थिक आधार की मजबूती प्रदान की है। गोधन न्याय योजना भी इसी दिशा में ऐतिहासिक कदम है। गांव की क्रय शक्ति बढ़ाने का ही परिणाम है कि शहर के व्यापार, उद्योग में बढ़ोतरी हुई। परिणामस्वरूप देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र ऐसा राज्य रहा जिसने कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ को आर्थिक मंदी से बचाए रखा। नेताद्वय ने कहा कि ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन के लिए सरकार जहां रूलर इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना करने का निर्णय लिया है, वहीं परंपरागत ग्रामीण व्यवसायिक कौशल को पुनर्जीवित करने के लिए तेलघानी, चर्म शिल्पकार, लौह शिल्पकार एवं रजककार, विकास बोर्ड गठित करने का फैसला किया। कृषि एवं वनोपज आधारित उत्पाद शिल्प के विक्रय के लिए ''सी मार्ट'' स्टोर की स्थापना कर उन्हें नई पहचान देने का काम किया है।





## अरिंदम गोस्वामी ने राज्य के बजट की सराहना की

पश्चिमी भारत के क्षेत्रीय परिषद सदस्य (इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय परिषद सदस्य अरिंदम गोस्वामी ने राज्य के बजट की सराहना की है और कहा है कि बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था और उद्योग को बढ़ावा देगा। अरिंदम गोस्वामी ने अपने बयान में कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए अपनी गहरी रुचि दिखाई है। राज्य सरकार ने 119 इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने के लिए धन आवंटित किया है। स्वास्थ्य अधोसंरचना में सुधार किया जा रहा है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए धन आवंटित किया है।

## विजन रहित बजट : साय

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश छत्तीसगढ़ के बजट को निराशाजनक करार दिया हैं। उन्होंने कहा कि बजट भाषण के दौरान किसी भी लिहाज से लग ही नहीं रहा था कि यह छत्तीसगढ़ राज्य का बजट हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस प्रकार से बजट में प्रावधानों की घोषणा कर रहे थे उसे देख कर लग रहा था मानो मुख्यमंत्री बघेल किसी नगर निगम या नगर पालिका का बजट पेश कर रहे थे। साय ने बजट को छत्तीसगढ़ के विकास में बाधक व विजन रहित करार दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ बीते 2 वर्षों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आर्थिक रूप से खोखला हो चुका हैं। प्रदेश में कर्ज लेकर घी पीने वाली सरकार ने छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया हैं जिसका उदाहरण आज पेश किए गए बजट में साफ साफदेखने मिला। साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा हैं कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का दावा करने वाले सीएम बघेल को बताना चाहिए कि कैसे गढ़ेंगे नवा छत्तीसगढ़? ऐसे विजन रहित दिशाहीन बजट से यदि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ गढ़ने चले हैं तो वे समझ ले छत्तीसगढ़ की जनता और आने वालों पीढ़ी कांग्रेस को माफ नहीं करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि बजट देख कर लगता हैं की लोकलुभावन वादा कर सत्ता में काबिज कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य बनाने का निर्णय ले लिया हैं। बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों के लिए कोई ठोस नीति नजर नहीं आती। रोजगार, बेरोजगारी भत्ता पर कोई ठोस निर्णय नहीं दिखता। किसानों को किस्तों में ठगनें वाली सरकार के रवैये और नीति में कोई बदलाव नजर नहीं आता। शराबबंदी का वादा कर सरकार में आयी कांग्रेस के राज में जब तीसरा बजट आता हैं तो आबकारी से आय में 600 करोड़ की वृद्धि की बात होती हैं यह कांग्रेस की कथनी और करनी का फर्क हैं। कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सरकार की लापरवाही के चलते लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते डराने वाले मौत के आंकड़ों के बाद सरकार के बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निराशाजनक कदम प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता हैं। पूरा विश्व, भारत सरकार सहित देश के तमाम राज्य जहां कोरोना के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में लगे हैं वहीं छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी की दिशा में ठोस प्रयास कर पाने में विफल रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का बजट उद्योग, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्टर, रोजगार, शिक्षा, मूलभूत सुविधा, महिला, बुजुर्ग, किसान, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, आदिवासी क्षेत्रों के विकास, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास, सिंचाई, आवास हर मोर्चे पर निराशाजनक रहा हैं।




## सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित बजट : घनश्याम तिवारी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने राज्य के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना तीसरा बजट प्रस्तुत करते हुए यह साबित कर दिया की गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना जो उन्होंने 2 साल पूर्व रखी थी वह साकार हो रहा है। बजट में शहरी भूमि पर काबिज गरीबों को पट्टा दिये जाने का निर्णय, गरीब हितैषी भूपेश सरकार का जीवंत प्रमाण है, बजट प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के उत्थान को समर्पित है। प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशहीत की दूरगामी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री है, छत्तीसगढ़ उत्पादक राज्य है, संभावनाओं का प्रदेश है जिसे बेहतर रूप से संवारने का कार्य किया जा रहा है, आज उसी का परिणाम है कि, कोरोनाकाल से उपजे हालातो एवं देश में आर्थिक मंदी के बावजूद छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने मात्र दो वर्ष में अपने जनहितकारी योजनाओं के चलते आर्थिक तौर मजबूती से खड़ी हुई है।



## प्रदेश सरकार की बजट में न चिंतन है न ही मंथन है : मुंदडा

छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन मुंदडा ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास में औद्योगिक विकास की जरूरत होती है लेकिन प्रदेश सरकार के इस बजट में औद्योगिक विकास पर कभी भी चर्चा नही है। औद्योगिक विकास के लिये बजट को लेकर चिंता नही किये जाने से औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा हाथ लगी है। इस कोरोना काल के बाद औद्योगिक विकास के ठोस नीति बनाने जरूरत है। ताकी स्वरोजगार का सृजन हो सके। लेकिन कही भी इस पर जोर नही दिया गया है। इस बजट में न तो चिंतन है न ही मंथन है। उन्होंने कहा कि बजट के पर हर वर्ग की समग्र चिंता होनी थी लेकिन आमजनों की हित की चर्चा पूरे बजट में नही है। जिस से विकास को लेकर कार्य करने की जरूरत है उसकी छवि बजट पर देखी जा सकती है। परन्तु राज्य सरकार ने बजट में कही भी विकास को प्राथमिकता नही दिया है।



## पत्रकारों की दुर्घटना जन्य मौत पर 5 लाख की सहायता, प्रेस क्लब ने सीएम का आभार जताया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वधानसभा में प्रस्तुत करते हुए राज्य के पत्रकारों की दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर उनके परिजन को 5 लाख रुपये की सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की है । रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू आम्बेडारे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस घोषणा का स्वागत करते हुए उनकाआभार जताया है। विधानसभा में बजट प्रस्तुति के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामू आम्बेडारे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्रकारों के प्रति उनकी सहृदयता एवम संवेदनशील कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे पीड़ित परिजनों मदद मिलेगी । गौरतलब है कि भूपेश बघेल की नेतृत्व में बनी सरकार ने पत्रकार सहायता कल्याण कोष से पत्रकारों के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि दिए जाने के प्रावधान को बढ़ाकर 2 लाख रुपये किया था। आज पत्रकारों के हक में मुख्यमंत्री ने एक बड़ी घोषणा की है,जिसके तहत दुर्घटना से मौत होने पर पत्रकार के परिजनों को 5 लाख रुपये की मदद छत्तीसगढ़ सरकार करेगी प्रेस क्लब रायपुर के अध्यक्ष दामू आम्बेडारे ने इस मौके पर मुख्यमंत्री से मीडिया से जुड़े लोगों की कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान यदि किसी दुर्घटनावश मौत होती है, तो उनके परिजनों के भरण-पोषण के लिए परिवार के एक सदस्य को उसकी योग्यता के अनुसार शासकीय सेवा में रखे जाने की भी मांग की।



## आम बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिया

# कांग्रेसियों ने सराहा, भाजपाइयों ने कहा जनता के साथ छलावा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुखिया ने कोरोना काल मे सत्र 21-22 का बजट पेश किया जिसको लेकर लोगो मे अलग अलग राय देखी जा रही है एक तरफ जहा कांग्रेस इस बजट को लेकर काफी आश्वस्त नजर आ रही है वही विपक्ष में बैठी भाजपा ने इस बजट को सिरे से नकार दिया है। महिला सशक्तिकरण के लिये ठोस प्रयास नहीं -भाजपा महिला जिलाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा, कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट निराशाजनक रहा है। जिले के अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्गों के लिए बजट में उचित व्यवस्था नही किसानों और बेरोजगारो के लिये बतज निराशा जनक रहा,, , बजट में शराबबंदी के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए है।

**मुंगेली के साथ किया गया सौतेला व्यवहार** -पूर्व जनपद अध्यक्ष तरूण खाण्डेकर ने कहा कि सीएम द्वारा प्रस्तुत यह बजट काफी निराशाजनक बजट है। कर्ज माफी के नाम पर किसानों के साथ राज्य शासन द्वारा वादा खिलाफी की गई है। प्रस्तुत किए गए बजट में जिले को कोई सौगात न देकर जिले के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। जिससे लोगों में निराशा है।

**गांव-गरीब, किसान होंगें खुशहाल** -प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अशोक सोनवानी ने कहा कि संतुलित बजट है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों को ध्यान में रखकर नरवा, गरूवा, घुरूवा अउ बारी को विकसित करने से किसान वर्ग को राहत पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। बजट से गांव-गरीब और किसान खुशहाल होगे।

**किसानों की आय बढ़ाने वाला बजट** -नगरपालिकाउपाध्यक्ष अरविन्द वैष्णव



ने कहा कि शासन द्वारा प्रस्तुत यह बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। किसानों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। किसानों की आय को बढाने तथा राहत देने वाला बजट है। मुंख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत यह बजट छात्र, किसान तथा आमजन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

**किसानों के लिए हितकारी बजट** -ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि बजट आम आदमी को राहत देने वाला बजट कहा जा सकता है। कृषि के साथ-साथ शिक्षा का बढ़ावा देने वाला यह बजट संतुलित बजट कहा जा सकता है। किसानों का हित देखते हुए कर्जमाफी, 2500 रूपए में धान खरीदी के साथ ही सिंचाई कर माफी का प्रावधान किया गया है।

**अनियमित कर्मचारियों को मिली निराशा** -नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर ने कहा कि बजट निराशाजनक बजट बनकर रह गया है। जिले के लिए बजट में कुछ न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्ण कर्जमाफी का वादा करने वाली कांग्रेस की नई सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी किया है। अनियमित कर्मचारियों को बजट से निराशा हाथ लगी है।

**सर्वांगीण विकास वाला बजट** -प्रदेश सचिव प्रदेशकांग्रेस कमेटी हेमेंन्द्र गोस्वामी बजट को संतुलितबजट बताते हुए कहा कि बजट सर्वांगीण विकास का बजट बताया। सीएम भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। कृषि प्रधान प्रदेश में किसानों के हित के लिए प्रस्तुत यह बजट विकासमुखी संतुलित है।

**व्यापारियों का नहीं रखा गया ध्यान** -चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष प्रेम आर्य ने कहा कि यह बजट लोकलुभावना बजट है। बजट में व्यापारियों का ध्यान नहीं रखा गया है। जबकि बजट में अनियमित एवं शासकीय कर्मचारियों की उपेक्षा की गई है। वहीं किसान वर्ग को कर्ज माफी व स्थानीय बेरोजगारों को आयु सीमा में छूट का लाभ मिलेगा और बेरोजगारी दूर होगी।

**छत्तीसगढ़िया सीएम का मिला फायदा** -जिला कांग्रेस अध्यक्ष सागर सिह ने कहा कि बजट का स्वागत है। उन्होंने कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की कल्पना इस बजट में मूरत रूप लेने लगी है इसमें दो महत्वपूर्ण बाते है। पहला किसानों का कर्ज माफी और दूसरा फसल की अच्छी कीमत। अब किसानों के अच्छे दिन आऐंगे, छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढिया सीएम बनने का फायदा मिला।

**कागजी बजट जिले के लिए कुछ नहीं** -पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक ने कहा कि बजट पूरी तरह कागजी लग रहा है। विगत कई सालों में इतना निराशाजनक बजट देखने को नहीं मिला था। बड़ी-बड़ी घोषणाएं और वादे चुनाव के समय किए थे, इस बजट में मुंगेली के लिए कुछ नहीं है।

**वादों का पिटारा नहीं यकीन का दिया बजट** - जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा कि लोक कल्याण कारी यह बजट सभी वर्गों एवं गाव शहर के विकास को ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया गया है साथ ही सरकार में अब ऐसे लोग पहुंच गए है, जो किसानों और गांव की चिंता कर रहे है, इतने सालों में पहली बार किसानों पर केंद्रित बजट है। वादों का पिटारा नहीं वरन् हकीकत की जमीन पर यकीन का बजट है।

**बेरोजगारी भत्ताल व पुलिस कर्मी को भूले** -पूर्वएल्डरमेन दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि आज के बजटमें महिलाओं के लिए कुछ खास प्रावधान नहीं है। बेरोजगारी भत्ता और पुलिस कर्मियों की छुट्टी की भी बात बजट से नदारद है। सपने दिखाए हकीकत में नदारद -चीनू नवांगांव सरपंच नीतेश भारद्वाज ने कहा कि बजट में वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन की बात नहींकी गयी हे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403